# समवेत शिखर

36 वां स्थापना वर्ष

वर्ष-36 अंक-350 | रायपुर, रविवार 10 मई 2026 | पृष्ठ : 08, मूल्य : 2.50 रुपए, ई-पेपर: samvetshikhar.com


## फर्स्ट कालम

### पीएम मोदी आज गुजरात जायेंगे, सोमनाथ अमृत महोत्सव में होंगे शामिल

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी रविवार से दो दिन के गुजरात दौरे पर जायेंगे, जहां वह सोमनाथ मंदिर में 'सोमनाथ अमृत महोत्सव' में भाग लेंगे। श्री मोदी रविवार देर रात गुजरात के जामनगर पहुंचेंगे और सोमवार को सुबह सोमनाथ मंदिर में सोमनाथ अमृत महोत्सव में भाग लेंगे। इसके बाद वह वडोदरा जाएंगे, जहां वह लगभग शाम छह बजे सरदारधाम हॉस्टल का उद्घाटन करेंगे।

### रिटायर्ड लेफ्टिनेंट जनरल एनएस राजा सुब्रमणि नए सीडीएस होंगे

**नई दिल्ली।** लेफ्टिनेंट जनरल एन एस राजा सुब्रमणि (सेवानिवृत्त)



को प्रमुख रक्षा अध्यक्ष (सीडीएस) और वाइस एडमिरल कृष्ण स्वामीनाथन को नया सेना प्रमुख नियुक्त किया गया है। रक्षा मंत्रालय ने सशस्त्र बलों में इन महत्वपूर्ण नियुक्तियों की शनिवार सुबह घोषणा की। लेफ्टिनेंट जनरल राजा सब्रमणि जनरल अनिल चौहान का स्थान लेंगे जिनका 30 मई को कार्यकाल पूरा हो रहा है जबकि वाइस एडमिरल स्वामीनाथन एडमिरल दिनेश के त्रिपाठी की जगह नौसेना प्रमुख की जिम्मेदारी संभालेंगे जो 31 मई को सेवा निवृत हो रहे हैं।

### दिल्ली में आतंकी हमले का अलर्ट

**नई दिल्ली।** इंटेलिजेंस एजेंसियों ने दिल्ली में आतंकी हमले का अलर्ट जारी किया है। न्यूज एजेंसी पीटीआई ने सूत्रों के आधार पर यह जानकारी दी है। एजेंसी के मुताबिक, भाजपा मुख्यालय और आसपास की सरकारी इमारतों की सुरक्षा कड़ी कर दी गई है। एजेंसियों को शक है कि दीन दयाल उपाध्याय मार्ग स्थित कार्यालयों को आत्मघाती हमलों, कार ब्लास्ट, गोलीबारी या आईईडी के जरिए निशाना बनाया जा सकता है। किसी भी खतरे को टालने के लिए सुरक्षा बलों ने निगरानी और एहतियाती कदम बढ़ा दिए हैं।

### अमेरिका में रनवे पर इंसान से टकराया विमान, इंजन में आग लगी, 231 लोग सवार थे

**वाशिंगटन।** अमेरिका के डेनवर इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर शुक्रवार रात बड़ा हादसा हो गया। फ्रंटियर एयरलाइंस का एक विमान टेकऑफ के दौरान रनवे पर मौजूद एक पैदल व्यक्ति से टकरा गया। हादसे के बाद विमान के इंजन में आग लग गई और यात्रियों को तुरंत बाहर निकालना पड़ा। एयरपोर्ट प्रशासन के अनुसार, यह विमान डेनवर से लॉस एंजिलिस जा रहा था। हादसा रात करीब 11-19 बजे हुआ। पायलट ने एयर ट्रैफिक कंट्रोल को बताया, हम रनवे पर रुक रहे हैं। हमने किसी को टक्कर मार दी है।

### योगी ने राज्यपाल से की मुलाकात, आज शाम हो सकता है मंत्रिमंडल विस्तार

**लखनऊ।** सीएम योगी आदित्यनाथ ने जनभवन पहुंचकर राज्यपाल आनंदीबेन पटेल से मुलाकात की। इसके साथ ही मंत्रिमंडल विस्तार को लेकर सरगर्मियां तेज हो गई हैं। बताया जा रहा है कि रविवार शाम तीन बजे मंत्रिमंडल विस्तार हो सकता है।

**दिलीप घोष, अग्निमित्रा पॉल, अशोक कीर्तनिया, क्षुदीराम टूडू, निषिथ प्रमाणिक मंत्री बने**

# सुवेंदु अधिकारी ने ली मुख्यमंत्री पद की शपथ, ब्रिगेड परेड ग्राउंड में उमड़ा जनसैलाब



**कोलकाता (ए)।** सुवेंदु अधिकारी शनिवार को पश्चिम बंगाल में बीजेपी के पहले मुख्यमंत्री बन गए। सुवेंदु ने बांग्ला में ईश्वर के नाम की शपथ ली। शपथ के बाद उन्होंने प्रधानमंत्री को झुककर प्रणाम किया। सुवेंदु के साथ 5 और विधायकों ने मंत्री पद की शपथ ली। इनमें दिलीप घोष, अग्निमित्रा पॉल, अशोक कीर्तनिया, क्षुदीराम टूडू और निषिथ प्रमाणिक शामिल रहे। कार्यक्रम में पीएम मोदी, गृहमंत्री अमित शाह, राजनाथ सिंह, नितिन गडकरी, शिवराज सिंह चौहान समेत कई केंद्रीय मंत्री मौजूद थे। एनडीए और बीजेपी शासित राज्यों के 20 मुख्यमंत्री भी कार्यक्रम में पहुंचे। रोड शो करते हुए कार्यक्रम में पहुंचे, मंच पर रवींद्रनाथ टैगोर को उनकी जयंती पर श्रद्धांजलि दी। इसके बाद वे भाजपा के 98 साल के कार्यकर्ता माखनलाल सरकार के पास गए, उन्हें शॉल ओढ़ाया और पैर छुए।



### पीएम मोदी का विनम्र अंदाज, बंगाल की जनता को किया दंडवत प्रणाम

शपथ ग्रहण समारोह के अलावा, कोलकाता के ब्रिगेड परेड ग्राउंड में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का दर्शकों के प्रति किया गया हावभाव चर्चा का मुख्य विषय बन गया। गहरी कृतज्ञता व्यक्त करते हुए, प्रधानमंत्री ने भीड़ के सामने पूरी तरह से सिर झुकाया, इस भाव ने ऐतिहासिक आयोजन के लिए एकत्रित हजारों लोगों के मन पर गहरा प्रभाव डाला। इसके अलावा, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पश्चिम बंगाल में एक सार्वजनिक कार्यक्रम के दौरान भाजपा के वरिष्ठतम कार्यकर्ताओं में से एक, अनुभवी भाजपा कार्यकर्ता मक्खनलाल सरकार का आशीर्वाद लिया। 98 वर्ष की आयु में भी, सरकार स्वतंत्रतोत्तर भारत में राष्ट्रवादी आंदोलन से जुड़े शुरुआती जमीनी स्तर के नेताओं में से एक हैं। यह समारोह उस दिन आयोजित हुआ जो बंगाली पंचांग के अनुसार गुरुदेव रवींद्रनाथ टैगोर की जयंती के साथ संयोगवश और भी महत्वपूर्ण हो गया। इस भव्य समारोह में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और कई केंद्रीय मंत्रिमंडल मंत्री उपस्थित थे।

### मुख्यमंत्री साय ने पश्चिम बंगाल के नए सीएम सुवेंदु अधिकारी को दी बधाई



**रायपुर/कोलकाता।** पश्चिम बंगाल की राजनीति में आज एक ऐतिहासिक अध्याय जुड़ गया, जब श्री सुवेंदु अधिकारी ने पश्चिम बंगाल के मुख्यमंत्री पद की शपथ ली। लंबे समय से परिवर्तन की प्रतीक्षा कर रही जनता की आशाओं को नई दिशा मिली और पश्चिम बंगाल में सत्ता परिवर्तन का सपना साकार हुआ। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय ने कोलकाता पहुंचकर पश्चिम बंगाल के मुख्यमंत्री श्री सुवेंदु अधिकारी से शिष्टाचार भेंट की। मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय ने पश्चिम बंगाल के मुख्यमंत्री श्री सुवेंदु अधिकारी सहित शपथ लेने वाले सभी मंत्रिपरिषद सदस्यों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए उनके सफल कार्यकाल की कामना की। मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय ने कहा कि यह जनादेश केवल सरकार बदलने का नहीं, बल्कि पश्चिम बंगाल में विकास, सुशासन और नई कार्यसंस्कृति की स्थापना का जनसंकल्प है। मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय ने विश्वास व्यक्त किया कि आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के दूरदर्शी नेतृत्व और डबल इंजन सरकार की शक्ति से पश्चिम बंगाल विकास की नई ऊंचाइयों को प्राप्त करेगा।

# आज सुबह 10 बजे विजय का शपथग्रहण राज्यपाल ने दिया सरकार बनाने का न्योता

### 108 एमएलए वाली टीवीके को 5 पार्टियों का समर्थन



**चेन्नई (ए)।** तमिलनाडु में टीवीके चीफ सी. जोसेफ विजय रविवार को राज्य के 9वें मुख्यमंत्री पद की शपथ लेंगे। चेन्नई के जवाहरलाल नेहरू इंडोर स्टेडियम में नई सरकार का शपथ ग्रहण समारोह सुबह 10 बजे से होगा। विजय ने शनिवार को राज्यपाल राजेंद्र विश्वनाथ आर्लेकर से लोकभवन में मुलाकात की और सरकार बनाने के लिए 121 विधायकों का समर्थन पत्र सौंपा। बहुमत साबित करने के लिए 118 विधायकों की जरूरत थी। 4 मई को आए चुनाव परिणाम में विजय की पार्टी को सबसे ज्यादा 108 सीटें मिली थीं। लेकिन यह बहुमत से 10 कम थीं। टीवीके को कांग्रेस के 5, सीपीआई और सीपीआई (एम) के 2-2 विधायकों का समर्थन 8 मई तक मिल चुका था।

टीवीके के पास विजय की दो सीटों सहित 108 सीटें हैं, लेकिन तमिलनाडु विधानसभा के 234 सदस्यों में बहुमत के लिए आवश्यक 118 सीटों से कम हैं। लेकिन भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (सीपीआई), भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (मार्क्सवादी), वीसीके और इंडियन यूनियन मुस्लिम लीग (आईयूएमएल) के समर्थन से पार्टी तमिलनाडु में अगली सरकार बनाने के लिए तैयार है। यह उल्लेखनीय है कि वामपंथी दलों, वीसीके और आईयूएमएल के पास दो-दो विधायक हैं। तमिलनाडु में टीवीके की सरकार बनने की संभावना को देखते हुए, टीवीके के कार्यकर्ता और समर्थक चेन्नई स्थित मुख्यालय के बाहर पटाखे फोड़ते हुए जश्न मनाते नजर आए। टीवीके को बिना शर्त समर्थन देने के पार्टी के फैसले के बावजूद, वीसीके प्रमुख थोल थिरुमावलवन ने कहा है कि विदुथलाई चिरुथाइगल काची अभी भी डीएमके के नेतृत्व वाले गठबंधन का हिस्सा है। चेन्नई में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में बोलते हुए उन्होंने कहा कि उनकी पार्टी ने विजय का समर्थन करने का फैसला दीर्घकालिक दृष्टिकोण को ध्यान में रखते हुए ही लिया है।

### पंजाब के 'आप' मंत्री मनी लॉन्ड्रिंग केस में गिरफ्तार

**चंडीगढ़/लुधियाना।** केंद्रीय जांच एजेंसी ईडी ने पंजाब की आम आदमी पार्टी सरकार के मंत्री संजीव अरोड़ा को मनी लॉन्ड्रिंग के केस में गिरफ्तार कर लिया है। शनिवार सुबह हुई रेड के वक्त वह चंडीगढ़ के सेक्टर 2 स्थित अपनी सरकारी कोठी पर ही थे। इसके बाद करीब 10 घंटे की पूछताछ की गई। जिसके बाद शाम करीब 5 बजे श्चष्ठ की टीम चंडीगढ़ और हरियाणा नंबर की गाड़ियों में उन्हें दिल्ली ले गई। आगे की पूछताछ उनसे दिल्ली में ही होगी। उनकी रात श्चष्ठ के लॉकअप में बीतेगी। ईडी ने शनिवार सुबह ही मंत्री अरोड़ा पर रेड चंडीगढ़ में उनके सरकारी घर, दिल्ली और गुरुग्राम के 5 ठिकानों में हुई है। ईडी ने खुलासा किया कि अरोड़ा ने अपनी फर्मों के जरिए मोबाइल खरीद की करीब 157.12 करोड़ रुपए की फर्जी बिक्री और शेल कंपनियों के माध्यम से फर्जी एक्सपोर्ट किए।

# भाजपा के पास बेरोजगारी का जवाब लाठी : राहुल गांधी



**नई दिल्ली (ए)।** कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने पटना में शिक्षक भर्ती परीक्षा की मांग करने वाले युवाओं पर लाठीचार्ज किए जाने को लेकर शनिवार को भाजपा पर निशाना साधा। कहा कि देश में सबसे बड़ी समस्या बेरोजगारी है, लेकिन भाजपा युवाओं को इसका जवाब लाठी से देती है।

राहुल ने दावा किया कि युवा भाजपा के झूठ से तंग आ चुके हैं और वे अब चुप नहीं बैठेंगे। मालूम हो कि पटना में शिक्षक भर्ती परीक्षा (टीआरई-4) की मांग कर रहे युवाओं पर पुलिस ने शुक्रवार को लाठीचार्ज किया था। प्रदर्शनकारी इस परीक्षा के लिए रिक्तियों का विज्ञापन तत्काल जारी करने मांग कर रहे थे। इस प्रकरण को लेकर राहुल ने एक्स पर पोस्ट किया। इसमें उन्होंने आरोप लगाया कि पटना में अपने रोजगार का हक मांगते हुए शांतिपूर्ण प्रदर्शन कर रहे शिक्षक अभ्यर्थियों को बिहार पुलिस ने बेरहमी से पीटा। ऐसा फिर से किया गया है।

राहुल ने कहा कि भारत में आज सबसे बड़ी बीमारी बेरोजगारी है और इसकी सबसे भयंकर मार बिहार और उत्तर प्रदेश के युवाओं पर पड़ रही है। लाखों युवा डिग्री और काबिलियत हाथ में लेकर दर-दर भटक रहे हैं। मगर भाजपा की सरकार को न इनकी परवाह है, न आपकी। राहुल ने कहा कि भारत का युवा भाजपा के झूठ से तंग आ चुका है और अब वह चुप नहीं बैठेगा। कांग्रेस उनके साथ हर मोड़ पर खड़ी है।

## आईपीएल : आज भिड़ेंगी रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु मुंबई इंडियंस की टीम

**आईपीएल मैच से पहले रोहित ने बहाया पसीना, बुमराह का फिटनेस पर फोकस**

समवेत शिखर न्यूज

**रायपुर।** आईपीएल 2026 के लिए रायपुर पहुंची मुंबई इंडियंस की टीम ने मैच से पहले जमकर प्रैक्टिस की। नवा रायपुर के शहीद वीर नारायण सिंह अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में 10 मई यानी कल टीम का मुकाबला रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के साथ होगा। उससे पहले टीम के स्टार बल्लेबाज रोहित शर्मा ने नेट्स पर जमकर बल्लेबाजी की और अपने खास पुल शॉट्स के साथ कई स्ट्रोक्स खेले। तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह ने लगभग एक घंटे तक ट्रेनिंग स्टाफ के साथ प्लानिंग, रनअप और फिटनेस को लेकर स्पेशल तैयारी की।

### अगले हफ्ते इस्लामाबाद में बातचीत शुरू कर सकते हैं अमेरिका, ईरान : रिपोर्ट

**वॉशिंगटन/तेहरान।** व्हाइट हाउस द्वारा ईरान से संघर्ष समाप्ति संबंधी प्रस्ताव पर जवाब की प्रतीक्षा के बीच खबरें सामने आई हैं कि अमेरिका और ईरान के बीच वार्ता अगले सप्ताह पाकिस्तान की राजधानी इस्लामाबाद में फिर शुरू हो सकती है। वॉल स्ट्रीट जर्नल ने मामले से परिचित सूत्रों के हवाले से बताया कि दोनों पक्ष मध्यस्थों के साथ मिलकर एक पृष्ठ के 14 सूत्रीय समझौता ज्ञापन का मसौदा तैयार कर रहे हैं।

**उपलब्धि** — परीक्षण की टेलीमेट्री और ट्रैकिंग अनेक भू-आधारित तथा पोत-आधारित स्टेशनों द्वारा की गई

# अनेक सामरिक लक्ष्यों पर निशाना लगाने वाली उन्नत अग्नि मिसाइल का सफल उड़ान-परीक्षण


**नई दिल्ली (ए)।** भारत ने अनेक सामरिक लक्ष्यों पर एक साथ निशाना लगाने वाली उन्नत अग्नि मिसाइल का सफल उड़ान-परीक्षण किया है।

रक्षा मंत्रालय ने शनिवार को बताया कि यह परीक्षण शुक्रवार को ओडिशा के डॉ एपीजे अब्दुल कलाम द्वीप से बहु-स्वतंत्र लक्ष्यित वाहन (एमआईआरवी) प्रणाली से किया। यह उड़ान-परीक्षण अनेक पेलोड के साथ किया गया, जिन्हें हिन्द महासागर क्षेत्र में विस्तृत भौगोलिक क्षेत्र में स्थानिक रूप से फैले विभिन्न लक्ष्यों पर निर्देशित किया गया था।



परीक्षण की टेलीमेट्री और ट्रैकिंग अनेक भू-आधारित तथा पोत-आधारित स्टेशनों द्वारा की गई। इन प्रणालियों ने प्रक्षेपण से लेकर सभी पेलोड के प्रभाव तक मिसाइल की पूरी उड़ान-पथ पर नजर रखी। उड़ान संबंधी आँकड़ों ने पुष्टि की कि परीक्षण के दौरान मिशन के सभी उद्देश्य सफलतापूर्वक प्राप्त किए गए। इस सफल परीक्षण के साथ भारत ने एक बार फिर एकल मिसाइल प्रणाली के माध्यम से अनेक सामरिक लक्ष्यों को साधने की क्षमता का प्रदर्शन किया। यह मिसाइल देशभर के उद्योगों के सहयोग से रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) की प्रयोगशालाओं द्वारा विकसित की गई है।इस परीक्षण को डीआरडीओ के वरिष्ठ वैज्ञानिकों और भारतीय सेना के अधिकारियों ने देखा। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने सफल उड़ान-परीक्षण के लिए डीआरडीओ, भारतीय सेना और उद्योग जगत को बधाई दी। उन्होंने कहा कि यह बढ़ती हुई खतरे की धारणाओं के विरुद्ध देश की रक्षा तैयारियों में एक अद्भुत क्षमता जोड़ेगा।

इसके साथ ही भारत ने स्वदेशी ग्लाइड हथियार प्रणाली के क्षेत्र में भी महत्वपूर्ण सफलता हासिल की है। ओडिशा तट के पास सामरिक उन्नत दूरी विस्तार प्रणाली यानी टारा का पहला सफल परीक्षण किया गया। इस प्रणाली को हैदराबाद स्थित रिसर्च सेंटर इमारत और डीआरडीओ ने मिलकर विकसित किया है।

## न्यूज ब्रीफ

### मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना के तहत 23 जोड़े बंधे परिणय सूत्र में



**बालोद।** छत्तीसगढ़ शासन की महत्वाकांक्षी 'मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना' के अंतर्गत आज जनपद पंचायत डौंडी के ग्राम दिघवाड़ी में सामूहिक विवाह का भव्य आयोजन संपन्न हुआ। इस समारोह में कुल 23 जोड़ों ने पारंपरिक रीति-रिवाजों और हर्षोल्लास के साथ अपने दांपत्य जीवन की शुरुआत की। दिघवाड़ी में आयोजित इस कार्यक्रम में आदिवासी अंचल की समृद्ध परंपराओं की झलक देखने को मिली। सभी नवविवाहित जोड़ों का विवाह पूरी तरह से पारंपरिक पद्धति से संपन्न कराया गया। योजना के तहत शासन द्वारा दी जाने वाली सहायता राशि और उपहार सामग्री भी जोड़ों को प्रदान की गई, ताकि वे सुखद गृहस्थ जीवन की शुरुआत कर सकें। इस मांगलिक अवसर पर क्षेत्र के अनेक जनप्रतिनिधि और गणमान्य नागरिक नव-दंपत्तियों को आशीर्वाद देने पहुंचे। कार्यक्रम में मुख्य रूप से जनपद उपाध्यक्ष डौंडी श्री भोला राम नेताम, नगर पंचायत डौंडीलोहारा के अध्यक्ष श्री लाल निवेंद्र सिंह टेकाम, जनपद सदस्य तुलेश्वर हिचामी, जिला कार्यक्रम अधिकारी श्री समीर पाण्डेय, जिला बाल संरक्षण अधिकारी श्री गजानंद साहू, सरपंच श्रीमती कमिथला गावड़े, और उप-सरपंच धर्मेंद्र मांडवी सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण और स्वजन मौजूद रहे।

### कमलेश को मिला राष्ट्रीय बाल साहित्यकार सम्मान

**भिलाई।** बाल कल्याण एवं बाल साहित्य शोध केंद्र भोपाल के तत्वावधान में सत्रहवां वार्षिक आयोजन व बाल साहित्यकार सम्मान समारोह का वृहद व भव्य आयोजन हाल ही में आयोजित किया गया। इस सम्मान समारोह में पन्नालाल शर्मा बाल साहित्यकार सम्मान दुर्ग छत्तीसगढ़ के कवि व बहुचर्चित बाल साहित्यकार कमलेश चंद्राकर को प्रदान किया गया। उल्लेखनीय है कि कमलेश चंद्राकर के सचित्र व रंगीन पांच बालगीत संग्रह प्रकाशित हो चुके हैं प्रत्येक कृति में साहित्य के विद्वानों के मानीखेज विचार व विश्लेषण भी समादृत हैं। कई कृतियां अभी प्रकाशनाधीन हैं। गरिमामंडित राष्ट्रीय स्तर के बाल साहित्य सम्मान समारोह की अध्यक्षता वरिष्ठ बाल साहित्यकार डॉ. कुमकुम गुप्ता ने की। मुख्य अतिथि न्यायमूर्ति मनोहर मतलानी थे। सारस्वत अतिथि योग, आयोग के अध्यक्ष डॉ. राघवेंद्र शर्मा व विशेष अतिथि प्रो. सौरभ प्रकाश की उपस्थिति में संपन्न कार्यक्रम का सफल संचालन मधुलता शर्मा ने किया। इस समूचे आयोजन के सूत्रधार केंद्र के निदेशक महेश सक्सेना विगत सत्रह वर्षों से बाल साहित्य के सर्वांगीण विकास, संरक्षण व संवर्धन के लिए पूर्णतः समर्पित हैं, प्रतिबद्ध हैं। यह एक विशेष उल्लेखनीय व अनुकरणीय आयोजन था जिसे उसके प्रभाव ने अविस्मरणीय बना दिया।



# ग्रामीणों एवं हितग्राहियों के लिए सौगातों भरा रहा ग्राम घीना में आयोजित सुशासन तिहार

### 450 आवेदनों का हुआ निराकरण

समवेत शिखर संवाददाता



**बालोद।** सुशासन तिहार 2026 के अंतर्गत बालोद जिले के डौण्डीलोहारा विकासखण्ड के ग्राम घीना में सुशासन तिहार अंतर्गत समाधान शिविर आयोजित किया गया। शिविर में ग्राम पंचायत घीना के 25 ग्राम पंचायतों के ग्रामीण एवं हितग्राही शामिल हुए। इस अवसर पर उपस्थित ग्रामीणों एवं हितग्राहियों को शासन के विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं से लाभान्वित किया गया। शासकीय हायर सेण्डरी स्कूल मैदान घीना में आयोजित शिविर में डौण्डीलोहारा जनपद अध्यक्ष श्रीमती कांति सोनबरसा, जिला पंचायत सदस्य श्री गुलशन हिरवानी एवं अन्य अधिकारियों द्वारा हितग्राहियों को स्वामीत्व योजना अंतर्गत अधिकार अभिलेख का वितरण, प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण अंतर्गत आवास पूर्णता प्रमाण पत्र, मनरेगा जॉब कार्ड, आयुष्मान कार्ड, नया राशन कार्ड, मत्स्य पालन प्रसार योजना अंतर्गत हितग्राहियों को जाल एवं आईस बॉक्स वितरण के अलावा शासन के अनेक जनकल्याणकारी योजनाओं से लाभान्वित किया गया। इसके अलावा शिविर में राज्य शासन के निर्देशानुसार दिव्यांगजनों को दिव्यांगता प्रमाण पत्र बनाने हेतु मेडिकल कैम्प भी लगाया गया था।

इस दौरान विशेषज्ञ चिकित्सकों के द्वारा शिविर में दिव्यांगता प्रमाण पत्र बनाने पहुँचे दिव्यांगजनों का दिव्यांगता प्रमाण पत्र भी बनाया गया। शिविर में अतिथियों के द्वारा नन्हें-मुन्हें बच्चों को स्वादिष्ट खीर खिलाकर उनका अन्नप्राशन संस्कार कराया गया। इसके अलावा गर्भवती माताओं को सुपोषण किट भेंटकर उनके गोदभराई के रस्म को पूरा किया गया। इसके अलावा शिविर में 20 किशोरी बालिकाओं को स्वच्छता किट भी प्रदान किया गया। ग्राम घीना में आयोजित शिविर में आज विभिन्न विभागों से संबंधित कुल 906 आवेदन प्राप्त हुए थे जिसमें से 450 आवेदनों को मौके पर निराकरण सुनिश्चित किया गया।

जिला पंचायत के मुख्य कार्यनपालन अधिकारी श्री सुनील चंद्रवंशी ने कहा कि राज्य शासन के निर्देशानुसार सुशासन तिहार के दौरान प्रशासनिक अमले के द्वारा आम जनता के बीच पहुँचकर उनके मांगों एवं वास्तविक समस्याओं से रूबरू होकर उनका समुचित निराकरण सुनिश्चित करने का प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने ग्रामीणों को सुशासन तिहार के अंतर्गत आयोजित जनसमस्या निवारण शिविरों में उपस्थित होकर शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ लेने की अपील की।

# सीजीपीएससी 2021 के शेष चयनित अभ्यर्थियों को तत्काल ज्वाइनिंग प्रदान करें: डॉ. प्रतीक उमरे

समवेत शिखर संवाददाता



**दुर्ग।** दुर्ग नगर निगम के पूर्व एल्डरमैन भाजपा नेता डॉ. प्रतीक उमरे ने मुख्यमंत्री विष्णु देव साय से छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग (सीजीपीएससी) राज्य सेवा परीक्षा 2021 के शेष चयनित अभ्यर्थियों को तत्काल ज्वाइनिंग प्रदान किए जाने का आग्रह किया है।डॉ. प्रतीक उमरे ने कहा कि सीजीपीएससी 2021 परीक्षा में चयनित अनेक अभ्यर्थी लंबे समय से नियुक्ति आदेश की प्रतीक्षा कर रहे हैं।वर्षों की कठिन मेहनत,प्रतिस्पर्धा एवं संघर्ष के बाद सफलता प्राप्त करने वाले युवाओं को अब तक पूर्ण रूप से ज्वाइनिंग नहीं मिल पाना अत्यंत चिंताजनक एवं निराशाजनक स्थिति है।उन्होंने कहा कि यह केवल प्रशासनिक विषय नहीं बल्कि युवाओं एवं उनके परिवारों के भविष्य से जुड़ा संवेदनशील मुद्दा है।उन्होंने कहा कि माननीय उच्च न्यायालय एवं माननीय सर्वोच्च न्यायालय द्वारा भी चयनित अभ्यर्थियों के पक्ष में महत्वपूर्ण निर्णय दिए जा चुके हैं।न्यायालयों ने स्पष्ट किया है कि जिन अभ्यर्थियों पर किसी प्रकार की प्रत्यक्ष आपत्ति अथवा जांच संबंधी आरोप नहीं हैं, उन्हें अनावश्यक रूप से नियुक्ति से वंचित रखना उचित नहीं है,इसके बावजूद शेष चयनित अभ्यर्थियों की ज्वाइनिंग लंबित रहना युवाओं में असमंजस एवं मानसिक तनाव की स्थिति उत्पन्न कर रहा है।डॉ. प्रतीक उमरे ने कहा कि छत्तीसगढ़ की युवा शक्ति प्रदेश के विकास की आधारशिला है और राज्य सरकार सदैव युवाओं के हितों के प्रति संवेदनशील रही है।उन्होंने मुख्यमंत्री विष्णु देव साय से आग्रह किया कि मानवीय संवेदनाओं,न्यायालयीन निर्देशों एवं युवाओं के भविष्य को ध्यान में रखते हुए संबंधित विभागों को आवश्यक निर्देश जारी कर सीजीपीएससी 2021 के शेष पात्र चयनित अभ्यर्थियों को शीघ्र ज्वाइनिंग प्रदान की जाए।उन्होंने कहा कि लंबे समय से प्रतीक्षा कर रहे युवाओं को राहत प्रदान करना सरकार की सकारात्मक एवं संवेदनशील सोच को प्रदर्शित करेगा साथ ही इससे प्रतियोगी परीक्षाओं की पारदर्शिता एवं युवाओं का प्रशासनिक व्यवस्था पर विश्वास और अधिक मजबूत होगा।

# मोबाइल से उड़ाए 1.67 लाख, आरोपी गिरफ्तार

समवेत शिखर संवाददाता



**भिलाई।** घर में केयर टेकर का काम करने वाले युवक द्वारा मालिक के मोबाइल फोन का दुरुपयोग कर यूपीआई के माध्यम से गुपचुप तरीके से 1 लाख 67 हजार रुपये अपने खाते में ट्रांसफर करने का मामला सामने आया है। मामले में थाना भिलाई नगर पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, प्रार्थिया डॉ. पूर्णिमा राज कछवाहा निवासी तालपुरी ए-ब्लॉक, भिलाई ने 8 मई 2026 को थाना भिलाई नगर पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई थी। शिकायत में बताया गया कि उनके यहां केयर टेकर के रूप में कार्य करने वाला तिरथ चौधरी उर्फ अन्नू उनके पति के मोबाइल फोन का उपयोग करता था। इसी दौरान आरोपी ने बिना जानकारी दिए यूपीआई के जरिए अलग-अलग ऑनलाइन ट्रांजेक्शन कर कुल 1 लाख 67 हजार रुपये अपने बैंक खाते में ट्रांसफर कर लिए।

शिकायत के आधार पर थाना भिलाई नगर में अपराध क्रमांक 242/2026 धारा 316(4) बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर विवेचना शुरू की गई। जांच के दौरान पुलिस टीम ने तकनीकी साक्ष्य एवं बैंक ट्रांजेक्शन की जानकारी जुटाई। जांच में आरोपी की भूमिका सामने आने पर उसे हिरासत में लेकर पूछताछ की गई, जहां उसने रकम ट्रांसफर करने की बात स्वीकार कर ली। पुलिस ने आरोपी तिरथ चौधरी उर्फ अन्नू (20 वर्ष), निवासी मनोहर मेडिकल के पीछे, अस्पताल सेक्टर भिलाई को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी के कब्जे से मोबाइल फोन एवं बैंक ट्रांजेक्शन संबंधी दस्तावेज भी जप्त किए गए हैं। वैधानिक कार्रवाई के बाद आरोपी को न्यायालय में पेश किया जा रहा है। पुलिस के अनुसार, आरोपी ने मोबाइल फोन एवं यूपीआई सुविधा का दुरुपयोग कर अवैध रूप से रकम अपने खाते में ट्रांसफर की थी। दुर्ग पुलिस ने आम नागरिकों से अपील करते हुए कहा है कि अपने मोबाइल फोन, बैंकिंग एप, यूपीआई पिन एवं ओटीपी जैसी गोपनीय जानकारी किसी अन्य व्यक्ति के साथ साझा न करें। किसी भी संदिग्ध ऑनलाइन ट्रांजेक्शन अथवा साइबर धोखाधड़ी की स्थिति में तत्काल पुलिस अथवा साइबर हेल्पलाइन को सूचना दें।

# जिले के कृषकों को वैज्ञानिक अनुशंसा के आधार पर किया जा रहा है खाद का वितरण

समवेत शिखर संवाददाता



**बालोद।** कृषि विभाग के उप सचांलक आशीष चंद्राकर ने बताया कि खरीफ वर्ष 2026 में जिले के प्रत्येक किसानों को खाद की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय, रायपुर द्वारा उर्वरकों की अलग-अलग 09 समूहों की अनुशंसा की गई है। जिसके द्वारा कृषक धान की खेती में आवश्यक पोषक तत्वों की पूर्ति कर सकते हैं।

अनुशंसित उर्वरक समूहों की जानकारी जिले के उर्वरक विक्रय केन्द्रों में चस्पा किया गया है, जिसे जिले के कृषक अवलोकन कर अपनी आवश्यकता के अनुरूप उर्वरक समूह का चुनाव कर उर्वरक क्रय कर सकते हैं। जिले में उर्वरकों की कालाबाजारी रोकने के लिए खाद का विक्रय पी.ओ.एस. मशीन के माध्यम से अनिवार्य किया गया है तथा उर्वरक विक्रय केन्द्रों का उर्वरक निरीक्षकों के माध्यम से निरीक्षण कराकर पी.ओ.एस. स्कंध एवं भौतिक स्कंध का मिलान सुनिश्चित कराया जा रहा है। निजी उर्वरक विक्रेताओं को भी सक्त निर्देश दिया गया है कि उर्वरकों का विक्रय पी.ओ.एस. मशीन के माध्यम से निर्धारित दर पर करें एवं क्रेता किसानों का रजिस्टर में आवश्यक जानकारी इंद्राज करें। उन्होंने बताया कि कृषकों को खाद का विक्रय कृषकों की जोत का रकबा के आधार पर किया जा रहा है। यदि किसी विक्रेता द्वारा उर्वरक भण्डारण एवं वितरण में अनियमितता बरती जाती है, तो उर्वरक नियंत्रण आदेश 1985 में निहीत प्रावधानों के तहत कड़ी कार्यवाही की जायेगी। अब तक जिले के कृषकों को सहकारी एवं निजी विक्रय केन्द्रों के माध्यम से 2693 मी. टन खाद का विक्रय किया जा चुका है। जिले में किसी भी प्रकार से खाद की कमी नहीं है, किसान अपनी आवश्यकता के अनुरूप जोत रकबा के आधार पर उर्वरक विक्रय केन्द्रों से उर्वरक क्रय कर सकते हैं।

# भिलाई में 'अतिरिक्त सखी वन स्टॉप सेंटर' का शुभारंभ

### महिलाओं को मिलेगी एक ही छत के नीचे सभी सुविधाएं

समवेत शिखर संवाददाता



**दुर्ग।** कलेक्टर अभिजीत सिंह के निर्देशानुसार एवं जिला कार्यक्रम अधिकारी के मार्गदर्शन में भिलाई नगर में आज 'अतिरिक्त सखी वन स्टॉप सेंटर' का भव्य शुभारंभ किया गया। इस सेंटर का उद्घाटन वैशाली नगर विधायक रिकेश सेन के द्वारा किया गया।

उद्घाटन समारोह के दौरान विधायक श्री सेन ने कहा कि यह सेंटर भिलाई-दुर्ग क्षेत्र की महिलाओं के लिए सुरक्षा कवच का कार्य करेगा। अब किसी भी प्रकार की घरेलू हिंसा, दहेज उत्पीड़न, यौन हिंसा या अन्य किसी भी संकट से पीड़ित महिला को भटकना नहीं पड़ेगा। समारोह में अवगत कराया गया कि 'सखी वन स्टॉप सेंटर' हिंसा से पीड़ित महिलाओं को एक ही छत के नीचे पुलिस सहायता, कानूनी सलाह, चिकित्सा सहायता, मनोवैज्ञानिक परामर्श एवं 5 दिन तक का अस्थायी आश्रय उपलब्ध कराने हेतु स्थापित किया गया है। यहां हेल्पलाइन नंबर 181 से संपर्क कर सकते हैं। सखी वन स्टॉप सेंटर, स्वामी आत्मानंद इंग्लिश मीडियम स्कूल परिसर फरीद नगर थाना सुपेला भिलाई, जिला-दुर्ग में पीड़ित महिला को 24×7 निःशुल्क सेवाएं उपलब्ध कराई जाएंगी।इस अवसर पर जिला कार्यक्रम अधिकारी आर के जांबुलकर, परियोजना अधिकारी श्रीमती अनीता सिंग, भिलाई की केंद्र प्रशासक श्रीमती कविता बघेल, दुर्ग की केंद्र प्रशासक श्रीमति अवंती साहू, चाईल्ड लाइन के परियोजना समन्वयक चंद्रप्रकाश पटेल, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, सहायिका एवं पुलिस विभाग, सखी सेंटर के समस्त कर्मचारी उपस्थित रहे तथा शहर के गणमान्य नागरिक उपस्थित थे। महिला एवं बाल विकास विभाग ने आम नागरिकों से अपील की है कि यदि आस-पास कोई महिला संकट में हो तो तुरंत सखी सेंटर या हेल्पलाइन 181 पर सूचना दें। एक कॉल किसी की जिंदगी बचा सकती है।

# बारिश से पहले जलभराव रोकने निगम सक्रिय

समवेत शिखर संवाददाता



**दुर्ग।** महापौर श्रीमती अलका बाघमार के निर्देश पर शहर में वर्षा ऋतु के दौरान होने वाली जलभराव की समस्या के स्थायी समाधान हेतु निगम प्रशासन द्वारा लगातार कार्य किया जा रहा है। इसी क्रम में आज लोक कर्म प्रभारी देवनारायण चन्द्राकर ने क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों एवं निगम अधिकारियों के साथ दुर्ग जेल तिराहा के बाजू मालवीय नगर जाने वाले मुख्य नाले का निरीक्षण किया।इस दौरान पार्षद संजय अग्रवाल, स्वास्थ्य अधिकारी दुर्गेश गुप्ता, उप अभियंता करण यादव, गुड्डू यादव,रामलाल भट्ट सहित टीम मौजूद रही।

निरीक्षण के दौरान नाले की सफाई व्यवस्था, जल निकासी की स्थिति तथा बरसात के समय पानी के बहाव को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। प्रभारी श्री चन्द्राकर ने बताया कि वार्ड क्रमांक 29, 40 एवं 45 के कई क्षेत्रों में प्रत्येक वर्ष बारिश के दौरान जलभराव की स्थिति निर्मित होती रही है, जिससे नागरिकों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है। इसी समस्या के स्थायी निदान के लिए पूर्व तैयारी के तहत निरीक्षण कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए हैं।

लोक कर्म प्रभारी देवनारायण चन्द्राकर ने निरीक्षण के दौरान मौके पर ही सफाई अमले को आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने जेसीबी मशीन की सहायता से नालियों एवं बड़े नालों की सफाई करवाई। जहां-जहां भारी मात्रा में मलमा एवं गाद जमा था, वहां खुदाई कर उसे बाहर निकलवाया गया ताकि पानी का बहाव बाधित न हो। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि वर्षा प्रारंभ होने से पहले सभी प्रमुख नालों एवं जल निकासी मार्गों की सफाई पूर्ण कर ली जाए, जिससे नागरिकों को जलभराव एवं आवागमन की समस्या का सामना न करना पड़े।

निरीक्षण के दौरान गौरव पथ क्षेत्र में हर वर्ष होने वाली जलभराव की समस्या पर भी विशेष रूप से चर्चा की गई। लोक कर्म प्रभारी श्री चन्द्राकर ने बताया कि इस समस्या के समाधान हेतु संबंधित नाले की बेहतर सफाई कर उसके जल प्रवाह को मालवीय नगर नाले की दिशा में व्यवस्थित रूप से मोड़ा जा रहा है, जिससे बारिश के समय पानी का तेजी से निकास हो सके। उन्होंने कहा कि निगम प्रशासन शहरवासियों को राहत प्रदान करने के लिए लगातार मैदानी स्तर पर कार्य कर रहा है और जहां भी जलभराव की संभावना है, वहां पूर्व तैयारी सुनिश्चित की जा रही है।

# सड़कों पर उड़ती धूल से नागरीक परेशान

### त्रिमूर्ति चौक से चिन्टू हॉटल तक सुबह से चलने वाली भारी वाहन बनी मुसीबत

समवेत शिखर संवाददाता



**थान खम्हरिया।** नगर के त्रिमूर्ति चौक से साजा जाने मुख्य मार्ग पर भारी वाहनो की आवाजाही से धूल के उडते गुब्बारे से वार्ड क्र 13, 14 व 15 के नागरीक खासा परेशान है, उक्त मार्ग के जर्जर हालत होने के कारण लगायार चलते वाहनो से उडते धूल नागरीको के घरो मे घूस रहा है इस मार्ग से अब गौजरने से लोग गुरेज करने लगे है। कुछ माह पूर्व सडको पर बने गढ्ढो को लोक निर्माण विभाग ने स्टोन डस्ट व गिट्टी डालकर भरम्मत कार्य किया है वही डस्ट अब धूल धूर्सित कर रहा है जिससे सडक किनारे निवास करने वालो को परेशानियां झेलनी पड रही है। इस मार्ग पर प्रतिदिन सुबह शाम सडको पर पानी छिडकने की आवश्यकता है ताकि लोगो को धूल से राहत मिल सके।सुबह 05 बजे दर्जनो वाहन से रेत, मुरूम, गिट्टी परिवहन करते हाईवा, सडक पर सरपट दौडती यात्री वाहन व निजि वाहनो से उडती धूल अब घरो मे घूस रही है।सडक पर कुछ देर तक तो धूंध ठा जाती है ऐसी स्थिति मे कभी भी बडा हादसा हो सकता है।नगर के त्रिमूर्ति चौक से भारतमाता चौक तक मुख्य मार्ग मे भी अतिक्रमण तथा अव्यवस्थित दुकानदारी से यातायात हमेशा बाधित होता है जिससे भारी वाहन का परिसंचलन नगर के साजा रोड से सीधे बायपास मार्ग से होकर की जाती है।बायपास मे अब शराब दुकान होने से साजा रोड मे यातायात का दाब और भी बढ गया है जिससे सुबह से शाम तक नागरीक धूल से खासा परेशान होने लगे है।

लोक निर्माण विभाग द्वारा मरम्मत कार्य मे लापरवाही बरतने के कारण ही आज सडक की हालत और भी बदतर होते छा रहा है समूचे तहसील क्षेत्र मे स्टोन डस्ट से गढ्ढे पाटे जाते वह धूल मे तबदील होती जाती है।मुख्य मार्ग पर बनी गढ्ढो को भरने कुछ जगहो पर केवल सीमेंट से हल्की कलस्टर की हुई गिट्टी को भर देती है जिससे जलभराव तो बंद हो जाता है परंतु बाद मे वह धूल पैदा करने लग जाती है यही कारण है कि आज नगर के त्रिमूर्ति चौक से चिन्टू हॉटल तक की सडक धूल भरी रहती है जिससे नागरीक के साथ साथ दुकादार भी परेशान नजर आ रहे है।नगर पंचायत क्षेत्र के मुख्य मार्ग, थान खम्हरिया से उमरावनगर मार्ग, खाती से गाघाघाट मार्ग, टिपनी से गोपारपुर मार्ग, अकोला से घिवरी मार्ग, कांपा से टेढी उरैहा मार्ग, नवागांवकला से खैरझिटीकला मार्ग, खैरझिटीकला से हरदास तथा थान खम्हरिया से साजा मार्ग की हालत बदतर हो चला है जिसके धूल के गुब्बारों से आमजनो को काफी परेशानियाँ उठानी पड रही है उक्त सभी मार्ग की तत्काल संधारण करने की आवश्यकता है।वार्ड क्र 14 के पूर्व पार्षद संतोष तेली घनश्याम गंधर्व, पूर्व उपाध्यक्ष महेश निषाद, पूर्व एल्डरमेन फिरोज खान, जीवन साहू, मान सिंग यादव, रामकुमार सिन्हा, जीवन सिन्हा, मोहन साहू, गोपाल सिन्हा, विनोद परमार, रामकुमार यादव, रामाधार सिन्हा, गोविन्दा सिन्हा, बाबूदाल सिन्हा, गणेश साहू, अफरोज खान, गोविन्दा सिन्हा सहित नागरीको ने धूल मुक्त कराने त्वरित मे सडक संधारण करने की मांग की है।

# खेलो इंडिया कबड्डी ट्रायल में दिखा युवाओं का दमखम



### ग्रामीण प्रतिभाओं को मिलेगा राष्ट्रीय स्तर तक पहुंचने का मौका

समवेत शिखर संवाददाता

**पाटन।** दुर्ग जिले के मर्रा स्थित इंडोर स्टेडियम में खेलो इंडिया लघु केंद्र के तहत कबड्डी चयन ट्रायल की शुरुआत हो गई है। ट्रायल में दुर्ग सहित बालोद, बेमेतरा, कवर्धा और धमतरी जिले के 100 से अधिक बच्चों ने पंजीयन कराया है। खिलाड़ी पूरे उत्साह और ऊर्जा के साथ मैदान में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर रहे हैं।

खेलो इंडिया द्वारा नियुक्त कोच भरत लाल ताम्रकार एवं अन्य खेल शिक्षकों द्वारा बच्चों को विशेष प्रशिक्षण दिया जा रहा है। चयनित खिलाड़ियों के लिए आवासीय कैंप आयोजित किया जाएगा, जहां विशेषज्ञ कोचों के मार्गदर्शन में आधुनिक तकनीक और खेल कौशल की ट्रेनिंग दी जाएगी।प्रशिक्षण के बाद खिलाड़ी ब्लॉक, जिला, राज्य और राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं में हिस्सा लेकर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे। ट्रायल के पहले दिन खिलाड़ियों में जबरदस्त उत्साह देखने को मिला। ग्रामीण क्षेत्रों से आए प्रतिभाशाली बच्चों की भागीदारी भी उल्लेखनीय रही।इस अवसर पर कोच भरत लाल ताम्रकार, कोच संतोष यादव, पूर्व सरपंच पालेश्वर ठाकुर सहित ग्राम के जनप्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में खिलाड़ी उपस्थित रहे।

खेलो इंडिया के कोच भरत लाल ताम्रकार ने बताया कि ग्रामीण क्षेत्र के बच्चों में अपार प्रतिभा है, जिसे सही प्रशिक्षण और अवसर देकर राष्ट्रीय स्तर तक पहुंचाया जा सकता है। उन्होंने कहा कि बच्चों के लिए आवासीय सुविधा और भोजन की व्यवस्था स्वयं अपने खर्च पर की जा रही है। बच्चे भी पूरी लगन और मेहनत के साथ प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं।

## न्यूज ब्रीफ

### पत्नी की हत्या करने वाला पति गिरफ्तार

**रायपुर।** रायपुर में पारिवारिक विवाद के चलते पत्नी की हत्या करने वाले आरोपी पति को कोतवाली पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी ने घरेलू झगड़े के दौरान कपड़े से गला घोंटकर पत्नी की हत्या कर दी थी। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में मौत का कारण दम घुटना सामने आने के बाद पुलिस ने मामले का खुलासा किया। आरोपी पति का नाम पुलिस द्वारा ललित कुमार साहू उर्फ विक्की बताया जा रहा है। कोतवाली पुलिस ने आरोपी के खिलाफ केस दर्ज करके जांच शुरु की थी। कोतवाली पुलिस के मुताबिक, 28 अप्रैल 2026 को रवि बुंदेल नामक व्यक्ति ने सूचना दी थी कि छुईया तालाब के पास किराए के मकान में रहने वाली पार्वती साहू घर में अचेत अवस्था में पड़ी हुई है। उसे इलाज के लिए मेकाहारा अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। शुरुआत में मामला संदिग्ध मौत का माना जा रहा था, लेकिन 8 मई को मिली पोस्टमार्टम रिपोर्ट में डॉक्टरों ने गला घोंटने से दम घुटने को मौत की वजह बताया। इसके बाद थाना कोतवाली में अज्ञात आरोपी के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज किया गया। मामले की जांच के दौरान पुलिस ने मृतका के परिचितों, मकान मालिक और आसपास रहने वाले लोगों से पूछताछ की। जांच में पता चला कि घटना वाले दिन मृतका के पति ललित कुमार साहू उर्फ विक्की को आखिरी बार घर में देखा गया था। जानकारी मिलने के बाद पुलिस ने आरोपी की तलाश शुरू की और उसे हिरासत में लेकर पूछताछ की। पूछताछ में आरोपी ने हत्या करना कबूल कर लिया। उसने बताया कि पार्वती साहू उसकी पत्नी थी और दोनों के बीच लंबे समय से घरेलू विवाद चल रहा था। घटना वाले दिन भी दोनों के बीच झगड़ा और हाथापाई हुई थी। इसी दौरान गुस्से में आकर उसने कपड़े से पत्नी का गला घोंट दिया। वारदात के बाद आरोपी मौके से फरार हो गया था। पुलिस ने आरोपी ललित साहू उर्फ विक्की को गिरफ्तार कर लिया है। उसके कब्जे से मृतका का मोबाइल भी जब्त किया गया है। आरोपी मूल रूप से महासमुंद जिले के बागबाहरा क्षेत्र का रहने वाला है।

### मुंबई में मर्डर करने वाला आरोपी रायपुर रेलवे-स्टेशन से गिरफ्तार

**रायपुर।** मुंबई में अपहरण और हत्या की वारदात को अंजाम देकर फरार हुए आरोपी को रायपुर रेलवे स्टेशन से गिरफ्तार कर लिया गया। आरोपी अपने साथी की हत्या कर शव के कई टुकड़े कर अलग-अलग स्थानों पर फेंकने के बाद ट्रेन से पश्चिम बंगाल भागने की कोशिश कर रहा था। महाराष्ट के मुंबई स्थित शिवाजी नगर थाना में दर्ज स्न्नढ्ढक्रमें आरोपी आवेश मुस्तफा कर्णी अपने साथी औरंगजेब समीरुद्दीन के अपहरण और हत्या के मामले में फरार था। मुंबई पुलिस की सूचना पर रायपुर जीआरपी की पुलिस आरोपी को गिरफ्तार करने में सफल रही। रायपुर रेल्वे पुलिस ने बताया कि, आरोपी ने पहले साथी का अपहरण किया, फिर उसकी हत्या कर शव के कई टुकड़े किए और सबूत मिटाने के लिए अलग-अलग जगह फेंक दिए। वारदात के बाद वह ट्रेन नंबर 12809 मुंबई-हावड़ा मेल एक्सप्रेस से भाग रहा था। मामले की गंभीरता को देखते हुए मुंबई पुलिस ने रेल पुलिस अधीक्षक रायपुर दिव्यांग पटेल को सूचना दी। सूचना मिलते ही रेल पुलिस ने तत्काल एक्शन लिया। उप पुलिस अधीक्षक रेल रायपुर तोबियस खाखा और थाना प्रभारी जीआरपी रायपुर तुलेन्द्र वर्मा के नेतृत्व में टीम ने रायपुर रेलवे स्टेशन के प्लेटफॉर्म नंबर 6 पर घेराबंदी की और आरोपी को पकड़ा गया।

### सरोना अस्पताल में गुणवत्ता पर भड़के विधायक राजेश मूणत, औचक निरीक्षण के दौरान इंजीनियरों को लगाई फटकार

**रायपुर।** भाजपा विधायक राजेश मुणत सरोना में बन रहे अस्पताल का औचक निरीक्षण करने पहुंचे, इस दौरान वे अधिकारियों को फटकार लगाते नजर आए, सरोना में बन रहे 100 बेड अस्पताल और नालंदा लाइब्रेरी पार्ट-2 के औचक निरीक्षण के दौरान उन्होंने निर्माण कार्यों में लापरवाही पर अधिकारियों और एजेंसियों को फटकार लगाई। सरोना में करीब 16 करोड़ रुपए की लागत से बन रहे अस्पताल के निरीक्षण के दौरान फाउंडेशन वर्क में गुणवत्ता को लेकर खामियां दिखीं। मूणत ने निर्माण एजेंसी को चेतावनी देते हुए कहा कि तकनीकी मानकों से समझौता हुआ तो जिम्मेदार अधिकारियों और ठेकेदारों पर कार्रवाई तय मानी जाए। निरीक्षण के दौरान विधायक ने ष्ह्वह्द्बठ्ठद्द, बेस स्ट्रक्चर और निर्माण सामग्री की गुणवत्ता को लेकर भी सवाल उठाए। उन्होंने अधिकारियों से मौके पर ही जवाब मांगा कि मॉनिटरिंग के बावजूद कमियां कैसे रह गईं। शासकीय विज्ञान महाविद्यालय के पास बन रहे नालंदा लाइब्रेरी पार्ट-2 का निरीक्षण करते वक्त प्रोजेक्ट में निर्माण एजेंसी की कार्यप्रणाली पर उन्होंने नाराजगी जताई। मूणत ने अधिकारियों से कहा कि अगर गुणवत्ता के साथ काम पूरा नहीं कर सकते तो काम छोड़ दे।

# संगठन सुदृढ़ीकरण पर जोर : रायपुर भाजपा की बैठक में बूथ से लेकर जिला तक कार्ययोजना तय

समवेत शिखर न्यूज

**रायपुर।** भारतीय जनता पार्टी रायपुर शहर जिला की आवश्यक बैठक आज जिला कार्यालय एकात्म परिसर में आयोजित की गई। बैठक में आगामी संगठनात्मक कार्यक्रमों, में पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण अभियान 2026 के तहत आयोजित होने वाले जिला प्रशिक्षण वर्ग की रूपरेखा एवं मंडल, शक्ति केंद्र तथा बूथ स्तर पर नियमित बैठकों के प्रभावी क्रियान्वयन पर विस्तार से चर्चा की गई।



बैठक में छत्तीसगढ़ शासन के कैबिनेट मंत्री केदार कश्यप मुख्य रूप से उपस्थित रहे। उन्होंने पश्चिम बंगाल, असम एवं पुडुचेरी में भाजपा को मिली ऐतिहासिक विजय पर कार्यकर्ताओं को बधाई देते हुए कहा कि यह जीत कार्यकर्ताओं के कठोर परिश्रम, समर्पण और जीवटता का परिणाम है। उन्होंने कहा कि विपरीत परिस्थितियों में भी कार्यकर्ताओं ने विचारधारा के प्रति अपनी प्रतिबद्धता बनाए रखी और अंततः विजय प्राप्त की। श्री कश्यप ने बस्तर क्षेत्र के उदाहरण देते हुए कहा कि कठिन परिस्थितियों में भी संगठन की ताकत से बड़े परिवर्तन संभव हैं। बैठक में रायपुर पश्चिम विधायक राजेश मूणत, रायपुर दक्षिण विधायक सुनील सोनी एवं रायपुर उत्तर विधायक पुरंदर मिश्रा ने भी अपने विचार व्यक्त करते हुए संगठन की मजबूती के लिए बूथ स्तर तक सक्रियता बढ़ाने, नियमित बैठकों के आयोजन और ÷मन की बात÷ कार्यक्रम को जन-जन तक पहुंचाने पर जोर दिया। बैठक में प्रदेश कार्यालय मंत्री एवं जिला प्रशिक्षण वर्ग प्रभारी अशोक बजाज ने 23 एवं 24 मई को आयोजित होने वाले जिला स्तरीय प्रशिक्षण वर्ग की विस्तृत जानकारी देते हुए सभी अपेक्षित कार्यकर्ताओं की उपस्थिति अनिवार्य बताई। जिला संगठन प्रभारी राजेंद्र शर्मा ने प्रदेश नेतृत्व के निर्देशों का उल्लेख करते हुए कहा कि अब संगठनात्मक कार्यों को योजनाबद्ध, समयबद्ध एवं परिणाममुखी तरीके से करना होगा। मंडल, शक्ति केंद्र एवं बूथ स्तर पर नियमित बैठक, रजिस्टर संधारण, एजेंडा आधारित कार्यवाही एवं समीक्षा को अनिवार्य रूप से लागू करने पर उन्होंने बल दिया। जिलाध्यक्ष रमेश सिंह ठाकुर ने अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में कहा कि संगठन की वास्तविक शक्ति बूथ में निहित है। उन्होंने बताया कि जिले में बूथों की संख्या बढ़कर 1479 हो गई है, ऐसे में प्रत्येक बूथ पर 25 सदस्यीय सशक्त समिति का गठन, पूर्व समितियों का शुद्धिकरण एवं नवीनीकरण अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने मंडल, शक्ति केंद्र एवं बूथ स्तर पर प्रत्येक माह नियमित बैठक, ÷मन की बात÷ कार्यक्रम के सामूहिक श्रवण तथा सभी बैठकों का रजिस्टर संधारण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। बैठक का संचालन जिला महामंत्री अमित शाह मैशेरी ने किया एवं आभार प्रदर्शन जिला उपाध्यक्ष नवीन शर्मा ने किया। इस अवसर पर प्रदेश उपाध्यक्ष नंदन जैन, प्रदेश मंत्री जयंती पटेल, महापौर मीनल चौबे, सभापति सूर्यकांत राठौर, निगम-मंडल/बोर्ड के अध्यक्षगण रूप नारायण सिन्हा , नंदकुमार साहू, अमरजीत छाबड़ा, मिर्जा एजाज बेग, संजय श्रीवास्तव, सच्चिदानंद उपासने, अशोक पांडे, ,केदारनाथ गुप्ता, वर्णिका शर्मा, शशांक शर्मा, मोना सेन, सुभाष तिवारी, अकबर अली, जितेंद्र धुरंधर ,तुषार चोपड़ा, संजय तिवारी, श्रद्धा मिश्रा, सरोज साहू, अनीता देवांगन, चूड़ामणि निर्मलकर, अनूप खेलकर, मधुसूदन शर्मा, शिवजलम दुबे, रोहित द्विवेदी, विकास मिश्रा, विशाल भूरा, रोहित भारद्वाज, रविंदर सिंह ठाकुर, पंकज जगत, जीशान शिद्धिकी, अखिलेश कश्यप,ओमप्रकाश साहू, रजियंत ध्रुव एवं प्रकोष्ठ के संयोजक डॉ सत्येंद्र पांडे, मन्नू धीवर, सुनील शुक्ला, बृजेश अग्रवाल, लक्ष्मी नारायण देवांगन, प्रवीण देवड़ा, मुकेश पंजवानी, संजय अग्रवाल, राकेश कुमार सोनी, नंदकुमार साहू,के पदाधिकारी एवं बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### नगरीय प्रशासन विभाग में इंजीनियरों का हुआ तबादला, रायपुर-बिलासपुर समेत कई शहरों के अधिकारी बदले

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ शासन के नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग ने प्रशासनिक फेरबदल करते हुए कई वरिष्ठ इंजीनियरों के तबादला आदेश जारी किए हैं। इस आदेश के तहत राज्य के विभिन्न निकायों में पदस्थ कार्यपालन और सहायक अभियंताओं को नई जिम्मेदारियां सौंपी गई हैं। राज्य शासन द्वारा जारी सूची के अनुसार लाल महेंद्र प्रताप सिंह कार्यपालन अभियंता को नगर निगम रायपुर से नगर निगम बिलासपुर भेजा गया है। इसी प्रकार दिनेश नेताम कार्यपालन अभियंता को कवर्धा से स्थानांतरित कर संयुक्त संचालक कार्यालय दुर्ग में पदस्थ किया गया है। अभियंताओं की नई पदस्थापना में बृजेश श्रीवास्तव सहायक अभियंता को कोण्डागांव से बिलासपुर और ललित कुमार त्रिवेदी सहायक अभियंता को भी बिलासपुर में प्रभारी कार्यपालन अभियंता की कमान सौंपी गई है। दुर्ग क्षेत्र में भी बदलाव किए गए हैं, जिसके तहत सी.बी. परगनिहा सहायक अभियंता को दुर्ग से धमतरी, हेमन्त कुमार साहू सहायक अभियंता को भिलाई-चरौदा से नगर निगम दुर्ग और चन्द्रशेखर सारथी सहायक अभियंता को रायगढ़ से नगर पालिका चांपा भेजा गया है। वहीं नवा रायपुर में पदस्थ गगन वासन अब नगर निगम जगदलपुर में सहायक अभियंता के रूप में अपनी सेवाएं देंगे।रिसाली कार्यपालन अभियंता को मिला अतिरिक्त प्रभार- प्रशासनिक कार्यों को गति देने के लिए नगर पालिक निगम रिसाली के कार्यपालन अभियंता सुनील दुबे को उनके वर्तमान कार्यों के साथ-साथ संयुक्त संचालक, नगरीय प्रशासन एवं विकास (क्षेत्रीय कार्यालय दुर्ग) के अधीक्षण अभियंता का अतिरिक्त प्रभार भी सौंपा गया है।

# भव्य एवं श्रद्धामय वातावरण में संपन्न हुआ 'निपुणा अध्यात्म वाटिका (उपाश्रय)' भूमि पूजन एवं खनन विधान

समवेत शिखर न्यूज

**रायपुर।** परमातक श्री शीतलनाथ जिनालय एवं दादाबाड़ी ट्रस्ट, देवेंद्र नगर रायपुर के तत्वावधान में 'निपुणा अध्यात्म वाटिका (उपाश्रय)' के भूमि पूजन एवं खनन विधान का पावन एवं भव्य आयोजन गुरुवार को श्रद्धा, भक्ति एवं उत्साहपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ।



कार्यक्रम प्रवर्तिनी महोदया प.पू. निपुणा श्री जी म सा की सु शिष्या प्रेरणादात्री प्रवचन प्रवीणा प.पू. स्नेहयशा श्री जी म.सा. आदि ठाणा की पावन प्रेरणा एवं सान्निध्य में आयोजित हुआ। इस अवसर पर बड़ी संख्या में जैन समाज के गणमान्य जनों ने उपस्थित होकर धर्मलाभ प्राप्त किया। प्रातःकाल स्नात्र पूजन, भूमि पूजन एवं खनन विधान विधिकारक श्री विमल जी गोलछा द्वारा विधि-विधानपूर्वक संपन्न कराया गया। कार्यक्रम के दौरान जिनालय परिसर भक्तिमय माहौल से गूंज उठा तथा समाज के वरिष्ठजनों, महिलाओं एवं युवाओं ने उत्साहपूर्वक सहभागिता निभाई। ÷निपुणा अध्यात्म वाटिका (उपाश्रय)÷ के संपूर्ण निर्माण का लाभ मालू परिवार के उत्तमचंद मालू, मोहनलाल मालू, प्रकाशचंद मालू एवं दिलीपकुमार मालू परिवार को प्राप्त हुआ है। वहीं प्रवचन हॉल का नक़रा श्री जैवंतराज जी ङ्क कमला देवी पारख परिवार द्वारा लिया गया। ट्रस्ट द्वारा जानकारी दी गई कि उपाश्रय के साथ दूसरे भवन में विशाल प्रवचन हॉल एवं गर्ल्स हॉस्टल का भी निर्माण किया जाएगा, जिससे धार्मिक एवं सामाजिक गतिविधियों को नई दिशा मिलेगी। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से प्रकाशचंद मालू, त्रिलोकचंद पारख, धनराज बैद, अजय मालू, विजय मालू, विजय कांकरिया अभय भंसाली रवि डोशी, मेघराज कांकरिया, आलोक मालू एवं अशोक गांग उपस्थित थे, कार्यक्रम का संचालन समिति के प्रबंधक ट्रस्टी चंचल पारख ने किया, आयोजन के पश्चात नवकारसी एवं प्रसादी का आयोजन किया गया।

# रायपुर में शुरू होगा 'सुशासन तिहार' 11 मई से सभी 10 जोन में लगेंगे जनसमस्या निवारण शिविर

### एक महीने के अंदर समसमयाएं करेंगे दूर

समवेत शिखर न्यूज

**रायपुर।** रायपुर में लोगों की शिकायतों और सरकारी योजनाओं से जुड़ी समस्याओं के समाधान के लिए 'सुशासन तिहार 2026' के तहत जनसमस्या निवारण शिविर लगाए जाएंगे। नगर निगम के सभी 10 जोनों में अलग-अलग तारीखों पर शिविर आयोजित होंगे। पहला शिविर 11 मई को जोन-3 क्षेत्र में शंकरनगर स्थित सिंधु भवन, बीटीआई मैदान के सामने लगाया जाएगा।

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय और उप मुख्यमंत्री अरुण साव के निर्देश पर नगरीय प्रशासन विभाग और जिला प्रशासन ने इसकी तैयारी शुरू कर दी है। निगम प्रशासन के मुताबिक शिविरों में नगर निगम के साथ कई विभागों के अधिकारी मौजूद रहेंगे, ताकि लोगों की समस्याओं का मौके पर समाधान किया जा सके। शिविर में सुबह 11 बजे से दोपहर 1 बजे तक आवेदन लिए जाएंगे। निगम प्रशासन का दावा है कि शिविर में मिलने वाले आवेदनों का अधिकतम एक महीने के भीतर निराकरण किया जाएगा। साथ ही हर आवेदक को उसकी शिकायत के समाधान की जानकारी भी दी जाएगी। इन शिविरों में नगर निगम के अलावा राजस्व, बिजली, स्वास्थ्य, महिला एवं बाल विकास, खाद्य, समाज कल्याण, कृषि, पशुधन विकास, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी, श्रम विभाग समेत कई विभाग शामिल होंगे।

# कमार परिवार को आवास के लिए अधिकारी के चरणों में गिरना सरकार के लिए शर्मनाक : दीपक बैज

### 18 लाख आवास देने का सरकार का दावा हवा हवाई

समवेत शिखर न्यूज



**रायपुर।** सुशासन तिहार में सरकार के 18 लाख प्रधानमंत्री आवास की पोल खुल गई। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि गरियाबंद जिले देवभोग के माडागांव के सुशासन तिहार में कमार परिवार ने प्रधानमंत्री आवास के लिए जिला पंचायत सी.ई.ओ. के पैर में गिर कर आवास की मांग किया। यह घटना भाजपा सरकार के प्रधानमंत्री आवास पर किये गये दावों की जमीनी हकीकत है। कमार जनजाति विशेष संरक्षित जनजाति है, इन्हें राष्ट्रपति का दत्तक पुत्र कहा जाता है तथा सभी शासकीय योजनाओं के केंद्र बिंदु में इन्हें रखा जाता है। जब कमार जनजाति का परिवार अपने प्रधानमंत्री आवास के लिए अधिकारी के सामने दंडवत होने को मजबूर है तो अंदाजा लगाया जा सकता है कि राज्य में प्रधानमंत्री आवास की क्या हकीकत होगी? यह घटना सरकार के लिए शर्मनाक है।

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि साय सरकार 18 लाख आवास पर श्वेत पत्र जारी करे। भाजपा सरकार 18 लाख आवास स्वीकृत होने का झूठा दावा करती है, जबकि सच्चाई यह है कि साय सरकार गरीबों को आवास देने के नाम से धोखाधड़ी की है, जो भी आवास बने है और जो बन रहे है वो कांग्रेस सरकार के दौरान स्वीकृत हुए थे। साय सरकार खुद ही संख्या की घोषणा कर अपनी पीठ थपथपा रही है। कांग्रेस मांग करती है कि सरकार के दावों में सच्चाई है तो स्वीकृत आवासहीनों के नाम सार्वजनिक किया जाए।

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि भाजपा सरकार के प्रधानमंत्री आवास केवल सरकारी विज्ञापनों और होर्डिंग में ही दिखते रहे है, हकीकत में भाजपा सरकार के आने के बाद एक भी हितग्राही के लिए आवास स्वीकृत नहीं हुआ है।

### मोदी राज में महंगाई बेतहाशा बढ़ी गरीब और मध्यम वर्ग परेशान : कांग्रेस

**रायपुर।** प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा कि मोदी सरकार जब से सत्ता में आई है, महंगाई से देश के नागरिकों की कमर टूटती जा रही है।



2014 में जो गैस का सिलेंडर 410 रु. का था, आज वह 980 रु. के पार है वह भी मिल नहीं रहा । पेट्रोल के दाम 70 रु. प्रति लीटर से बढ़कर 102 रु. प्रति लीटर के पार हो गए हैं जबकि डीजल के दाम 55 रु. प्रति लीटर से बढ़कर 100 रु. प्रति लीटर के करीब पहुंच गए हैं। 5 राज्यो के चुनाव खत्म होते ही मोदी सरकार का असल रूप सामने आ गया है। मोदी सरकार ने महंगाई से जूझ रही जनता एवं मंदी की मार झेल रहीं व्यवसायिक संस्थानो, उद्योगों पर कुठाराघात किया है।घरेलू कामर्शियल सिलेंडर के दाम में बढ़ोतरी कर दिया।एक मुश्त 993 रु की बढोत्तरी एवं प्रवासी श्रमिको एवं गरीब जनता द्वारा उपयोग किये जाने वाले 5 किलो वाली गैस सिलेंडर के दाम में 261 रु की वृद्धि कर दी है।बीते पांच माह में कामर्शियल सिलेंडर के दाम में 1510 रु की वृद्धि हुई है जनवरी में 111रु फरवरी में 50रु मार्च में दो बार मिलाकर 146 रु अप्रैल मे 218 रु एवं मई में 993 रु की वृद्धि हुई है, अब घरेलू गैस एवं पेट्रोल डीजल के दाम में भी वृद्धि की संभावना है। इसका सीधा असर आम जनता, उद्योग, होटल रेस्टोरेंट, ढाबा एवं कामर्शियल गैस उपयोग करने वाले संस्स्थानों पर पड़ेगा।

# बच्चों ने खेला 'घोड़ा बदाम छाई और पोशांपा भाई पोशांपा'

### महाराष्ट्र मंडल की आध्यात्मिक समिति के बाल संस्कार शिविर की ऑफलाइन क्लास में दूसरे दिन भी दिखा जोश

समवेत शिखर न्यूज

**रायपुर।** 'घोड़ा बदाम छाई पीछे देखे मार खाई और पोशांपा भाई पोशांपा' जैसे खेल बड़ों को भी बचपन की याद दिला देते हैं। महाराष्ट मंडल में चल रहे बाल संस्कार शिविर में ऑफलाइन क्लास के दूसरे सप्ताह के दूसरे दिन शनिवार को सुबह बच्चों ने इन्हीं खेलों के साथ खूब एंजॉय किया। वहीं नंबर गेम का भी सभी ने आनंद उठाया। सुडोकू में बच्चों ने गणपति के 11 नामों को ढूंढने में भी उत्सुकता दिखाई और अपना ज्ञानवर्धन भी किया।

आध्यात्मिक समिति की समन्वयक आस्था काले ने बताया कि बाल संस्कार शिविर के बच्चे खेलों में इतने रम गए कि उन्हें घर जाने का मन ही नहीं कर रहा था। शिविर का समय खत?म होने के बाद घर लौट रहे बच्चों ने रविवार को भी शिविर जारी रखने की मांग कर डाली, क्योंकि सभी बच्चे रविवार को भी चौबे कॉलोनी स्थित महाराष?ट्र मंडल पहुंच कर ऑफलाइन शिविर को सेलि?ब्रेट करना चाहते थे। बच?चों को समझाकर सोमवार को ऑनलाइन शिविर ज?वॉइन करने कहा गया।

शिविर शुरू होते ही बच्चों का स्वागत विधिवत टीका लगाकर मंजूषा वैशंपायन और संध्या खंगन ने किया। शनिवार होने के कारण सभी ने मंजूषा वैशंपायन और संध्या खंगन की अगुवाई में एक स्वर में हनुमान चालीसा का सस?वर पाठ किया। आस्था ने बच्चों से वार्मअप और योग कराया। इसमें ताड़ासन, द्विकोण आसान, सेतुबंध आसान, चक्रासन, पवन मुक्तासन, झूलना, लुढ़कना, शशांकसन, वज्रासन, शांति मंत्र करवाया गया। तीसरे चरण में बच्चों ने रचना ठेंगड़ी के साथ माइंड गेम खेला। इसमें क्रासवर्ड में भगवान श्रीगणेश के 11 नाम लिखे गए थे। जिन्हें पढ़कर बच्चों को उसे मार्क करना था। इसमें बच्चों ने जोश के साथ श्रीगणेश के नाम गणपति, विघ्नहर्ता, विनायक, गणेश, एकदंत, लंबोदर, मंगलमूर्ति जैसे नामों को खोजा।

# जीवन में सद्गुणों और विशेषताओं को धारण कर सफल नागरिक बनें : ब्रह्माकुमारी सविता दीदी

समवेत शिखर न्यूज

**रायपुर।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय द्वारा चौबे कालोनी रायपुर में आयोजित समर कैम्प में रायपुर संचालिका ब्रह्माकुमारी सविता दीदी ने आज बच्चों को जीवन में नैतिकता विषय पर अपने आशीर्वचनों से लाभान्वित किया। उन्होंने बच्चों को स्वयं में विशेषताएं भरकर अपने लक्ष्य को हासिल करने के लिए बहुत ही उपयोगी सुझाव दिए।





ब्रह्माकुमारी सविता दीदी ने कहा कि किसी की सफलता को देखकर उससे ईर्ष्या नहीं करें। सफल होना है तो रिस (ईर्ष्या) नहीं रेस (प्रतिस्पर्धा) करो। हरेक बच्चे को अपने जीवन में कोई लक्ष्य अवश्य निर्धारित करना चाहिए। लक्ष्य निर्धारित करने से आगे बढने् का मार्ग सुनिश्चित हो जाता है। इससे मन यहाँ-वहाँ भटकने की अपेक्षा शान्त चित्त होकर एक ही दिशा में अर्थात लक्ष्य को प्राप्त करने पर विचार करेगा। जीवन में लक्ष्य नहीं बनाया तो उम्र में बड़े तो हो जाएंगे किन्तु सफल व्यक्ति नहीं कहलाएंगे। उन्होंने आगे कहा कि जैसे दुनिया में बाह्य शरीर को सजाने सॅवारने के लिए ब्यूटी पार्लर होते है उसी प्रकार अपने आंतरिक स्वरूप को निखारने के लिए भी ऐसे पार्लर की आवश्यकता है जहाॅं अंतर्मन को दिव्य गुणों और मानवीय मूल्यों से सजाया जा सके।

उन्होंने बतलाया कि अपने आचरण, व्यवहार और सोच को रचनात्मक बनाकर बुरी आदतों, व्यसनों आदि से स्वयं को मुक्त करना ही सच्चे अर्थों में व्यक्तित्व का विकास करना है। हमारे शारीरिक और बौद्धिक विकास के लिए राजयोग मेडिटेशन की साधना बहुत ही उपयोगी है। जीवन में सम्मान एवं आज्ञाकारिता का महत्व बतलाते हुए उन्होंने बच्चों से कहा कि हमें अपने बड़ों का आदर करना चाहिए तथा उनकी आज्ञा का पालन करना चाहिए इससे न केैवल बड़े-बुजुर्गों की बल्कि भगवान की भी दुआएं मिलेंगी। कभी किसी बात का अहंकार नहीं होना चाहिए बल्कि नम्र बनें और सभी से मधुर बोल ही बोलें।

उन्होने सभी बच्चों को व्यक्तिगत डायरी रखने का सुझाव देते हुए कहा कि एकान्त में बैठकर रोजाना उसमें अपने मन की बातें लिखने की आदत डालें। इससे मन हल्का रहेगा और आपकी कल्पनाशक्ति बढ़ेगी। अगर भाषा अच्छी होगी तो भविष्य में आप अच्छे लेखक या कवि भी बन सकते हैं। रात को सोने से पहले और सुबह उठने के बाद दस मिनट मेडिटेशन जरूर करना चाहिए। इससे परमात्मा की शक्तियाँ हमें मिलती हैं।

# महाराष्ट्र मंडल के शंकर नगर केंद्र ने वितरित किया मठा

### राहगीरों को छाछ पीकर मिली गर्मी से राहत, सभी ने आभार जताकर कहा- एक अच्छी पहल

मसवेत शिखर न्यूज

**रायपुर।** महाराष्ट्र मंडल के शंकर नगर केंद्र की महिलाओं ने शनिवार, नौ मई को शंकर नगर एक?सप्रेस वे के पास राहगीरों को मठा वितरित किया। सुबह हजारों राहगीरों को मठा वितरित करने की व?यवस?था में लोगों ने भी भरपूर सहयोग प्रदान किया, और यातायात भी बाधित नहीं होने दिया। इस दौरान छाछ बांट रहीं महिलाओं के उत्साहवर्धन के लिए महाराष्ट मंडल के मुख्य समन्वयक श्याम सुंदर खंगन, उपाध्यक्ष गीता श्याम दलाल और महिला प्रमुख विशाखा तोपखानेवाले विशेष रूप से उपस्थित रहीं। शंकर नगर केंद्र की संयोजिका आयुषी विट्ठालकर ने बताया कि सफेद ड्रेस कोड के साथ पहुंचीं महिलाओं ने हजारों राहगीरों को मठा पिलाया। केंद्र की ओर से बड़े पैमाने पर मठा की व्यवस्था की गई थी। मठा पीने के बाद राहगीरों ने शंकर नगर केंद्र की महिलाओं की काफी सराहना की। इस दौरान सुचारू यातायात के साथ- साथ सफाई व्यवस्था का भी विशेष ध्यान रखा गया। मठा के वेस्ट डिस्पोजल को बोरे में भरकर एकत्रित किया गया, ताकि सड़क पर गंदगी हो। आयुषी के अनुसार शंकर नगर केंद्र की यह पहल प्रति वर्षानुसार मई महीने में भीषण गर्मी और तपती धूप के बीच राहगीरों को दो पल सुकून के देने के लिए की जाती है। केंद्र की पूर्व संयोजिका मधुरा भागवत, संध्या खंगन, रचना ठेंगड़ी, सुरेखा पाटिल, पुष्पा जावलेकर, श्रद्धा विठालकर, मेधा कोतवालीवाले गोदावरी सहित अनेक महिलाएं इस मौके पर मठा वितरण में शामिल थीं।



# प्रेम, त्याग व ममता की मूर्ति होती हैं मां

अंतरराष्ट्रीय मातृत्व दिवस माताओं एवं मातृत्व का सम्मान करने वाला दिन होता है। एक मां ही होती है जो सभी की जगह ले सकती है। लेकिन उनकी जगह कोई और नहीं ले सकता है। मां अपने बच्चों की हर प्रकार से रक्षा और उनकी देखभाल करती है।

दुनिया में मां की तुलना भगवान से की जाती है। भारत में गंगा नदी को पवित्र मान कर मां का दर्जा दिया जाता है जो इस बात का संकेत है कि मां अपने आप में एक उपाधि है। कई धार्मिक ग्रंथो में जननी की महिमा का बखान मिलता है। प्रत्येक वर्ष मई के दूसरे रविवार को मदर्स डे यानी मातृ दिवस मनाया जाता है। ऐसे में इस साल 12 मई को मातृ दिवस मनाया जाएगा।

मां एक ऐसा शब्द है जिसमें पूरा ब्रम्हांड समा जाए। जब हम मां बोलने के लिए मुंह खोलते हैं तो शब्द के उच्चारण के साथ ही पूरा मुंह भर जाता है। मां ममता की मूरत होती है। पूरी दुनिया के सभी धर्मों ने मां के रिश्ते को सबसे पवित्र माना गया है। अपने बच्चों के प्रति मां का प्यार, दुलार, समर्पण और त्याग अनमोल होता है। मां को सम्मान देने के लिए पूरी दुनिया में मई माह के दूसरे रविवार को मातृत्व दिवस (मदर डे) के रूप में मनाया जाता है। अंतरराष्ट्रीय मातृत्व दिवस माताओं एवं मातृत्व का सम्मान करने वाला दिन होता है। एक मां ही होती है जो सभी की जगह ले सकती है। लेकिन उनकी जगह कोई और नहीं ले सकता है। मां अपने बच्चों की हर प्रकार से रक्षा और उनकी देखभाल करती है। इसलिए मां को ईश्वर का दूसरा रूप कहा जाता है। मां वह शख्स होती है जो नो माह तक अपने बच्चे को कोख में रखकर जन्म देती है। उसके बाद उसका लालन-पालन करती है। कुछ भी हो जाए लेकिन एक मां का अपने बच्चों के प्रति स्नेह कभी कम नहीं होता है। वह खुद से भी ज्यादा अपने बच्चों के सुख सुविधाओं को लेकर चिंतित रहती है। मां अपनी संतान की रक्षा के लिए बड़ी से बड़ी विपत्तियों का सामना करने का साहस रखती है।

मां होने का अर्थ है उत्तरदायित्व और निस्वार्थता से पूरी तरह से अभिभूत होना। मातृत्व का मतलब है रातों की नींद हराम करना। मां भगवान की सबसे श्रेष्ठ रचना है। उसके जितना त्याग और प्यार कोई नहीं कर सकता है। मां विश्व की जननी है उसके बिना संसार की कल्पना भी नहीं की जा सकती है। मां ही हमारी जन्मदाता होती है और वही हमारी सबसे पहली गुरु होती है। इसीलिए हम




धरती को भी धरती माता कहते हैं। जो अपने उपर हम सब का वजन उठाती है।

मां को संस्कृत में मातरः कहते है। मां ईश्वर की सर्वश्रेष्ठ कृति है जिसके माध्यम से परमेश्वर अपने अंश द्वारा अपनी शक्ति का संचार और विस्तार करता हैं। पुराणों के अनुसार मां का अर्थ लक्ष्मी है। जिस प्रकार मां लक्ष्मी सृष्टि का पालन करती है उसी प्रकार मां भी शिशु का पालन करती है। इस प्रकार मां को लक्ष्मी का स्वरूप माना गया। एक मत यह है कि इस सृष्टि का आरंभ मनु और शतरूपा नामक स्त्री-पुरुष के समागम से हुआ। मनु के नाम पर ही उनकी संतान को मनुज या मानव कहा गया। मनु की संतान को जिसने जन्म दिया उसे मां कहा गया। और इस प्रकार मां शब्द की उत्पत्ति हुई। हमारे देश में गाय को भी गौमाता कह कर पुकारते हैं जो हमें अपने अपना दूध पिला कर बड़ा करती है। मां हमारे जीवन की सबसे प्रमुख हस्ती होती है जो बिना कुछ पाने की उम्मीद किए सिर्फ देती ही रहती है। मां का प्यार निस्वार्थ होता है जो हम अपने पूरे जीवन में किसी और से प्राप्त नहीं कर सकते हैं। मां बच्चे की पहली गुरु होती है।

जननी जन्मभूमिश्च स्वर्गदपि गरीयसी।

वाल्मीकि रामायण के इस श्लोक में आचार्य वाल्मीकि कहते हैं कि माता और मातृभूमि का स्थान स्वर्ग से भी ऊपर होता है और उनके चरणों में ही वैकुंठ धाम है।

नास्ति मातृसमा छाया, नास्ति मातृसमा गतिः।
नास्ति मातृसमं त्राण, नास्ति मातृसमा प्रिया।।

यह श्लोक जीवन में माता के महत्व को बताता है। इस श्लोक में कहा गया है, माता के समान कोई छाया नहीं है और न ही उनके समान कोई सहारा है। न तो दुनिया में मां के समान कोई रक्षक नहीं और उनके समान कोई प्रिय वस्तु भी नहीं है। महाभारत में एक प्रसंग के दौरान जब यक्ष धर्मराज युधिष्ठर से सवाल पूछते हैं कि भूमि से भारी कौन है। तब युधिष्ठर कहते हैं कि माता इस भूमि से कहीं अधिक भारी होती हैं। अर्थात संसार में माता का स्थान सबसे अधिक गौरवपूर्ण है।

भारतीय संस्कृति तथा कुछ ग्रंथों के अनुसार मां शब्द की उत्पत्ति गोवंश से हुई। गाय का बछड़ा जब जन्म लेता है तो उसके सर्वप्रथम रंभानें में जो स्वर निकालता है वह मां होता है। यानी कि बछड़ा अपनी जन्मदात्री को मां के नाम से पुकारता है। इस प्रकार जन्म देने वाली को मां कहकर पुकारा जाने लगा। शास्त्रों के अनुसार सर्वप्रथम बछड़े ने ही अपनी मां गाय को रंभाकर मां पुकारा और वहीं से इस शब्द की उत्पत्ति हुई। देखा जाए तो मातृ दिवस का इतिहास सदियों पुराना एवं प्राचीन है। यूनान में परमेश्वर की मां को सम्मानित करने के लिए यह दिवस मनाया जाता था। 16वीं सदी में इंग्लैंड का ईसाई समुदाय ईशु की मां मदर मेरी को सम्मानित करने के लिए इस दिवस को त्योहार के रूप में मनाये जाने की शुरुवात हुई। 'मदर्स डे' मनाने का मूल कारण समस्त माताओं को सम्मान देना और एक शिशु के उत्थान में उसकी महान भूमिका को सलाम करना है।

मातृत्व दिवस को आधिकारिक बनाने का निर्णय पूर्व अमरीकी राष्ट्रपति वूडरो विलसन ने आठ मई 1914 को लिया था। राष्ट्रपति वुडरो विल्सन ने मई के दूसरे रविवार को मदर्स डे मनाने और मां के सम्मान में एक दिन के अवकाश की सार्वजनिक घोषणा की थी। वे समझ रहे थे कि सम्मान, श्रद्धा के साथ माताओं का सशक्तिकरण होना चाहिए। जिससे मातृत्व शक्ति के प्रभाव से युद्धों की विभीषिका रुके। तत्पश्चात हर वर्ष मई के दूसरे रविवार को मदर्स डे मनाया जाता है। वर्तमान में ये भारत के साथ यूके, चीन, यूएस, मेक्सिको, डेनमार्क, इटली, फिनलैण्ड, तुर्की, ऑस्ट्रेलिया, कैनेडा, जापान, बेल्जियम सहित कई देशों में मनाया जाता है। हर साल माताओं के प्रति अपने आदर और सम्मान को व्यक्त करने के लिए यह दिवस मनाया जाता है।

मां शब्द की उत्पत्ति और अर्थ के बारे में कई मत हैं। विभिन्न शैलियों ने मां शब्द की व्याख्या की है। ये एक अक्षर वाला मां संबोधन पूरे ब्रह्मांड में सबसे ताकतवर शब्द माना जाता है। मां सिर्फ शब्द नहीं बल्कि एक भावना है। इसका वर्णन शब्दों मे करना नामुमकिन है। मां वो है जो न सिर्फ हमे जन्म देती है बल्कि हमे जीना भी सिखाती है। मां शब्द का अर्थ है निस्वार्थ प्यार और बलिदान। मां भगवान् का जीता जागता स्वरूप है। मां खुले दिल से अपने बच्चो का भरपूर ख्याल रखती है। मां वो होती है जो खुद भूखी सो जाए पर अपने बच्चो को भूखा रहने नहीं देती। उसे खुद कितनी भी तकलीफ हो वो जताती नहीं और ऐसे मे भी सिर्फ अपने बच्चो की ही सलामती की दुआ करती है। मां की ममता समुद्र से भी गहरी है। दुनिया में हर शब्द का अर्थ समझा और समझाया जा सकता है। लेकिन मां शब्द का अर्थ समझना और समझाना दोनों ही लगभग नामुमकिन है। मां शब्द का अर्थ समझाना इसलिए नामुमकिन है क्योंकि मां के प्यार को मां के बलिदान को शब्दों में नहीं समझाया जा सकता। इसे सिर्फ अनुभव किया जा सकता है। मां के दिल में जितना प्यार अपने बच्चों के लिए होता है। अगर मां के सभी बच्चे कोशिश भी करें तो उसका कुछ अंश भी अदा नहीं कर सकते।

# हर बाइट में मिलेगा मिठास का शानदार स्वाद, जरूर ट्राई करें ये बंगाली स्वीट्स



बंगाल की मिठाइयां अपने हल्के स्वाद, मुलायम टेक्सचर और पारंपरिक फ्लेवर के लिए जानी जाती हैं। यहां की मिठाइयों में दूध, छेना, गुड़ और नारियल का खूब इस्तेमाल होता है। बंगाली डेजर्ट सिर्फ खाने की चीज नहीं, बल्कि यहां की संस्कृति और त्योहारों का अहम हिस्सा भी हैं। शादी, पूजा या किसी खास मौके पर मिठाइयों के बिना बंगाली खानपान अधूरा माना जाता है। रसगुल्ला से लेकर मिष्टी दोई तक, हर मिठाई का अपना अलग स्वाद और पहचान है।

**रसगुल्ला:** रसगुल्ला बंगाल की सबसे मशहूर मिठाइयों में से एक है। यह छेना से बनी मुलायम और स्पंजी बॉल होती है, जिसे हल्की चीनी की चाशनी में डुबोया जाता है। इसका रसदार स्वाद गर्मियों में बेहद रिफ्रेशिंग लगता है। बंगाल में इसे त्योहारों और खास मौकों पर खूब पसंद किया जाता है। ठंडा रसगुल्ला खाने का मजा ही अलग होता है। इसकी हल्की मिठास और सॉफ्ट टेक्सचर बच्चों से लेकर बड़ों तक सभी को पसंद आता है।

संदेश : संदेश एक बेहद हल्की और स्वादिष्ट बंगाली मिठाई है, जिसे ताजे छेना से बनाया जाता है। इसमें हल्की मिठास होती है और कई बार इलायची या केसर का फ्लेवर भी मिलाया जाता है। संदेश की सबसे खास बात इसका टेक्सचर है। इसे अलग-अलग डिजाइन और आकार में तैयार किया जाता है, जिससे यह दिखने में भी बहुत सुंदर लगता है। त्योहारों और पारिवारिक समारोहों में संदेश का खास महत्व होता है।

मिष्टी दोईः मिष्टी दोई बंगाल का पारंपरिक मीठा दही है। इसे मीठे दूध को फर्मेंट करके बनाया जाता है। इसका रंग हल्का भूरा और स्वाद बेहद क्रीमी होता है। इसे अक्सर मिट्टी के बर्तन में परोसा जाता है, जिससे इसका स्वाद और भी बढ़ जाता है। गर्मियों में ठंडा मिष्टी दोई खाने से काफी राहत मिलती है। बंगाल में किसी भी खास मौके या दावत में इसे जरूर शामिल किया जाता है।

चमचम : चमचम एक ओवल शेप की मिठाई होती है, जिसे छेना से तैयार किया जाता है। इसे चाशनी में भिगोया जाता है और ऊपर से नारियल या खोया लगाया जाता है।

# गोवा से लेकर उदयपुर तक, ये 5 जगहें वीकेंड के लिए हैं परफेक्ट

भारत को विविधता का देश कहा जाता है, क्योंकि यहां पर घूमने के लिहाज से एक से बढ़कर एक जगहें मौजूद हैं। वहीं हर सीजन में घूमने वालों की भी कमी नहीं होती है, जब भी घूमने का मन करता है, तो बैग करते हैं और घूमने के लिए निकल जाते हैं। किसी को बीच पर जाना पसंद होता है, तो किसी को पहाड़ों पर घूमना पसंद होता है। लेकिन आजकल की भागदौड़ भरी जिंदगी में लंबी छुट्टी मिलना थोड़ा मुश्किल होता है।

ऐसे में अगर 2-3 दिन का समय मिलता है, तो सबसे पहले यही ख्याल आता है कि कहीं घूमने जाएं। ऐसे में आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको कुछ ऐसी जगहों के बारे में बताने जा रहे हैं, जहां पर आप 3 दिन में आराम से घूम सकते हैं। वहीं इन जगहों पर घूमने में ज्यादा खर्च भी नहीं आएगा और आपको सुकून भी मिलेगा।



**गोवा :** अगर आपको बीच पर चिल या रिलैक्स करना पसंद है और नाइट लाइफ को एंजॉय करना चाहते हैं, तो गोवा से बेहतर कोई दूसरी जगह नहीं है। 3 दिन की ट्रिप के लिए गोवा बेस्ट है। यहां के बीच काफी फेमस हैं। यहां पर आपको स्टे के लिए होटल्स और घूमने के लिए स्कूटी आसानी से मिल जाएगी।

**मैक्लोडगंज :** अगर आपको भी हिल स्टेशन पसंद है, तो आपको मैक्लोडगंज जाना चाहिए। यहां पर आपको तिब्बती कल्चर और बौद्ध मठ देखने को मिलेंगे। वहीं आप यहां पर ट्रेकिंग का भी लुत्फ उठा सकती हैं। अगर कम बजट में अच्छी जगह एक्सप्लोर करना चाहती हैं, तो यह जगह परफेक्ट है।

**पुदुचेरी :** पुदुचेरी को मिनी फ्रांस भी कहा जाता है। यहां की रंग-बिरंगी गलियां और कैफे काफी ज्यादा खूबसूरत होते हैं। यहां के फ्रेंच आर्किटेक्चर आपको विदेश जैसा वाइब देते हैं। आप यहां पर स्कूटी से आराम से घूम सकते हैं।

**उदयपुर :** राजस्थान की गिनती देश के सबसे खूबसूरत राज्यों में होती है। राजस्थान में एक से बढ़कर एक खूबसूरत जगहें हैं। उदयपुर भी उन्हीं में से एक है। अगर आप कुछ अलग और रॉयल एक्सपीरियंस करना चाहते हैं, तो आपको उदयपुर एक्सप्लोर करना चाहिए।

# ज्येष्ठ माह की पहली एकदाशी पर कर लें ये उपाय, कर्ज से मिलेगी मुक्ति, होगा धन लाभ

ज्येष्ठ माह चल रहा है। इस माह की पहली एकादशी का खास महत्व होता है। इस माह के कृष्ण पक्ष की एकादशी को अपरा एकदाशी कहते हैं। इसे अचला एकादशी के नाम से भी जाना जाता है। सालभर में आने वाली 24 एकादशियों में ज्येष्ठ माह की अपरा एकादशी का खास महत्व बताया गया है। इस दिन भगवान विष्णु की अराधना की जाती है। ऐसा कहा जाता है कि जो इस दिन व्रत करता है, वो जीवन में कई तरह के पापों से छुटकारा पाता है। चलिए जानते हैं कि ज्येष्ठ माह की पहली एकादशी कब है और इस दिन क्या उपाय करना चाहिए।



कब है अपरा एकादशी- पंचांग गणना के अनुसार, एकादशी तिथि का प्रारंभ 12 मई को दोपहर 09-56 बजे हो जाएगा। हिंदू धर्म में उदयातिथि का विशेष महत्व होने के कारण व्रत 13 मई को ही रखा जाएगा।

**पारण का समय :** वहीं, अपरा एकादशी व्रत के पारण का समय 14 मई की सुबह 06.00 बजे से 07.41 बजे के बीच है। जबकि द्वादशी तिथि का समापन 14 मई की सुबह 7.41 बजे ही हो जाएगा।

**अपरा एकादशी पूजा मुहूर्त :** इस दिन विष्णु जी की पूजा के लिए सुबह 5 बजकर 32 मिनट से सुबह 8 बजकर 55 मिनट के तक शुभ मुहूर्त रहेगा।

**पूजा विधि :** सुबह जल्दी उठकर स्नान करने के बाद स्वच्छ और हल्के रंग के कपड़े पहनना शुभ माना जाता है। इसके बाद भगवान विष्णु की विधि-विधान से पूजा करें और उन्हें पीले फूल, तुलसी के पत्ते व फल अर्पित करें। मान्यता है कि तुलसी भगवान विष्णु को अत्यंत प्रिय है, इसलिए इसके बिना पूजा अधूरी मानी जाती है। पूजा के समय ÷? नमो भगवते वासुदेवाय÷ मंत्र का श्रद्धापूर्वक जाप करें, इससे मन को शांति मिलती है और घर में सकारात्मक ऊर्जा बनी रहती है।

**कर्ज से राहत पाने के उपाय :** अपरा एकादशी के दिन पीपल के पेड़ की विधि-विधान से पूजा करें और उसकी जड़ में जल अर्पित करें। मान्यता है कि इससे आर्थिक समस्याएं धीरे-धीरे दूर होने लगती हैं। साथ ही शाम के समय तुलसी के पौधे के सामने गाय के घी का दीपक जलाकर परिक्रमा करें–यह उपाय कर्ज से मुक्ति दिलाने में सहायक माना जाता है।

**धन लाभ के लिए करें ये उपाय :** इस दिन भगवान विष्णु को केले, लड्डू और लाल फूल अर्पित करना बेहद शुभ माना गया है। साथ ही सूर्य देव को अर्घ्य देने से आत्मविश्वास बढ़ता है, सकारात्मक ऊर्जा मिलती है और धन लाभ के योग मजबूत होते हैं।

**वैवाहिक जीवन में खुशहाली के लिए :** अपरा एकादशी पर भगवान राम और माता सीता की पूजा करने से दांपत्य जीवन में प्रेम, समझ और शांति बढ़ती है। इससे परिवार में सुख-समृद्धि और सम्मान भी मिलता है।

**करियर और नौकरी में उन्नति के लिए उपाय :** इस दिन जौ से भरे कलश पर आम के पत्ते रखकर दीपक जलाएं और भगवान विष्णु व माता लक्ष्मी की श्रद्धा से पूजा करें। ऐसा करने से करियर और नौकरी में तरक्की के रास्ते खुलते हैं।

**घी का दीपक जलाएं :** अपरा एकादशी की शाम घी का दीपक जलाना अत्यंत शुभ माना जाता है। मान्यता है कि इससे घर में सुख-समृद्धि आती है और नकारात्मक ऊर्जा दूर होती है।

**विष्णु सहस्त्रनाम का पाठ करें :** इस दिन कई लोग विष्णु सहस्त्रनाम का पाठ भी करते हैं। धार्मिक विश्वास के अनुसार, इसका पाठ जीवन की बाधाओं को कम करता है और आत्मविश्वास बढ़ाता है। यदि पूरा सहस्त्रनाम पढ़ना संभव न हो, तो भगवान विष्णु के नामों का स्मरण या सरल पूजा करना भी उतना ही लाभकारी माना जाता है।

# सभी 12 राशियों के लिए कैसा रहेगा 10 से 16 मई 2026 तक का समय, जानें साप्ताहिक राशिफल



सप्ताह की शुरुआत के साथ ही ग्रहों की स्थिति कई राशियों के लिए नई दिशा तय कर रही है। यह सप्ताह कुछ लोगों के लिए तरक्की और अवसर लेकर आएगा, तो कुछ को धैर्य और समझदारी से कदम बढ़ाने की जरूरत पड़ेगी। करियर में बदलाव, पैसों की स्थिति, पारिवारिक तालमेल और सेहत- इन सभी मामलों में यह हफ्ता असर डाल सकता है।

**मेष राशि :** यह सप्ताह आपके लिए अत्यंत प्रभावशाली और ऊर्जावान रहेगा, क्योंकि सप्ताह की शुरुआत में चंद्रमा आपके कर्म भाव में होंगे और सप्ताह के अंत में आपकी ही राशि में सूर्य-मंगल के साथ युति करेंगे। करियर और बिजनेस में आपको अपनी कड़ी मेहनत का फल प्रमोशन और आर्थिक लाभ के रूप में मिलेगा. नौकरी में नई चुनौतियां आएंगी, लेकिन आप अपनी प्रतिस्पर्धात्मक शक्ति से सफलता प्राप्त करेंगे. लव लाइफ में रोमांच और आकर्षण बढ़ेगा, हालांकि सप्ताह के अंत में क्रोध पर नियंत्रण रखें ताकि दांपत्य जीवन में शांति बनी रहे। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा, फिटनेस पर ध्यान दें। पुरानी योजनाओं में प्रगति होगी।

**वृषभ राशि :** यह सप्ताह आपके लिए भाग्य और सुखों में वृद्धि लेकर आया है, क्योंकि चंद्रमा आपके भाग्य भाव से गोचर शुरू करेंगे और बुध आपकी राशि में विराजमान हैं। बिजनेस में निवेश के नए अवसर मिलेंगे और आर्थिक लाभ की स्थिति मजबूत होगी। नौकरीपेशा जातकों को तरक्की के अवसर प्राप्त होंगे. रिलेशनशिप में मधुरता रहेगी और पार्टनर के साथ किसी सुखद यात्रा की योजना बन सकती है. लव लाइफ में स्थिरता आएगी. स्वास्थ्य के मामले में मानसिक तनाव कम होगा और आप ऊर्जावान महसूस करेंगे. नई शुरुआत के लिए समय शुभ है, आत्मविश्वास के साथ निर्णय लें और आगे बढ़ें।

**मिथुन राशि :** यह सप्ताह आपके लिए बौद्धिक प्रगति और सुखद बदलावों वाला रहेगा, क्योंकि आपकी राशि में गुरु और शुक्र की युति है. करियर में कुछ शुरुआती रुकावटें आ सकती हैं, लेकिन सप्ताह के मध्य से सफलता के योग बनेंगे। व्यापार में आय बढ़ेगी और खर्चों पर नियंत्रण रहेगा. रिलेशनशिप और दांपत्य जीवन में प्रेम और रोमांस का भरपूर आनंद मिलेगा. पार्टनर के प्रति आपका आकर्षण बढ़ेगा। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें, विशेषकर खान-पान पर ध्यान दें। विद्यार्थियों के लिए यह समय प्रगतिशील है. आत्मविश्वास के बल पर आप कठिन प्रतिस्पर्धा को भी आसानी से पार कर लेंगे।

**कर्क राशि :** यह सप्ताह आपके लिए साझेदारी और पारिवारिक सुखों को समर्पित रहेगा, क्योंकि सप्ताह की शुरुआत में चंद्रमा आपके सप्तम भाव में गोचर करेंगे. करियर और जॉब में आपको टीम वर्क से बड़ी सफलता और आर्थिक लाभ मिलेगा. बिजनेस में नए अनुबंध हो सकते हैं। लव लाइफ और रिलेशनशिप के लिए समय बहुत ही सकारात्मक है। विवाह के प्रस्ताव मिल सकते हैं. परिवार में शांति और स्थिरता बनी रहेगी. स्वास्थ्य के प्रति लापरवाही न बरतें, नियमित फिटनेस रूटीन अपनाएं. सप्ताह के अंत में लंबी यात्रा के योग बन रहे हैं. मानसिक रूप से आप काफी शांत महसूस करेंगे.

**सिंह राशि :** यह सप्ताह आपके लिए विजय और शत्रुओं पर भारी पड़ने वाला रहेगा, क्योंकि चंद्रमा आपके छठे भाव से गोचर शुरू करेंगे और केतु आपकी राशि में स्थित हैं. करियर में कड़ी मेहनत से आप अपने लक्ष्यों को प्राप्त करेंगे और नौकरी में आपकी तरक्की सुनिश्चित होगी। बिजनेस में प्रतिस्पर्धा बढ़ेगी, लेकिन जीत आपकी ही होगी. लव लाइफ में थोड़ा तनाव हो सकता है, इसलिए पार्टनर की भावनाओं का सम्मान करें। दांपत्य जीवन में धैर्य रखें. स्वास्थ्य में सुधार होगा और ऊर्जा का स्तर ऊंचा रहेगा. आर्थिक लाभ के नए अवसर मिलेंगे। अपनी योजनाओं को गुप्त रखकर कार्य करें।

**कन्या राशि :** यह सप्ताह आपके लिए रचनात्मकता और संतान सुख लेकर आएगा, क्योंकि चंद्रमा पंचम भाव से गोचर करेंगे. करियर में नई शुरुआत और प्रमोशन की संभावना बढ़ेगी. बिजनेस में निवेश से अच्छा लाभ होगा और आपकी आय में निरंतरता बनी रहेगी. लव लाइफ में रोमांस की भरमार रहेगी और सिंगल जातकों को पार्टनर मिल सकता है। पारिवारिक जीवन सुखद रहेगा और दोस्तों के साथ अच्छा समय बीतेगा. स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रहें, विशेषकर पेट से जुड़ी बीमारियों से बचें. आत्मविश्वास में वृद्धि होगी, जिससे आप बड़े निर्णय लेने में सफल रहेंगे। किस्मत का साथ मिलेगा।

**तुला राशि :** यह सप्ताह आपके लिए सुख-सुविधाओं और मानसिक शांति का रहेगा, क्योंकि चंद्रमा आपके चौथे भाव से यात्रा शुरू करेंगे. करियर में स्थिरता आएगी और बिजनेस में किए गए पुराने निवेश से लाभ मिलेगा. जॉब में कार्यस्थल का वातावरण आपके पक्ष में रहेगा. रिलेशनशिप में पारदर्शिता रखें, जिससे विश्वास बढ़ेगा. लव लाइफ में आकर्षण बना रहेगा और आप अपने पार्टनर के साथ घर की सजावट या संपत्ति से जुड़े निर्णय ले सकते हैं. स्वास्थ्य सामान्य रहेगा, लेकिन व्यायाम को दिनचर्या में शामिल करें. परिवार के साथ बिताया गया समय आपको मानसिक बल और परम सुख प्रदान करेगा।

**वृश्चिक राशि :** यह सप्ताह आपके पराक्रम और आत्मविश्वास में वृद्धि करने वाला रहेगा, क्योंकि चंद्रमा आपके तीसरे भाव से गोचर करेंगे. करियर में तरक्की के नए रास्ते खुलेंगे और बिजनेस में आपको जोखिम लेने का लाभ मिलेगा. आर्थिक स्थिति में सुधार होगा और आय के नए स्रोत बनेंगे. लव लाइफ और रिलेशनशिप में नई ताजगी आएगी, छोटे भाई-बहनों के साथ संबंध सुधरेंगे. दांपत्य जीवन में मधुरता रहेगी. स्वास्थ्य के मामले में आप बहुत सक्रिय और ऊर्जावान महसूस करेंगे. यात्रा के योग बन रहे हैं, जो भविष्य के लिए लाभदायक रहेंगे। अपनी योजना को क्रियान्वित करने का यह सही समय है।

**धनु राशि :** यह सप्ताह आपके लिए आर्थिक समृद्धि और पारिवारिक मिठास का रहेगा, क्योंकि चंद्रमा आपके धन भाव से गोचर शुरू करेंगे. करियर में बड़ी सफलता और प्रमोशन मिलने के प्रबल योग हैं। बिजनेस में नई साझेदारी लाभदायक रहेगी और आर्थिक हानि का डर खत्म होगा. लव लाइफ में पार्टनर के साथ आपका तालमेल और प्रेम बढ़ेगा. दांपत्य जीवन में सुख और शांति बनी रहेगी. स्वास्थ्य के मामले में फिटनेस पर ध्यान दें, ऊर्जा का स्तर बना रहेगा. वाणी पर संयम रखें ताकि रिश्तों में मधुरता बनी रहे. निवेश के लिए सप्ताह बहुत अच्छा है, भाग्य का साथ मिलेगा.

**मकर राशि :** यह सप्ताह आपके व्यक्तित्व में निखार और नई शुरुआत का रहेगा, क्योंकि चंद्रमा आपकी राशि से गोचर शुरू कर रहे हैं। करियर और बिजनेस में आप अपनी मेहनत और बुद्धि से बड़ा मुकाम हासिल करेंगे. नौकरी में आपके कार्यों की सराहना होगी. लव लाइफ में गंभीरता और आकर्षण बढ़ेगा. पार्टनर के साथ रिश्तों में स्थिरता आएगी। मानसिक तनाव कम होगा और आप शांति महसूस करेंगे. स्वास्थ्य उत्तम रहेगा, लेकिन फिटनेस रूटीन में बदलाव न करें. पुराने रुके हुए धन की प्राप्ति हो सकती है. आत्मविश्वास के साथ लिए गए निर्णय आपको प्रगति के मार्ग पर ले जाएंगे।

**कुंभ राशि :** यह सप्ताह आपके लिए खर्चों के बीच नए अवसरों की प्राप्ति का रहेगा, क्योंकि आपकी राशि में राहु और चंद्रमा का गोचर रहेगा. करियर में चुनौतियों का सामना करना पड़ सकता है, लेकिन आपकी मेहनत रंग लाएगी. बिजनेस में विदेशी संबंधों से लाभ होगा. लव लाइफ में सावधानी बरतें, गलतफहमी के कारण ब्रेकअप जैसी स्थिति से बचने के लिए बातचीत जारी रखें. स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें, नींद पूरी लें. सप्ताह के उत्तरार्ध में भाग्य चमकेगा और आय बढ़ेगी. दोस्तों का सहयोग मिलेगा और आप नई योजनाओं पर काम शुरू करेंगे. मानसिक रूप से मजबूत रहेंछ।

**मीन राशि :** यह सप्ताह आपके लिए लाभ और मनोकामना पूर्ति का रहेगा, क्योंकि चंद्रमा आपके ग्यारहवें भाव से यात्रा शुरू करेंगे और शनि आपकी राशि में हैं. करियर में प्रमोशन और बड़ी सफलता के योग हैं. बिजनेस में अप्रत्याशित लाभ होगा और आपकी आर्थिक स्थिति सुधरेगी. लव लाइफ में पार्टनर के साथ रोमांटिक पल बिताएंगे और रिश्ते विवाह में बदल सकते हैं. दांपत्य जीवन में विश्वास बढ़ेगा. स्वास्थ्य में सुधार होगा और आप ऊर्जावान महसूस करेंगे। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा और नए प्रभावशाली लोगों से दोस्ती होगी। जोखिम भरे निवेशों में सफलता मिलेगी और प्रगति के मार्ग खुलेंगे।

## न्यूज ब्रीफ

### आपत्तिजनक टिप्पणी मामले में निगम की सख्त कार्रवाई, प्लेसमेंट कर्मचारी सेवा से पृथक

**दुर्ग।** सोशल मीडिया पर वायरल व्हाट्सएप चैट में हिंदू देवी-देवताओं के खिलाफकथित आपत्तिजनक टिप्पणी किए जाने के मामले में दुर्ग नगर पालिक निगम प्रशासन ने सख्त कार्रवाई की है। निगम आयुक्त सुमित अग्रवाल के निर्देश पर प्लेसमेंट कर्मचारी गौतम साहू को तत्काल प्रभाव से सेवा से पृथक कर दिया गया है। प्राप्त शिकायत के अनुसार सोशल मीडिया पर वायरल हुए चैट स्क्रीनशॉट में धार्मिक भावनाओं को आहत करने वाली टिप्पणियां किए जाने का आरोप लगाया गया था। मामला निगम आयुक्त के संज्ञान में आने पर उन्होंने इसे गंभीरता से लेते हुए तत्काल कार्रवाई के निर्देश दिए। निगम प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि किसी भी धर्म, आस्था एवं सामाजिक भावनाओं को ठेस पहुंचाने वाली गतिविधियों को किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। साथ ही यह भी कहा गया कि शासकीय कार्य में अनुशासन, मर्यादा एवं जिम्मेदार आचरण बनाए रखना सभी कर्मचारियों का दायित्व है। आयुक्त सुमित अग्रवाल के निर्देशानुसार संबंधित प्लेसमेंट कर्मचारी गौतम साहू को तत्काल कार्यमुक्त करते हुए सेवा से पृथक कर दिया गया। निगम प्रशासन की इस कार्रवाई को अनुशासन एवं सामाजिक सौहार्द बनाए रखने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।

### अरसद हुसैन बने अध्यक्ष, अरयूब को 84 मतों से हराया



**खैरागढ़।** छत्तीसगढ़ राज्य वक़्फ़ बोर्ड रायपुर के निर्देशानुसार जामा मस्जिद खैरागढ़ में अध्यक्ष पद हेतु हुए चुनाव में अरसद हुसैन डब्बू ने सीधे मुकाबले में अय्यूब को 84 मतों से हराकर अध्यक्ष निर्वाचित हुए है. चुनाव समिति के द्वारा अरसद को परिणाम घोषणा पत्र दिया गया. जामा मस्जिद खैरागढ़ के मुतवल्ली चुनाव हेतु विगत एक माह से चल रही प्रक्रिया अनुविभागीय अधिकारी राजस्व खैरागढ़ के मार्गदर्शन, मतदान कार्यपालिक मजिस्ट्रेट के निर्देशन तथा चुनाव समिति के नेतृत्व में सम्पन्न कराया गया। 85 प्रतिशत हुआ मतदान. कुल मतदाता 464 में से 396 ने मतदान किया. अरसद हुसैन को 239 कुल प्राप्त हुए वही अय्यूब सोलंकी ने 155 मत प्राप्त किया और 2 वोट रद्द हुआ। दिव्यांग जनों और बुजुर्गो ने दिखाया उत्साह. मतदान में मुस्लिम समाज के पुरुष मतदाताओं ने मतदान किया. इसमें शहर और ग्रामीण क्षेत्र के दिव्यांग जनों और बुजुर्गो ने उत्साह दिखाया भरी गर्मी में मतदान करने आये। नव मतदाता का तहसीलदार ने किया अभिनंदन. जामा मस्जिद चुनाव में लगभग 15 प्रतिशत नव मतदाता शामिल हुए थे, जिन्होंने पहली बार मतदान किया. कार्यपालिक मजिस्ट्रेट भूपेंद्र नेताम ने उनका उत्साह वर्धन करते हुए पहला अनुभव पूछा। चुनाव को व्यवस्थित, निष्पक्ष और शांति पूर्ण तरीके से कराने में चुनाव समिति की अहम भूमिका रही. वक़्फ़ बोर्ड द्वारा गठित समिति ने प्रशासन, पुलिस, प्रेस और पब्लिक से बेहतर समन्वय और सहयोग लेते हुए पहली बार पूर्ण प्रक्रिया के साथ निर्विवाद चुनाव सम्पन्न कराया। समिति ने सभी सभागियों का आभार व्यक्त किया है।

### भाजपा मंडल कुम्हारी द्वारा आत्मनिर्भर मंडल और बूथ सशक्तीकरण पर हुई बैठक

**कुम्हारी।** भारतीय जनता पार्टी कुम्हारी मंडल के द्वारा गुरुवार को प्रदेश व ज़िला के निर्देश पर आत्मनिर्भर मंडल और बूथ सशक्तिकरण के विषय में बैठक का आयोजन किया गया। इस मंडल कार्यक्रम में मुख्य अतिथि सीएसआईडीसी के चेयरमैन केबिनेट मंत्री दर्जा प्राप्त और पाटन विधानसभा के प्रभारी राजीव अग्रवाल, प्रदेश मंत्री जितेन्द्र वर्मा , मंडल प्रभारी व ज़िला उपाध्यक्ष मनोज सोनी, ज़िला महामंत्री दिलीप साहू , ज़िला सोशल मीडिया प्रभारी रजनीश श्रीवास्तव , सह सोशल मीडिया प्रभारी अविनाश राजपूत, अध्यक्ष नगर पालिका परिषद कुम्हारी श्रीमती मीना वर्मा उपस्थित रहे। स्वागत भाषण मंडल अध्यक्ष धर्मेंद्र सिन्हा ने दिया, कार्यक्रम का संचालन मंडल महामंत्री दीपक चतुर्वेदी ने किया, साथ ही वरिष्ठ भाजपा नेता राकेश पांडेय, जिला महिला मोर्चा अध्यक्ष श्रीमती तृप्ति चंद्राकर, बैठक प्रभारी गोल्डी गोस्वामी, योगेश साहू, पी एन दुबे, मनोज वर्मा ,रामाधार शर्मा, सोशल मीडिया प्रभारी किसान मोर्चा मिथलेश यादव, सांसद प्रतिनिधि राजू निषाद, रामकुमार सोनी एवं अवधेश शुक्ला सहित मंडल के सभी पदाधिकारी, सभी मोर्चा के वर्तमान एवं निवर्तमान पदाधिकारी, सभी वर्तमान एवं निवर्तमान पार्षद,छाया पार्षद एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# द्वितीय नेशनल लोक अदालत में रिकॉर्ड निराकरण : 7.92 लाख से अधिक मामलों का हुआ समाधान

## 52 करोड़ से अधिक की अवार्ड राशि पारित

समवेत शिखर संवाददाता

**दुर्ग।** वर्ष 2026 की द्वितीय नेशनल लोक अदालत में प्रदेशभर में कुल 7,92,401 मामलों का निराकरण किया गया, जिसमें कुल 52,14,67,009.16 रुपये की अवार्ड राशि पारित हुई। नेशनल लोक अदालत का शुभारंभ माननीय छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधिपति एवं मुख्य संरक्षक, छत्तीसगढ़ राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण बिलासपुर द्वारा जिला मुंगेली से किया गया। इस दौरान प्रदेश के सभी जिले वर्चुअल माध्यम से कार्यक्रम से जुड़े रहे।

मुख्य न्यायाधिपति ने लोक अदालत को आमजन को त्वरित और सुलभ न्याय उपलब्ध कराने का प्रभावी माध्यम बताते हुए सभी न्यायिक अधिकारियों, अधिवक्ताओं और संबंधित विभागों से समन्वयपूर्वक कार्य करने का आह्वान किया। राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली के निर्देशानुसार तथा छत्तीसगढ़ राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण बिलासपुर के मार्गदर्शन में प्रधान जिला न्यायाधीश एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण दुर्ग के निर्देशन में जिला न्यायालय दुर्ग, कुटुंब न्यायालय, व्यवहार न्यायालय भिलाई-3, पाटन, धमधा सहित किशोर न्याय बोर्ड, श्रम न्यायालय, स्थायी लोक अदालत (जनोपयोगी सेवाएं), राजस्व न्यायालय एवं उपभोक्ता फोरम में नेशनल लोक अदालत आयोजित की गई।



प्रथम जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश दुर्ग द्वारा दीप प्रज्ज्वलित कर लोक अदालत का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम में जिला अधिवक्ता संघ के पदाधिकारी, न्यायाधीशगण, अधिवक्तागण, बैंक अधिकारियों सहित बड़ी संख्या में पक्षकार उपस्थित रहे। लोक अदालत के सफल संचालन के लिए कुल 38 खंडपीठों का गठन किया गया। इनमें जिला न्यायालय दुर्ग हेतु 29, परिवार न्यायालय हेतु 3 तथा अन्य न्यायालयों हेतु अलग-अलग खंडपीठें गठित की गईं।इस दौरान दाण्डिक, सिविल, पारिवारिक, मोटर दुर्घटना दावा, चेक अनादरण, बैंकिंग, विद्युत, दूरसंचार एवं प्री-लिटिगेशन मामलों का आपसी सहमति एवं राजीनामे के आधार पर निराकरण किया गया। लोक अदालत में 17,906 न्यायालयीन प्रकरण एवं 7,75,129 प्री-लिटिगेशन प्रकरणों का निराकरण हुआ। बैंक, विद्युत एवं दूरभाष से संबंधित प्री-लिटिगेशन मामलों में 70 लाख 78 हजार 899 रुपये की समझौता राशि तय हुई। वहीं लंबित मामलों में 511 दाण्डिक, 42 मोटर दुर्घटना दावा, 111 पारिवारिक, 381 चेक अनादरण, 41 व्यवहार वाद, 5 श्रम न्यायालय तथा 8,118 स्थायी लोक अदालत के मामलों का निराकरण किया गया।

नेशनल लोक अदालत के दौरान जिला न्यायालय परिसर में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी कार्यालय के सहयोग से निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर लगाया गया, जिसमें न्यायिक अधिकारियों, अधिवक्ताओं और आम नागरिकों ने स्वास्थ्य परीक्षण कराया। वहीं गुरुद्वारा शहीद बाबा दीप सिंह एवं श्री गुरु सिंह सभा गुरुद्वारा के सहयोग से निःशुल्क भोजन की व्यवस्था भी की गई। इसके अतिरिक्त केंद्रीय जेल दुर्ग द्वारा बंदियों द्वारा निर्मित ÷जेल उत्पाद÷ की प्रदर्शनी भी आकर्षण का केंद्र रही।

**महत्वपूर्ण मामलों का निराकरण :** लोक अदालत में कई महत्वपूर्ण मामलों का सौहार्दपूर्ण समाधान हुआ। मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण के एक मामले में बीजापुर में पदस्थ एसआई आर्म्स सुनील कुमार ईलमकार को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से सुनवाई कर 1 लाख 80 हजार रुपये की क्षतिपूर्ति राशि प्रदान की गई। इसी प्रकार सुपेला थाना क्षेत्र के मारपीट एवं धमकी के एक मामले में दोनों पक्षों के बीच समझौता कर प्रकरण समाप्त किया गया। भिलाई नगर थाना क्षेत्र के एक अन्य आपराधिक मामले में जिला जेल बेमेतरा में निरुद्ध प्रार्थी से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से चर्चा कर समझौता कराया गया। उतई थाना क्षेत्र के एक विवाद में भी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए समझाइश देकर दोनों पक्षों के बीच सुलह कराई गई। वहीं भिलाई भट्टी थाना क्षेत्र के चोरी के मामले तथा सुपेला थाना क्षेत्र के वाहन विवाद से जुड़े प्रकरण भी आपसी सहमति से समाप्त किए गए। नेशनल लोक अदालत में बड़ी संख्या में मामलों के त्वरित निराकरण से पक्षकारों को राहत मिली तथा वर्षों पुराने विवाद सौहार्दपूर्ण वातावरण में समाप्त हुए।

# नगरपालिका कुम्हारी के पार्किंग से साइकिल चुराने वाले व्यक्ति को पालिका कर्मचारियों ने पकड़ा

समवेत शिखर संवाददाता

**कुम्हारी।** पिछले 6-7 महीनों से नगर पालिका के पार्किंग में सक्रिय साइकिल चोर आखिरकार पकड़ा गया है। खास बात यह है कि इस चोर को किसी और ने नहीं, बल्कि नगर पालिका के ही कर्मचारियों ने अपनी सतर्कता से शनिवार की सुबह करीब 7 बजे रंगे हाथों पकड़ा। आरोपी को पकड़ने के बाद पुलिस के सुपुर्द कर दिया। पकड़े जाने के समय आरोपी नशे की हालत में था। जानकारी के अनुसार, 6 मई 2026 को आयोजित जन समस्या निवारण शिविर के दौरान एक कर्मचारी की साइकिल स्टैंड से चोरी हो गई थी। जब सीसीटीवी फुटेज की जांच की गई, तो उसमें सुबह 9~45 बजे एक अज्ञात व्यक्ति साइकिल ले जाते हुए नजर आया। इस फुटेज के आधार पर नगर पालिका के लोग लगातार उस संदिग्ध पर नजर रखे हुए थे। आज सुबह जैसे ही वह व्यक्ति दोबारा पार्किंग क्षेत्र में दाखिल हुआ, वहां मौजूद कर्मचारियों ने मुस्तैदी दिखाते हुए उसे धर-दबोचा।

पार्किंग क्षेत्र से पिछले कुछ महीनों में कुल 7 साइकिलें और 1 बाइक चोरी होने की जानकारी सामने आई है। बाइक तो पहले ही बरामद कर ली गई थी, लेकिन साइकिलों की चोरी का सिलसिला थम नहीं रहा था। अब तक कुल 6 साइकिलें चोरी हो चुकी हैं, जिनमें से 4 साइकिलें नगर पालिका के कर्मचारियों की हैं और 2 साइकिलें आम नागरिकों की हैं। दरअसल, कई आम नागरिक अपनी रोजमर्रा की जरूरतों और नौकरी के लिए साइकिल पार्किंग में खड़ी कर रायपुर काम पर जाते हैं, चोर इन्हीं साइकिलों को अपना निशाना बनाता था।



पकड़े गए आरोपी के पास से एक बोरी और कुछ औजार भी बरामद हुए हैं, जिनका उपयोग वह साइकिलों के ताले तोड़ने और चोरी की घटनाओं को अंजाम देने के लिए करता था। पूछताछ के दौरान आरोपी ने नशे की हालत में अपना नाम संतोष साहू बताया है, हालांकि उसकी पहचान के संबंध में अभी तक कोई आधिकारिक पुष्टि नहीं हो पाई है। नगर पालिका प्रशासन और कर्मचारियों की इस तत्परता के बाद अब पुलिस आरोपी को हिरासत में लेकर वैधानिक कार्यवाही कर रही है। यह उम्मीद जताई जा रही है कि पूछताछ में पिछले 6-7 महीनों में चोरी हुई अन्य साइकिलों का भी पता चल सकेगा। आरोपी पर आगे क्या कानूनी कार्यवाही होती है, यह पुलिस की जांच और आधिकारिक अपडेट के बाद ही स्पष्ट हो पाएगा।

# कलेक्ट की पहल पर एक ऑख से दृष्टि बाधित 29 साल के युवक का बना आधार कार्ड

समवेत शिखर संवाददाता

**रिसाली।** नगर पालिक निगम रिसाली के पुरैना सुशासन शिविर में कलेक्टर अभिजीत सिंह के प्रयास से 29 साल के युवक देवेन्द्र कौशल का आधार कार्ड बन पाया। दरअसल युवक एक ऑख से दृष्टि बाधित है। कई बार प्रयास करने के बाद भी तकनीकी कारणों से आधार कार्ड नहीं बन पा रहा था। शिविर में हितग्राही के अनुरोध पर कलेक्टर अभिजीत ने आधार कार्ड बनाने अधिकृत एजेंसी से संवाद कर शिविर स्थल पर ही दो बच्चों के पिता देवेन्द्र का आधार कार्ड बनवाया। सुशासन 2026 के शिविर में दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर ने पुरैना के 26 युवाओं को लर्निंग लाइसेंस सौंपा।



दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर शिविर में समस्या मूलक आवेदन लेकर पहुंचे लोगों से चर्चा कर समस्याओं से अवगत हुए। इस दौरान उन्होंने महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा लगाए स्टॉल का निरीक्षण करते महतारी वंदन योजना के तहत केवाईसी कराने वाले हितग्राहियों से चर्चा की। साथ ही विधायक ने परिवहन विभाग द्वारा लगाए स्टॉल तक पहुंचे और 26 युवाओं को शिविर में बनाए गए लर्निंग लाइसेंस को सौंपा। उन्होंने शिविर में पहुंचे नागरिकों से वन टू वन चर्चा की। इसके अलावा ललित चंद्राकर ने गोद भराई रस्म में शामिल हुए। वहीं आयुक्त मोनिका वर्मा ने बालिकाओं को स्वच्छता कीट का वितरण की। इस दौरान शिविर में निगम के सभापति केशव बंछोर, एमआईसी सदस्य रंजीता बेनुआ, सनीर साहू, पार्षद पार्वती महानंद, खिलेन्द्र चंद्राकर, मरोदा पुरैना मण्डल अध्यक्ष राजू जंघेल, विधायक प्रतिनिधि गोविंद साहू विशेष रूप से उपस्थित थे। कलेक्टर ने सुनी समस्याएं- शिविर में कलेक्टर अभिजीत सिंह न केवल स्टॉल तक पहुंचे, बल्कि समस्या मूलक आवेदन लेकर स्थल तक पहुंचने वाले नागरिकों से चर्चा भी की। उन्होंने पेयजल, पट्टा और अतिक्रमण से संबंधित आवेदनों का निराकरण करने के निर्देश संबंधित विभाग के अधिकारियों को दिए।

# खाद की किल्लत और कड़े नियमों पर बरसे विप्लव साहू, भाजपा सरकार की आलोचना

समवेत शिखर संवाददाता



**खैरागढ़।** छत्तीसगढ़ प्रदेश में खेती-किसानी की तैयारियां तेज हो गई हैं, लेकिन खाद की अनुपलब्धता ने किसानों की चिंता बढ़ा दी है. जिला पंचायत राजनांदगांव के पूर्व सभापति और कांग्रेस नेता विप्लव साहू ने खाद के लिए भटक रहे किसानों की बदहाली को लेकर भाजपा सरकार की आलोचना की है।

विप्लव साहू ने कहा कि जून में मानसून की दस्तक होने वाली है और किसान खेतों की तैयारी में जुटे हैं, लेकिन खैरागढ़-छुईखदान-गंडई की सोसायटियों की स्थिति दयनीय है. उन्होंने आरोप लगाया कि किसी भी सोसायटी में किसानों को एक बोरी खाद तक नसीब नहीं हो रही है और न ही समितियों के पास खाद की आवक को लेकर कोई पुख्ता सूचना है। कांग्रेस नेता ने निजी विक्रेताओं और खुले बाजार में लागू किए गए कड़े नियमों पर भी सवाल उठाए. उन्होंने कहा कि खाद विक्रेताओं द्वारा किसानों से अनिवार्य रूप से बी-1, नक्शा और खसरा की मांग की जा रही है. यह नियम न केवल जटिल है, बल्कि पहले से परेशान किसानों को मानसिक रूप से तंग करने वाला है।

आसमान में मंडराते बादल किसानों के लिए उम्मीद का संदेश लेकर आते हैं. खेतों की मेड़ें संवरने लगती हैं, हल की धार तेज होने लगती है और गांवों में खरीफ की तैयारी का उत्साह दिखाई देने लगता है. लेकिन इस बार छत्तीसगढ़ का अन्नदाता उम्मीद से ज्यादा चिंता ढोता नजर आ रहा है. वजह है खाद की भारी किल्लत और उस पर शासन के ऐसे कठोर नियम, जिन्होंने किसानों की परेशानी को और बढ़ा दिया है। सरकार की यह उदासीनता खरीफ सीजन की पैदावार को बुरी तरह प्रभावित कर सकती है. सरकार अन्नदाताओं की कमजोर हालत को और अधिक जटिल बनाना बंद करें. समय रहते सोसायटियों में खाद की पर्याप्त आपूर्ति सुनिश्चित करना चाहिए।

# नेशनल लोक अदालत में कवर्धा में 31 हजार से अधिक प्रकरणों का हुआ निराकरण, बिछड़े परिवारों में लौटी खुशियां

समवेत शिखर संवाददाता

**कवर्धा।** छत्तीसगढ़ राज्य में आज 9 मई को तालुका न्यायालय के स्तर से लेकर उच्च न्यायालय तक सभी न्यायालयों में नेशनल लोक अदालत आयोजित किया गया। छत्तीसगढ़ में आयोजित इस नेशनल लोक अदालत का शुभारंभ माननीय उच्च न्यायालय छत्तीसगढ़ के मुख्य न्यायमूर्ति महोदय श्री रमेश सिन्हा, के द्वारा वर्चुअल माध्यम से किया गया। जिसके पश्चात जिला कबीरधाम में आयोजित इस नेशनल लोक अदालत में प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश / अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कु0 संघरत्ना भतपहरी के द्वारा उक्त नेशनल लोक अदालत का शुभारंभ किया गया ।

नेशनल लोक अदालत को यादगार बनाने सेल्फी प्वाइंट तथा स्वास्थ्य शिविर की भव्यता नेशनल



लोक अदालत में देखते ही बन रही थी। जिला न्यायालय के प्रवेश द्वार पर सेल्फी प्वाइंट बनाया गया था, जिसमे पक्षकार अपनी मनमोहक फोटो तस्वीरों के माध्यम से जीवंत रख रहे थे। इस दौरान न्यायालय परिसर में आयोजित स्वास्थ्य शिविर में आये हुए पक्षकारों द्वारा स्वास्थ्य लाभ भी लिया जा रहा था।

उक्त लोक अदालत में जिले में कुल 11 खण्डपीठ गठित किया गया था, जिसमें से 10 खण्डपीठ जिला मुख्यालय कबीरधाम तथा 01 खण्डपीठ व्यवहार न्यायालय पण्डरिया में गठित की गई थी। जिसमें राजीनामा योग्य समस्त दाण्डिक मामले, चेक बाउन्स के प्रकरण, समस्त प्रकार के व्यवहार वाद प्रकरण, मोटर दुर्घटना से उत्पन्न दावा प्रकरण, कुटुम्ब न्यायालय में लंबित वैवाहिक विवाद से संबंधित प्रकरण, इसके साथ ही प्री-लिटिगेशन (मुकदमा पूर्व वाद प्रकरण) यथा बिजली बिल, दूरभाष, बैंक लोन, जल कर से संबंधित प्रकरण रखे गये थे। उल्लेखनीय है कि, नेशनल लोक अदालत के खण्डपीठ क्रमांक 01 में प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश कबीरधाम कु0 संघरत्ना भतपहरी द्वारा मोटर दुर्घटना दावा प्रकरण में कुल 28,60,000/- रूपये का अवार्ड राशि पारित किया गया। खण्डपीठ क्रमांक 02 में परिवार न्यायालय कबीरधाम में पीठासीन अधिकारी श्री प्रवीण कुमार प्रधान, द्वारा परिवार न्यायालय में वैवाहिक विवाद से संबंधित प्रकरण में कुल 25 प्रकरण का निराकरण करते हुए वैवाहिक संबंधों में मधुरता स्थापित करते हुए सुखद दाम्पत्य का पुर्नस्थापन किया गया। खण्डपीठ क्रमांक 03 में पीठासीन अधिकारी श्रीमती योगिता विनय वासनिक द्वारा विद्युत प्रकरण में कुल 2,78,997/- रूपये राशि का वसूली करते हुए प्रकरण का निराकरण किया गया।

# अवैध रूप से शराब बिक्री करते 04 आरोपी गिरफ्तार

समवेत शिखर संवाददाता

**खैरागढ़।** जिला केसीजी में पुलिस द्वारा नशे के कारोबारियो के विरूद्ध लगातार प्रभावी कार्यवाही की जा रही है। इसी क्रम में दिनांक 08/05/26 को थाना खैरागढ एवं साइबर सेल सयुक्त टीम द्वारा अलग अलग स्थानो ग्राम बैहाटोला में दबिश देकर अवैध शराब ब्रिकी करते 02 आरोपी को गिरफ्तार किया गया(1)मुखबीर की सूचना पर ग्राम बैहाटोला के आरोपी के किराना दुकान प्रकाश राजपुत के कब्जे से मात्रा में 137 पौवा शोले प्लेन देशी पौवा कुल मात्रा 24160 एम. एल. किमत लगभग 10960 रूपये ब्रिकी रकम 1270 रूपये कुल किमत 12230 रूपये से अधिक शराब रखकर ब्रिकीकरते हुये रंगे हाथ पकडा गया आरोपी के विरूद्ध थाना खैरागढ में अप0 क्र0 191/26 धारा 34 (2) आबकारी एक्ट के तहत मामला पंजीबद्ध किया गया।

(2) मुखबीर की सूचना पर ग्राम बैहाटोला के आरोपी चन्द्रकुमार वर्मा अपने घर अन्दर अपने कब्जे में मात्रा से अधिक शराब एक सफेद रंग के प्लास्टिक थैला में 127 पौवा शोले प्लेन देशी पौवा कुल मात्रा 22860 एम.एल.किमत लगभग 10160 रूपये, दुसरा सफेद रंग प्लास्टिक थैला में 24 पौवा गोवा व्हीसकी कुल मात्रा 4320 एम.एल. किमत 2880 रूपये कुल मात्रा 27180 एम.एल कुल किमती 1340 रूपये नगदी रकम 720 रूपये कुल जुमला 13760



रूपये को आरोपी के कब्जे से जप्त कर अप. क्र0 192/26 धारा 34 (2) आबकारी एक्ट के तहत मामला पंजीबद्ध किया गया। (3) मुखबिर की सूचना पर घटना स्थल आमगांव रोड़ पवन चन्द्राकर के फार्म हाउस के सामने छुईखदान के पास रेड कार्यवाही किया गया आरोपीगण 1. बाबुलाल जंघेल पिता भरोसा जंघेल उम्र 70 साल साकिन विचारपुर थाना छुईखदान जिला केसीजी, 2. हुकुम जंघेल पिता जेठु जंघेल उम्र 40 साल साकिन कोटरा थाना छुईखदान जिला केसीजी के कब्जे से एक सफेद रंग के बोरी में 20 पौवा शोले देशी प्लेन शराब मात्रा 3.600 बल्क लीटर कीमती 1600 रूपये, एवं 03 बाटल अंग्रेजी 1848 सुपिरियर माल्ट व्हीस्की मात्रा 2.250 बल्क लीटर कीमती 2400 रूपये तथा मोटर सायकल स्पलेंडर क्रमांक सीजी 08 एनए 1108 कीमती 35000 रूपये जुमला 39000 रूपये जप्त कर कब्जा पुलिस लिया।

**0 बेमेतरा।** जिला न्यायालय बेमेतरा में वर्ष 2026 की द्वितीय नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया गया, जिसमें कुल 13,029 प्रकरणों का सफलतापूर्वक निराकरण किया गया। लोक अदालत में बड़ी संख्या में पक्षकार उपस्थित हुए तथा आपसी समझौते एवं सुलह के माध्यम से मामलों का त्वरित निपटारा किया गया।


## कार्यालय नगर पालिक निगम, दुर्ग

-:: ई-प्रोक्योरमेंट द्वितीय निविदा आमंत्रण सूचना ::-

**क्र./07/ज.प्र.वि./2026** **दिनांक 08/05/2026**

एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत अनुभवी ठेकेदारों से नीचे उल्लेखित कार्य ऑनलाईन (Online) निविदा आमंत्रित की जाती है:-

| क्र. | कार्य का नाम | लागत (लाख में) | निविदा जारी दिनांक |
|---|---|---|---|
| 1 | वार्ड क्रमांक 34 सरस्वती नगर प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) ए.एच.पी. साईट में पाईप लाईन विस्तार कार्य। (2nd Call) Syatem No. 190607 Dated:08.05.2026 | रु. 18.45 | 08.05.2026 से 23.05.2026 खोलने की तिथि 26.05.2026 |

निविदा की सामान्य शर्तें धरोहर राशि निविदा विज्ञप्ति निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है अथवा ई-प्रोक्यूरमेंट वेब पोर्टल **http://eproc.cgstate.gov.in** एवं विभागीय वेबसाइट **http://uad.cg.gov.in** से भी डाउनलोड की जा सकती है।

**कार्यालय अभियंता**



## कार्यालय कलेक्टर, जिला-बीजापुर, छत्तीसगढ़
## (आदिवासी विकास शाखा)

-:: ई-प्रोक्यूरमेंट प्रथम निविदा आमंत्रण सूचना ::-

निविदा क्र./आ.वि./ निर्माण/ 2026-27/308 / बीजापुर, दिनांक 07.05.2026

छत्तीसगढ़ के राज्यपाल के नाम से कार्यालय कलेक्टर (आदिवासी विकास शाखा) जिला बीजापुर की ओर से निम्नलिखित आश्रम शाला भवन निर्माण सह विद्युतीकरण कार्यो हेतु एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत पंजीकृत 'C' श्रेणी एवं इससे उपर श्रेणी पात्र ठेकेदारों से प्रमुख अभियंता, लोक निर्माण विभाग छत्तीसगढ़ शासन रायपुर द्वारा भवन दर अनुसूची जो दिनांक 01.01.2015 से प्रभावशील एवं अद्यतन संशोधन सहित एस.ओ.आर. पद्धति के तहत ई-टेंडरिंग के माध्यम से प्रतिशत दर पर निविदा आमंत्रित की जाती है।

| क्र0 | NIT क्र./दि. | सिस्टम क्रमांक | कार्य का नाम | कार्य की अनु. लागत | निविदा कॉल | अमानत राशि (रू.) |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 01 | 17/06.05.2026 | 190390 | आदिवासी बालक आश्रम गोमटेर | 15119000.00 | 1st call | 113400.00 |
| 02 | 18/06.05.2026 | 190392 | आदिवासी बालक आश्रम मारूड़बांका | 15119000.00 | 1st call | 113400.00 |
| 03 | 19/06.05.2026 | 190394 | आदिवासी बालक आश्रम धरमापुर | 15119000.00 | 1st call | 113400.00 |
| 04 | 20/06.05.2026 | 190395 | आदिवासी बालक आश्रम रासपल्ली | 15119000.00 | 1st call | 113400.00 |
| 05 | 21/06.05.2026 | 190396 | आदिवासी बालक आश्रम तामोड़ी | 15119000.00 | 1st call | 113400.00 |
| 06 | 22/06.05.2026 | 190401 | आदिवासी बालक आश्रम तोड़का | 15119000.00 | 1st call | 113400.00 |
| 07 | 23/06.05.2026 | 190405 | आदिवासी बालक आश्रम पिड़ीया | 15119000.00 | 1st call | 113400.00 |
| 08 | 24/06.05.2026 | 190408 | आदिवासी बालक आश्रम पुसबांका | 15119000.00 | 1st call | 113400.00 |
| 09 | 25/06.05.2026 | 190412 | आदिवासी बालक आश्रम पुजारीकांकेर | 15119000.00 | 1st call | 113400.00 |

उपरोक्त निर्माण कार्यो की निविदा अंतिम तिथि (Bid due Date) 02.06.2026 तक आमंत्रित की जाती है। निविदाएं डाउनलोड करने की तिथि (Bid start Date) 08.05.2026 से है। निविदा की सामान्य शर्ते धरोहर राशि, निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी छत्तीसगढ़ शासन की ई-प्रोक्योरमेन्टवेबसाईट- https://eproe.cgstate.gov.in पर में देखे जा सकते है।

(कलेक्टर महोदय द्वारा अनुमोदित)

सहायक आयुक्त
आदिवासी विकास-बीजापुर

जी-262700596/8

## महासमुंद एवं बसना अनुभाग अंतर्गत शिविर स्थलों में आंशिक संशोधन, 11 मई को अछोला हाईस्कूल में समाधान शिविर आयोजित

**महासमुंद।** कलेक्टर विनय कुमार लंगेह के मार्गदर्शन में जिले में आयोजित किए जा रहे सुशासन तिहार अंतर्गत महासमुंद एवं बसना अनुभाग में समाधान शिविर के लिए निर्धारित कुछ स्थलों में आंशिक परिवर्तन किया गया है। जिले में शिविर 01 मई से 10 जून तक विभिन्न ग्राम पंचायतों एवं नगरीय निकायों में आयोजित किए जा रहे हैं। जारी संशोधित कार्यक्रम के अनुसार महासमुंद अनुभाग में 11 मई को पूर्व निर्धारित हाई स्कूल मैदान, पीढ़ी के स्थान पर अब हाई स्कूल मैदान अछोला में समाधान शिविर आयोजित किया जाएगा। इसी प्रकार 25 मई को हाई स्कूल मैदान कछारडीह के स्थान पर शासकीय प्राथमिक शाला सलिहाभाटा ग्राम पंचायत तोरला में शिविर आयोजित होगा। वहीं बसना अनुभाग अंतर्गत नगर पंचायत बसना में पूर्व निर्धारित 24 मई के स्थान पर अब 22 मई को समाधान शिविर आयोजित किया जाएगा। जिला प्रशासन ने आमजनों से संशोधित तिथि एवं स्थल के अनुसार शिविर में उपस्थित होकर शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं एवं समस्या निराकरण सेवाओं का लाभ लेने की अपील की है।

# एलपीजी कैप्सूल गैस वाहनों से गबन का मुख्य षड़यंत्रकारी जिला खाद्य अधिकारी अजय और भाजपा नेता पंकज निकला

### एसपी ने किया खुलासा, 80 लाख में हुई थी डील 50 लाख खाद्य अधिकारी, 20 लाख पंकज और 10 लाख मनीष को मिला

समवेत शिखर संवाददाता

**महासमुंद।** सिंघोड़ा थाना क्षेत्र में जब्त किए गए एलपीजी कैप्सूल वाहन से डेढ़ करोड़ की गैस चोरी के मामले में स्थानीय एसपी कार्यालय में खुलासा करते हुए।

एसपी प्रभात कुमार ने पत्रकारों को बताया कि 6 नग कैप्सूल वाहन से गैस चोरी के मामले में मुख्य षड़यंत्रकारी जिले के खाद्य अधिकारी अजय यादव षड़यंत्रकारी निकला और उन्होंने गौरव गैस एजेंसी के देखरेख करने वाले पंकज चंद्राकर के साथ मिलकर गबन की योजना बनाई। इस मामले में रायपुर के गैस चूल्हा बेचने वाले मनीष चौधरी को भी षड़यंत्र में शामिल किया और चोरी का तानाबाना बुना गया। एसपी ने पत्रकारों को बताया कि कैप्सूल वाहनों की जब्ती के बाद गर्मी के दिनों में दुर्घटना से बचने के लिए एसपी कार्यालय से कलेक्टर को पत्र लिखकर सुरक्षित स्थान पर रखने पत्राचार किया गया था। इस पत्राचार के बाद ही जिला खाद्य अधिकारी ने षड़यंत्र को अमलीजामा पहनाने की तैयारी की। चूंकि इस प्रकरण में डिलिंग के लिए गैस की मात्रा का आंकलन जरूरी था। इसके लिए सबसे पहले 23 मार्च को पहली बैठक खाद्य अधिकारी अजय यादव और पंकज चंद्राकर के बीच हुई। जिसमें एक करोड़ के गबन की पटकथा को अंजाम देने के लिए जिले से बाहर के दूसरे एजेंसियों से संपर्क करने कहा गया इस पर पंकज ने मनीष चौधरी का नाम सुझाया। बातचीत में गैस की मात्रा जांचने के लिए दोनों 26 मार्च को सिंघोड़ा थाना पहुंचे और कैप्सूल वाहनों में कुल 105 मिट्रीक टन गैस होने का अनुमान लगाया जिसकी कीमत 1 करोड़ के अपासास आकते हुए मनीष चौधरी से फोन पर संपर्क कर उसी दिन संभावित एजेंसी को बुलाने कहा गया। 26 मार्च को ही रात 11 बजे एक गैस एजेंसी मालिक के साथ बात हुई किंतु उक्त एजेंसी के मालिक ने शामिल होने से इंकार कर दिया। इसके बाद मनीष ने अभनपुर के ठाकुर मेट्रोकेमिक्ल से पक्की डील की। मामला 1 करोड़ का था किंतु 80 लाख में डील हुआ और सुपुर्दनामा के लिए ठाकुर ने हामी भरी। इस डील की राशि में से 50 लाख खाद्य अधिकारी अजय यादव को, 20 लाख पंकज चंद्राकर को, 10 लाख रुपए मनीष चौधरी को देना तय किया गया। तकनीकी पड़ताल के आधार पर कैसे-कैसे पैसे का लेनदेन करने के साथ ही मनीष चौधरी के एकाउंट में 30 लाख रुपए स्योरटी गिरवी के रूप में डिजिटल डलवाया गया था और जब राशि इन्हें मिल गई तो उक्त डिटिजट पेमेंट वापस भी किया गया। चुकिं पुरा पैसा नही मिला था इसलिए पहले तीन वाहनों की सुपुदर्गी हुई। पूरा पैसा मिलने के बाद बाद में 3 वाहनों को ठाकुर पेट्रोकेमिकल को सुपुर्दनामे में दिया गया। दरअसल ऐसे मामलों में काफी विलंब से सुपुदनामा मिलता है या फिर मालिक सामने नही आता इसलिए यह षड़यंत्र रचा गया था लेकिन कोर्ट से सुपुर्दनामा मिलने के बाद जब मालिक ने गैस चोरी होने की बात बताई तो षड़यंत्रकारियों के हौसले पस्त होने लग गए थे और इन्होंने पल्ला झाड़ने की योजना बनाकर पूरा मामला पुलिस के सिर पर फोड़ना चाहा किंतु पुलिस षड़यंत्रकारियों के मनसुबे पूरे नही होने दिए और चुनौती मानकर षड़यंत्रकारियों तक जा पहुंची। इसमें फर्जी पंचनामा वजन प्रक्रिया का भी खाद्य अधिकारी के कार्यालय में बनाया गया था जिसमें गवाही में भी मनीष चौधरी और पंकज चंद्राकर बने है। आश्चर्य जनक है कुटरचित वजन पंचनामा का दस्तावेज 8 अप्रैल की दोपहर को ही कलेक्टोरेट के आवक जावक में पहुंच गए थे किंतु वजन कांटा के रजिस्टर और पर्ची के अनुसार 1 कैप्सूल का वजन 8 अप्रैल को रात 8 बजे के बाद हुआ है। इस पूरे मामले में तीनों आरोपियों को विभिन्न धाराओं के तहत गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है। वही ठाकुर पेट्रो केमिकल के डायरेक्टर और संचालक फरार है। मैनेजर की गिरफ्तारी पहले हो चुकी है।



# शिक्षक संघ के पदाधिकारियों ने डीईओ से की मुलाकात

समवेत शिखर संवाददाता



**महासमुंद।** छत्तीसगढ़ शिक्षक संघ द्वारा महासमुंद जिला में नवागंतुक जिला शिक्षा अधिकारी बी.एल देवांगन से कार्यकारी प्रांताध्यक्ष उमेश भारती गोस्वामी उप प्रांताध्यक्ष टेकराम सेन एवं जिलाध्यक्ष अनिल पटेल के नेतृत्व में सौजन्य भेंट करते हुये अभिनंदन किया गया । इस अवसर पर कार्यकारी प्रांताध्यक्ष उमेश भारती गोस्वामी ने कहा कि छत्तीसगढ़ शिक्षक संघ सदैव शिक्षा व शिक्षार्थी हित में कार्य करते हुये महासमुंद जिला को अग्रहणी बनाने में योगदान दिया है और सतत जारी रहेगा।

समस्त पदाधिकारियों का परिचय कराते हुये उप प्रांताध्यक्ष टेकराम ने कहा कि श्री बी.एल देवांगन एक कुशल व शिक्षा के क्षेत्र में चिंतन करने वाले अधिकारी रहे हैं । उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि श्री देवांगन का कार्यकाल महासमुंद जिला में स्वर्णीम होगा । इस अवसर पर जिला शिक्षा अधिकारी श्री देवांगन ने कहा कि छग शिक्षक संघ अपने उच्च आदर्शों के कारण एक अलग पहचान स्थापित किया है ।

मैं सदैव ऐसे उत्कृष्ट संगठन व पदाधिकारियों का मार्गदर्शन लेता रहूंगा । इस अवसर पर प्रमुख रुप से उमेश भारती गोस्वामी, टेकराम सेन, नंद किशोर सिन्हा, प्रमोद कन्नौजे, अनिल पटेल, राजेश शर्मा, भागवत जगतए, किशोर कुमार रथ, टोहन देवांगन, जिला सचिव जयराम पटेल, टेकेश्वर जायसवाल, कोमल साहू, लता वैष्णव, डी बसंत कुमार साव, प्रकाश टंडन, लिंगराज देवांगन, बसंत साहू सहित जिले एवं विकासखंडों के पदाधिकारी गण उपस्थित थे ।

# महाराणा प्रताप जयंती कार्यक्रम में शामिल हुए नपाध्यक्ष

समवेत शिखर संवाददाता



**महासमुंद।** महाराणा प्रताप जी की जयंती के पावन अवसर पर युवा राजपूत क्षत्रिय समाज के तत्वावधान में नगर में शरबत वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के माध्यम से भीषण गर्मी में आमजन एवं राहगीरों को शीतल शरबत वितरित कर सेवा एवं मानवता का संदेश दिया गया। कार्यक्रम में नगर पालिका अध्यक्ष निखिल कांत साहू एवं पार्षद श्रीमती सुनैना पप्पू ठाकुर विशेष रूप से उपस्थित रहे। सभी अतिथियों ने महाराणा प्रताप के शौर्य, त्याग एवं स्वाभिमान को स्मरण करते हुए समाज के युवाओं द्वारा किए जा रहे सामाजिक कार्यों की सराहना की। इस अवसर पर युवा राजपूत क्षत्रिय समाज के गुमान सिंह ठाकुर, गोविन्द सिंह, परमेश्वर पप्पू ठाकुर, वैभव सिंह तोमर, सूर्या ठाकुर, राजेश सिंह, अंकुश गौर, प्रकाश सिंह, विक्रम सिंह, जयदित्य प्रताप सिंह, तुषार ठाकुर, वाशु राजपूत,राघवेन्द्र सिंह, कौशल सिंह, पूरन सिंह, सौरभ तोमर,चम्पेश्वर सिंह सहित समाज के युवा बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। कार्यक्रम में समाज प्रमुख के रूप में उदयपाल भदौरिया, भरत ठाकुर, धर्मेन्द्र ठाकुर, एसएस गौतम, सुधीर ठाकुर, मनोहर ठाकुर एवं सुश्री उपमा ठाकुर सहित बड़ी संख्या में समाजजन उपस्थित रहे। कार्यक्रम का उद्देश्य महाराणा प्रताप के आदर्शों को जन.जन तक पहुंचाना एवं समाज में सेवाए एकता और स्वाभिमान की भावना को मजबूत करना रहा।

# भाजयुमो शहर मंडल अध्यक्ष बने सचदेव

### आयुष और दीपक को मिली महामंत्री की जिम्मेदारी

समवेत शिखर संवाददाता



**महासमुंद।** भारतीय जनता पार्टी के संगठन विस्तार और युवाओं की सक्रिय भागीदारी को सुनिश्चित करने हेतु संगठन द्वारा महासमुंद शहर मंडल में नई नियुक्तियों की घोषणा की गई है। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव, प्रदेश महामंत्री संगठन पवन साय और संभाग प्रभारी अखिलेश सोनी के निर्देशों के परिपालन में, भाजयुमो प्रदेश अध्यक्ष राहुल टिकरिया की अनुमति तथा जिला प्रभारी जयंती पटेल, जिलाध्यक्ष ऐतराम साहू, विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा व शहर मंडल अध्यक्ष महेंद्र सिका की अनुशंसा पर युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष अमन वर्मा ने राकेश सचदेव को भारतीय जनता युवा मोर्चा महासमुंद शहर मंडल का अध्यक्ष नियुक्त किया है। इसके साथ ही संगठन ने आयुष दुबे और दीपक राव को शहर मंडल युवा मोर्चा के महामंत्री पद की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी है। इस घोषणा के पश्चात आज जिला भाजपा कार्यालय में कार्यक्रम आयोजित किया गया, इस दौरान नवनियुक्त पदाधिकारियों का विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा, पूर्व विधायक डॉ विमल चोपड़ा, इंद्रजीत सिंह खालसा सहित वरिष्ठ नेताओं और जनप्रतिनिधियों ने मिठाई खिलाकर बधाई देते हुए उज्वल भविष्य की कामना की एवं कार्यकर्ताओं ने आतिशबाजी के साथ उत्साहपूर्वक स्वागत किया।इस अवसर पर विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा ने बधाई देते हुए कहा कि युवाओं की ऊर्जा ही संगठन की असली शक्ति है और राकेश सचदेव के नेतृत्व में शहर के युवा संगठित होकर पार्टी को नई ऊंचाइयों पर ले जाएंगे। पूर्व विधायक डॉ. विमल चोपड़ा ने नव-नियुक्त पदाधिकारियों को उज्वल भविष्य की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि निष्ठावान कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारी मिलना भाजपा की लोकतांत्रिक परंपरा का प्रमाण है, जिससे युवाओं में नया जोश भरेगा।इंद्रजीत सिंह खालसा ने हर्ष व्यक्त करते हुए कहा कि नई टीम के आने से सामाजिक और राजनैतिक क्षेत्रों में युवाओं का वर्चस्व बढ़ेगा और संगठन की रीति-नीति घर-घर तक पहुँचेगी।अपनी नियुक्ति पर आभार व्यक्त करते हुए राकेश सचदेव ने कहा कि संगठन ने एक छोटे से कार्यकर्ता पर जो भरोसा जताया है, वह उस पर पूरी निष्ठा से खरे उतरेंगे और महासमुंद के युवाओं को पार्टी की विचारधारा से जोड़कर जनहित के मुद्दों को प्रखरता से उठाएंगे।

राकेश सचदेव सहित महामंत्रियों ने दायित्व मिलने का श्रेय सांसद श्रीमती रूपकुमारी चौधरी, जिलाध्यक्ष ऐतराम साहू, विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा, पूर्व विधायक डॉ. विमल चोपड़ा, बीज निगम अध्यक्ष चंद्रहास चंद्राकर, इंद्रजीत सिंह खालसा, पूर्व राज्य मंत्री पूनम चंद्राकर, नपा उपाध्यक्ष देवीचंद राठी, शहर मंडल अध्यक्ष महेंद्र सिका और भाजयुमो जिलाध्यक्ष अमन वर्मा सहित सभी वरिष्ठ नेताओं व कर्मठ कार्यकर्ताओं को दिया है। उन्होंने संकल्प दोहराया कि उनकी प्राथमिकता केंद्र व राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को अंतिम व्यक्ति तक पहुँचाना और राष्ट्र निर्माण में युवाओं की सहभागिता सुनिश्चित करना है।इस गरिमामयी कार्यक्रम में शहर मंडल महामंत्री अग्रज शर्मा, मीना वर्मा, अनुसूचित जाति मोर्चा प्रदेश मंत्री अरविंद प्रहरे, युवा मोर्चा जिला उपाध्यक्ष आकाश पाण्डेय, भाजपा नेता हनीश बग्गा, गोविंद सिंह ठाकुर,राजू चंद्राकर, दीनू रुपरेला, शुभम बाघ, बादल मक्कड़, अभिषेक पांडेय, शरद मराठा, जितेंद्र साहू,अंकुश सिंह राजपूत, सौरभ सचदेव, डोमार तांडी, गौरव राठी, अनिमेष राव, हरेंद्र जांगड़े, गोपी कन्नौजे सहित बड़ी संख्या में भाजपा पदाधिकारी, विभिन्न मोर्चा-प्रकोष्ठों के सदस्य और कार्यकर्ता उपस्थित रहे जिन्होंने नवनियुक्त टीम को सफल कार्यकाल की बधाई दी।

# फर्जी तरीके से राशि आहरण मामले में संलिप्त अधिकारियों पर हो एफआईआर : विनोद

समवेत शिखर संवाददाता



**महासमुंद।** पूर्व संसदीय सचिव विनोद सेवनलाल चंद्राकर ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र तुमगाँव में शून्य बढ़ाकर लाखों रु की राशि आहरण तथा शा. उमावि सिरपुर में सहायक ग्रेड.2 कर्मचारी द्वारा स्वयं का नाम व्याख्याता में में दर्ज कर अधिक वेतन राशि आहरण मामले में जाँच कर मामले में संलिप्त समस्त दोषियों पर कार्रवाई की मांग की है। श्री चंद्राकर ने कहा कि कर्मचारियों द्वारा शासकीय धनराशि का गमन एक गंभीर भ्रष्टाचार की श्रेणी में आता है।

ऐसे में केवल कुछ कर्मचारियों को निलंबित कर मामले को रफा.दफा करने का प्रयास किया जा रहा है। जबकि, इन प्रकरणों में सूक्ष्म जाँच करने पर अन्य लोगों की संलिप्तता भी सामने आएगी। उन्होंने आगे कहा कि सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र तुमगांव में लंबे समय से वेतन आहरण के नाम पर लगातार शासकीय राशि की फर्जी तरीके से वेतन में 0 बढ़ाकर लाखों में राशि का आहरण किया गया है। बीएमओ एवं लेखापाल तथा जिला कोषालय के अधिकारी.कर्मचारी एकराय होकर फर्जी तरीके से राशि विभिन्न कर्मचारियों के नाम से निकाली गयी है। सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र तुमगांव वर्ष 2019 से डीडीओ कोड क्र. 11 से स्वतंत्र तौर पर आहरण एवं वितरण का कार्य हो रहा है। तत्कालीन एवं वर्तमान बीएमओ तत्कालीन एवं निलंबित लेखापाल किशोर चौहान, आरती बंजारे द्वारा लोकनाथ चंद्राकर एमपीडब्ल्यु उप स्वास्थ्य केन्द्र पचरी को 16,31,952 लाख रूपयेए, सुरेश जांगड़े भृत्य को 33,98,044 लाख रूण् एवं भागसिंह दीवान स्वीपर को 17,19,00 लाख रूपये मूल वेतन के अतिरिक्त कुल राशि 67,48,946 लाख रूण् का भूगतान वेतन देयक में 0 ;शुन्य बढ़ाकर किया गया है। आर्थिक गबन में अभी तक केवल लेखापाल किशोर चौहान एवं जिनके खाते में अतिरिक्त वेतन दिया गया है, उन्हें निलंबित किया गया है। शेष अधिकारीयों एवं कर्मचारियों पर कोई कार्रवाई नहीं की गयी है। पूर्व संसदीय सचिव ने कहा कि वेतन देयक बिल जब जिला कोषालय में सम्मिलित किया जाता है, तत्पश्चात् सेक्सन के लिपिक एवं एटीओ द्वारा निरिक्षण पश्चात् जिला कोषालय अधिकारी के समक्ष प्रस्तुत होकर पास किया जाता है। तत्पश्चात् कर्मचारियों के खाते में रकम भेजी जाती है। जिला कोषालय के अधिकारी कर्मचारी भी इस फर्जीवाड़े में पुर्णतः संलग्न है। उन्होंने बताया कि वर्ष 2018.19 में सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र मैनपुर जिला गरियाबंद में इसी तरह का फर्जी बिल सम्मिलित कर जिला कोषालय से राशि आहरण की गयी थी। विधायक रहते मेरे द्वारा ही विधानसभा में प्रश्न के माध्यम से जानकारी चाही गयी थी। तत्पश्चात् अपर कलेक्टर गरियाबंद द्वारा सम्पूर्ण जांच पश्चात् मामले में लिप्त स्वास्थ्य विभाग के लिप्त कर्मचारी.अधिकारी एवं जिला कोषालय गरियाबंद के शाखा प्रभारी तथा 02 जिला कोषालय अधिकारियों क विरुद्ध प्रथम सूचना पत्र थानों में दर्ज होकर सभी की गिरफ्तारी की गयी थी। प्रकरण न्यायालय में विचाराधीन है। यह प्रकरण भी गरियाबंद प्रकरण के प्रकार का है। लेकिन सक्षम अधिकारी द्वारा जांच न किया जाकर केवल कुछ कर्मचारियों को निलंबित कर प्रकरण को इतिश्री मान लिया गया है। जो आर्थिक अपराध के प्रति घोर लापरवाही एव उदासीनता का परिचायक है। जबकि जिला कोषालय एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र के अधिकारी कर्मचारी के विरूद्ध किसी तरह की कार्रवाई नहीं की गयी। केवल कुछ तृतीय श्रेणी के कर्मचारियों पर निलंबन की कार्रवाई की गयी। प्रकरण में संलिप्त कर्मचारियों एवं अधिकारियों के विरूद्ध सक्षम जिला प्रशासनिक अधिकारी से जांच कराया जाना शासन हित में न्यायोचित होगा।

### 17 मई से 1 माह के लिए विराम लग जायेगा मांगलिक कार्यक्रम पर

**भाटापारा।** आगामी 17 मई से मलमास प्रारंभ होने के कारण लगभग 1महीने तक शहनाई की आवाज लोगो को सुनाई नही देगी क्योकि अधिक मास 17 मई से प्रारंभ होकर 15 जून तक होने के कारण उक्त अवधि में सभी प्रकार के मांगलिक कार्य जिसमें शादी विवाह , गृह प्रवेश , नये मकान ,दुकान का निर्माण व शुभारंभ , जनेऊ संस्कार , मुंडन संस्कार नये वाहन व सोने चांदी की खरीदी सहित नये प्लाट में नीव रखने का कार्य सहित तमाम अन्य प्रकार के कार्य रूक जायेंगे। पुरूषोत्तम मास में एक ओर जहां मांगलिक कार्य संपन्न नही होंगे वहीं आम लोग अपने धार्मिक पूजा पाठ मंत्रजाप , भागवत कथा पाठा , धर्म स्थलों की यात्रा एवं दान पुन्य के कार्य कर सकेंगे । पुरूषोत्तम मास में भगवान कृष्ण की भक्ति के अलावा पिपल पूजा , तुलसी पूजा, गौ पूजा के साथ साथ दीपक दान करने का विशेष महत्व है। इसी तरह मलमास की अवधि में दान पुन्य करने का भी विशेष लाभ प्राप्त होता है जिसमें बाल्टी ,लोटा , चद्दर रजाई सहित अन्य वस्तुओं के दान से पुन्य की प्राप्ति का योग विद्वान पंडितो ने बताया है ।

# सेवानिवृत्ति पर मुरलीधर को डाइट परिवार ने दी विदाई



समवेत शिखर संवाददाता

**धमतरी।** जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान डाइट में सहायक प्राध्यापक के रुप में कार्यरत मुरलीधर वर्मा को उनके अधिवार्षिकी पूर्ण होने पर डाइट परिवार द्वारा उन्हें सम्मान विदाई दी गई।

इस अवसर पर डाइट प्राचार्य अरुण प्रधान ने कहा कि श्री एमण्डीण् वर्मा एक कुशल गणित शिक्षक के साथ साथ एक अच्छे व्यक्तित्व के धनी व्यक्ति हैं । उन्होंने संपूर्ण जीवन शिक्षा जगत को समर्पित किया है । उप प्राचार्य श्रीमती उमादेवी शर्मा ने कहा कि श्री वर्मा कन्या उमावि स्वामी आत्मानंद हिन्दी माध्यम स्कूल जैसे उत्कृष्ट विद्यालय में कार्य करते हुये शिक्षा जगत को गौरवान्वित किया है । डाइट में महज 5 महीने का संक्षिप्त कार्यकाल में उल्लेखनीय रहा है । इस अवसर पर सहायक प्राध्यापक राजेश चंद्राकर के सिंग, सुलमा द्विवेदी व्याख्याता संतोष साहू, टेकराम सेन, सुमन दीवान, किरण कन्नौजे, दुर्गा सिन्हा, तिलोत्मा प्रधान, लक्ष्मी सिन्हा, ईश्वर चंद्राकर, झरना साहू, कार्यालयीन स्टाफ से सुनील मरकाम, सुनील साहू, सुषेण दीवान, आकांक्षा साहू, प्रदीप साहू, योगेन्द्र पांडेय, मीना साहू, गरिमा सिंह राजपूत, तरुण चंद्राकर, हिरामन, अजय, उदित ने उनके स्वर्णिम ककार्यकाल का उल्लेख करते हुये उन्हें सम्मानित किया ।

कार्यक्रम का संचालन करते हुये साहित्यिक प्रभारी व्याख्याता टेकराम सेन ने अपनी पंक्तियों के माध्यम से मुरलीधर वर्मा को सम्मान दिया । उन्होंने कहा कि 5 माह का पल यहां का सबके मन को भाया है । कार्यकाल पूर्ण कर विदाई का पल आया है ,आपके अच्छे वर्क का बिल्कुल यहां उल्लेख है । प्रसन्नता का आलम देखो ड्रेस कोड एक है । श्री सेन के इन पंक्तियों ने खूब तालिया बटोरी । सम्मान समारोह के अवसर पर एसडी वर्मा की धर्म पत्नी श्रीमती सरिता वर्मा, पुत्र अंकित वर्मा भतीजी मिल्टी वर्मा उपस्थित रही ।

# नेशनल लोक अदालत में 66 हजार से अधिक लंबित मामलो का निराकरण, 6 करोड़ 22लाख 82 हजार के अवार्ड पारित

### खण्डपीठो का गठन कर आपसी सुलह एवं समझौते के आधार पर किया गया प्रकरणों का निराकरण

समवेत शिखर संवाददाता



**महासमुंद।** न्यायालयों में लंबित प्रकरणों का निराकरण एवं पक्षकारों के त्वरित सुलह एवं समझौते के आधार पर उनके प्रकरणों के निराकरण के उद्देश्य से 9 मई 2026 दिन शनिवार को नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया गया। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, महासमुंद की प्रभारी सचिव एवं मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट सुश्री चेतना ठाकुर द्वारा जानकारी दी गई कि जिला विधिक सेवा प्राधिकरण महासमुंद की अध्यक्ष एवं प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश श्रीमती अनिता डहरिया के कुशल मार्गदर्शन एवं नेतृत्व के अधीन 9 मई 2026 को जिला न्यायालय महासमुंद, कुटुम्ब न्यायालय एवं तहसील पिथौरा, सरायपाली, बसना और बागबाहरा स्थित सिविल, श्रम न्यायालय एवं राजस्व न्यायालयों सहित 27 खण्डपीठो का गठन कर नेशनल लोक अदालत में विभिन्न प्रकार के प्रकरणों का निराकरण किया गया। जिला न्यायालय परिसर मुंगेली में माननीय न्यायमूर्ति रमेश सिन्हा मुख्य न्यायाधीश उच्च न्यायालय छत्तीसगढ़ बिलासपुर द्वारा वर्चुवल मध्यम से लोक अदालत का विधिवत् शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर वीडियों कान्फ्रेसिंग कक्ष में प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश श्रीमती अनिता डहरिया, कुटुम्ब न्यायालय के न्यायाधीश प्रफुल्ल कुमार सोनवानी, प्रथम अपर सत्र न्यायाधीश सुश्री संघपुष्पा भतपहरी सहित अन्य पीठासीन अधिकारीगण उपस्थित थे। नेशनल लोक अदालत में उक्त सभी खण्डपीठों में श्रमिक विवाद, बैंक रिकवरी प्रकरण, विद्युत एवं देयकां के अवशेष बकाया की वसूली और राजीनामा योग्य अन्य मामले के बकाया की वसूली संबंधी प्री-लिटिगेशन मामले, राजस्व न्यायालयों से संबंधित प्रकरण सुनवाई हेतु रखे गये थे। उक्त मामलों के अलावा राजीनामा योग्य दांडिक प्रकरण, परक्राम्य लिखत अधि0 की धारा-138 के अधीन परिवाद पर संस्थित मामले, मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण संबंधी मामले तथा विद्युत अधिनियम 2003 की धारा-135 (क) के तहत विद्युत बकाया अथवा विद्युत चोरी के मामले तथा सिविल मामले भी नियत किये गये थे। उक्त खण्डपीठों में उपरोक्त सभी मामलों की सुनवाई करते हुए जिला महासमुंद स्थित विभिन्न न्यायालयों में प्रकरणों का निराकरण किया गया।

इसी प्रकार प्री-लिटिगेशन संबंधित मामलों में बैंक रिकवरी के 2 हजार 854 प्रकरणों में 12 लाख 54 हजार एक सौ रूपए का अवार्ड पारित किया गया। इसी प्रकार विद्युत के आठ हजार 769 प्रकरणों में 33 लाख 82 हजार 329 रूपए, श्रम प्रकरण के नौ मामलों में 29 हजार 500 रूपए, एमएसीटी के 25 प्रकरण में. 3 करोड़ 22 लाख 90 हजार रूपए, एनआई एक्ट-138 के 12 प्रकरणों में 37 लाख 445 रूपए का अवार्ड पारित किया गया। जिले के सभी तहसील एवं अनुभाग क्षेत्रों के राजस्व न्यायालयों के माध्यम से 50 हजार 513 प्रकरणों का निराकरण किया गया है। इस प्रकार नेशनल लोक अदालत में सुलह एवं समझौता के आधार पर विभिन्न खंडपीठों के माध्यम से कुल 66 हजार 623 प्रकरणों का निराकरण किया गया और उनमें 6 करोड़ 22 लाख 82 हजार 394 रूपए की राशि के आवार्ड पारित किए गए। विदित हो कि 9 मई 2026 को पूरे देश भर में माननीय उच्चतम न्यायालय से लेकर तहसील स्तर तक के न्यायालयों में एक साथ हाईब्रिड नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया गया जिसके सफल आयोजन हेतु विगत कई माह से अनवरत तैयारी की जा रही थी और पक्षकारों को नियत सुनवाई दिनांक के पूर्व राजीनामा हेतु नोटिस प्रेषित कर प्री-सीटिंग कर राजीनामा करने हेतु प्रोत्साहित किया गया था। इसके अलावा आज आयोजित नेशनल लोक अदालत के अवसर पर विशेष स्वास्थ्य शिविर भी आयोजित किया गया। जिसमें बड़ी संख्या में न्यायालयीन अधिकारी-कर्मचारीगण, अधिवक्तागण तथा अपने प्रकरण में उपस्थित पक्षकारगणों एवं विभिन्न विभागों से आए अधिकारी-कर्मचारियों का निःशुल्क स्वास्थ्य जांच किया गया। नेशनल लोक अदालत के सफल आयोजन में महासमुंद अधिवक्तागण एवं न्यायालय के कर्मचारियों का अभूतपूर्व सहयोग प्राप्त हुआ।

# सुशासन तिहार के संबंध में कलेक्टर ने ली बैठक

## कलेक्टर ने सभी विभागों के प्रमुखों सुशासन तिहार के दौरान प्राप्त आवेदनों को समय-सीमा में निराकृत करने के निर्देश दिए

समवेत शिखर संवाददाता



**गरियाबंद**।कलेक्टर बी.एस. उइके ने आज जिला कार्यालय के सभाकक्ष में सुशासन तिहार की आगामी तैयारियों एवं विभागीय प्रगति की विस्तृत समीक्षा के लिए समीक्षा बैठक ली।इस दौरान वनमंडलाधिकारी श्री शशिगानंदन के,जिला पंचायत के सीईओ प्रखर चंद्राकर,अपर कलेक्टर पंकज डाहिरे,श्रीमती ऋष्रा ठाकुर सहित जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित थे।

कलेक्टर श्री उइके ने कहा कि सुशासन तिहार में आकस्मिक किसी भी शिविर में माननीय मुख्यमंत्री, मंत्रीगण, राज्य स्तर के उच्च अधिकारी पहुंच सकते है।इसलिए सभी विभाग प्रमुख अपनी प्रगति रिपोर्ट, लंबित प्रकरणों एवं कार्ययोजना को पूर्ण रूप से तैयार रखें।राजस्व विभाग को विशेष रूप से अविवादित,विवादित,नामांकन,बंटवारा, त्रुटि-सुधार एवं प्राकृतिक आपदा से मृत्यु के लंबित प्रकरणों के प्रकरणों पर त्वरित निराकरण, डिजिटल हस्ताक्षर करने के निर्देश दिए।


उन्होंने जिले में पेट्रोल-डीजल, रसोई गैस की उपलब्धता के बारे में जानकारी लेते हुए कहा कि जिले में इसकी कमी नहीं होनी चाहिए।उन्होंने इसके साथ ही धान उठाव की वर्तमान स्थिति, एग्रीस्टैक पोर्टल में डाटा अपडेशन, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के लंबित सत्यापन, प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना की प्रगति तथा सड़क अवसंरचना सुधार पर जोर दिया गया।आवास योजनाओं की समीक्षा में प्रधानमंत्री आवास ग्रामीण एवं शहरी के लंबित प्रकरणों को शीघ्र पूर्ण करने तथा पंचायतवार अद्यतन सूची तैयार रखने के निर्देश दिए गए।

बैठक में स्वास्थ्य विभाग को आयुष्मान भारत, टीबी मुक्त अभियान,संस्थागत प्रसव,टीकाकरण, सिकल सेल जांच तथा चिकित्सा सेवाओं को प्राथमिकता देने को कहा गया।प्रधानमंत्री जनजाति आदिवासी न्याय महाभियान,महतारी वंदन योजना तथा वन विभाग को तेंदूपत्ता संग्रहण व्यवस्था सुचारू रखने को कहा गया। पीएम सूर्यघर मुफ़्त बिजली योजना के अंतर्गत पात्र परिवारों के घरों का सत्यापन एवं स्वीकृति कार्य में गति लाने पर जोर दिया गया। महिला एवं बाल विकास विभाग को आंगनबाड़ी कार्यकर्ता की भर्ती एवं पात्र हितग्राहियों को शत् प्रतिशत लाभान्वित करने के निर्देश दिए।

उन्होंने जिले में पेयजल व्यवस्था की समीक्षा करते हुए गर्मी के मौसम में विशेष निगरानी रखने, संवेदनशील क्षेत्रों में तत्काल मरम्मत एवं आपूर्ति व्यवस्था मजबूत करने के निर्देश दिए गए। ई-ऑफिस प्रणाली के बेहतर उपयोग पर भी जोर दिया गया। शिक्षा विभाग को पीएम श्री स्कूलों की प्रगति,आधारभूत सुविधाओं की पूर्ति करने को कहा। कलेक्टर ने सभी विभागों से कहा कि सुशासन तिहार के दौरान जनहित से जुड़े कार्यों को प्राथमिकता से निराकरण करें। ताकि नागरिकों को अधिकतम लाभ मिल सके।

## न्यूज ब्रीफ

### भाटापारा में पहली बार ब्राह्मण प्रीमियर लीग क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन



**भाटापारा**। भाटापारा में आयोजित होने वाला ब्राह्मण प्रीमियर लीग (BPL) क्रिकेट टूर्नामेंट 2026 एक बहुप्रतीक्षित आयोजन है,युवा ब्राह्मण समाज द्वारा पहली बार बड़े स्तर का खेल का आयोजन कराया जा रहा है। टूर्नामेंट को लेकर युवाओं में जोश और उत्साह देखा जा रहा है। 11 मई से शुरू हो रहा टूर्नामेंट 15 मई तक चलेगा,जिसमें आठ टीमें भाग लेंगी। फ्लड लाइट (दूधिया रोशनी) में मैच खेले जाएंगे। एक दिन में चार मैच होंगे। मैच का समय शाम 07:00 बजे से रात 12:00 बजे तक होगा। युवा ब्राह्मण समाज के अध्यक्ष अभिषेक उपाध्याय ने बताया कि यह टूर्नामेंट स्थानीय ब्राह्मण समाज के युवाओं के बीच खेल भावना और एकता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से कराया जा रहा है। मैचों का सीधा प्रसारण (107 द्यद्ब1द्ग) यूट्यूब जैसे डिजिटल प्लेटफॉर्म्स पर देखा जा सकता है। आप टूर्नामेंट के हालिया अपडेट्स और लाइव कवरेज के लिए क्व्क्क ङ्घश्वह्वझ्वङ्कद्ग ष्टद्धड्डठ्ठद्गद्य देख सकते हैं। मैच के स्कोर और खिलाड़ियों के आंकड़ों को ष्टह्लद्धष्ह्लश्वद्गह्य जैसे प्लेटफॉर्म्स पर भी ट्रैक किया जाएगा। नारायनी नवल धाम भाटापारा मैदान में होने जा रहे इस आयोजन में महिलाओं के बैठने की भी विशेष व्यवस्था की गई है।

### नगर पालिका के अंतर्गत तीन दुकानों का नीलामी की गई

**भाटापारा**। नगर पालिका क्षेत्र के अंतर्गत लोकोत्सव मैदान में बनी दुकानों की नगर पालिका के सभागार में नीलमी की गई, जिसमें तीन दुकानों की नीलामी एक करोड़ चार लाख सत्तर हजार रूपये में हुई। इस दौरान नगरपालिका के सीएमओ शिवकुमार यादव, सब इंजीनियर यादव राजस्व विभाग से अजय नायडू, कन्हैया सिंग ठाकुर व अन्य विभागीय कर्मचारी मौजूद थे, जिन्होंने दुकानों की नीलामी प्रक्रिया को संपन्न कराया। लोकोत्सव मैदान की दुकानों की नीलामी में दुकान क्रमांक एक 37 लाख नन्दू साहू, दुकान क्रमांक दो संध्या साहू 37 लाख, दुकान क्रमांक तीन आरक्षित अ.जा. के लिए आकाश कुमार धृतलहरे 30 लाख 70 हजार रुपए में दी गई।

# अध्यक्ष व उपाध्यक्ष के कार्यों पर पार्षदों ने उठाया सवाल, कहा जनप्रतिनिधि हम भी हैं

## नपं फिंगेश्वर की कार्यप्रणाली संदेहास्पद पार्षदों ने उठाया सवाल

समवेत शिखर संवाददाता



**फिंगेश्वर**। फिंगेश्वर नगर पंचायत के पार्षदों ने नगर विकास के कार्यों में अनियमितता का आरोप लगाते हुए परिषद की बैठक का बहिष्कार किया पार्षदों ने कहा कि नगर का पूरा विकास कार्य ठप्प पड़ा हुआ है,किसी भी प्रकार से कार्यों में प्रगति नजर नहीं आ रही है।

नगर के विकास के कार्यों के नाम पर केवल खाना पूर्ति की जा रही है। पार्षदों का कहना है कि शासन से मिले अनुदान राशि का बंदरबांट किया जा रहा है। नगर प्रशासन की अकर्मण्यता के चलते जनाक्रोश का सामना पार्षद लोगो को करना पड़ रहा है,जीवनदायनी शरार से लेकर अधोसंरचना मद की राशि का सदुपयोग की विश्वसनीयता संदेहास्पद है। ठेकेदारों की और नगर पंचायत अध्यक्ष व उपाध्यक्ष की मनमानी चरम पर है, अमृत मिशन योजना असफल होते नजर आ रही है, वार्ड वासियों को भीषण जलसंकट से जूझ रहा है, पार्षद लोगो के सवाल जवाब का कोई समाधान नहीं किया जा रहा है, नगर पंचायत की कार्यप्रणाली संदेहास्पद है। पार्षदों ने नगर हित में ध्यान देने की अपील की है। वार्ड पार्षद रमलू टांडेकर ,हरीश हरित,टीकचंद ,हैप्पी सोनी,नरेंद्र रात्रे,रामाधीन साहू,चांदनी कश्यप,शांति कोसरे,पद्मा यदु,टीकचंद ध्रुव ने अध्यक्ष व उपाध्यक्ष की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाए हैं क्योंकि जनता के सवालों का संतुष्टिपूर्ण जवाब हम वार्ड पार्षदों को भी देना पड़ता है

# उपसरपंच–सचिव तबादले के लिए दर–दर भटकने को विवश

## अफसरशाही के समक्ष जनप्रतिनिधि बेबस

समवेत शिखर संवाददाता

**छुरा**।12 पंचों संग तीन बार सीईओ जनपद, कलेक्टर जनदर्शन, जिला पंचायत सीईओ से लेकर विधायक तक गुहार, फिर भी नतीजा सिफर; छुरा विकासखंड में सीईओ की कार्यप्रणाली से पंचायतों में व्याप्त खींचतान, सचिवों पर कार्रवाई के बजाय संरक्षण का आरोपङ्घ

छुरा, भारतीय जनता पार्टी का मूलमंत्र रहा है - ÷कार्यकर्ता ही संगठन की आत्मा है, ।÷ इसी कार्यकर्ता की शक्ति के बूते आज भाजपा केंद्र से लेकर राज्य तक सत्तासीन है। किंतु जमीनी धरातल पर तस्वीर इसके ठीक विपरीत नजर आती है। छुरा विकासखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत टेंगनाबासा के उपसरपंच श्री रेखचंद साहू का मामला इसका ज्वलंत उदाहरण बनकर उभरा है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, उपसरपंच रेखचंद साहू विगत एक वर्ष से अधिक समय से अपने ग्राम पंचायत के सचिव को हटाने की मांग को लेकर शासन-प्रशासन के हर दरवाजे पर दस्तक दे चुके हैं, परंतु न्याय मिलना तो दूर, उनकी सुनवाई तक नहीं हो रही है। श्री साहू ने अपने 12 निर्वाचित पंचों के संयुक्त हस्ताक्षरयुक्त आवेदन के साथ तीन-तीन बार जनपद पंचायत छुरा के मुख्य कार्यपालन अधिकारी के समक्ष गुहार लगाई।

**हर स्तर पर गुहार, नतीजा ढाक के तीन पात:**–उपसरपंच रेखचंद साहू यहीं नहीं रुके। उन्होंने कलेक्टर जनदर्शन में स्वयं कलेक्टर महोदय के समक्ष, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी के कार्यालय में, अपने क्षेत्र के जनपद सदस्य, जनपद पंचायत उपाध्यक्ष, जनपद अध्यक्ष, जिला पंचायत अध्यक्ष तथा राजिम विधानसभा क्षेत्र के विधायक तक को लिखित आवेदन सौंपकर सचिव के स्थानांतरण की मांग दोहराई।



विडंबना यह है कि सत्तारूढ़ दल के एक समर्पित कार्यकर्ता एवं निर्वाचित जनप्रतिनिधि होने के बावजूद, एक वर्ष की दीर्घ अवधि व्यतीत हो जाने के उपरांत भी उनकी एक सूत्रीय मांग पर आज पर्यंत कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई है। इससे न केवल उपसरपंच की व्यक्तिगत प्रतिष्ठा आहत हुई है, अपितु पूरी ग्राम पंचायत में विकास कार्य प्रभावित हो रहे हैं।

**अफसरशाही हावी, जनप्रतिनिधियों की अनसुनी:**– ग्रामीणों एवं पंचों का आरोप है कि छुरा विकासखंड में वर्तमान जनपद पंचायत सीईओ की कार्यप्रणाली अत्यंत निरंकुश एवं जनप्रतिनिधि विरोधी है। ÷सीईओ महोदय किसी भी निर्वाचित जनप्रतिनिधि की बात सुनने को तैयार नहीं हैं। सचिवों के विरुद्ध प्रमाण सहित शिकायत देने के बावजूद उन्हें अभयदान दिया जा रहा है,÷ नाम न छापने की शर्त पर एक पंच ने बताया।

परिणामस्वरूप, विकासखंड की अनेक पंचायतों में सरपंच-सचिव, उपसरपंच-सचिव एवं पंचों के मध्य निरंतर खींचतान एवं टकराव की स्थिति निर्मित हो गई है। सचिवों की मनमानी एवं सीईओ द्वारा उन्हें प्राप्त कथित संरक्षण के चलते ग्राम सभाओं में हंगामे की नौबत आ रही है और शासकीय योजनाओं का क्रियान्वयन बाधित हो रहा है।

**संगठन में रोष, आलाकमान से हस्तक्षेप की मांग:**

इस प्रकरण से क्षेत्र के भाजपा कार्यकर्ताओं में गहरा रोष व्याप्त है। कार्यकर्ताओं का कहना है कि जब पार्टी के एक सक्रिय उपसरपंच की ही सुनवाई नहीं हो रही, तो सामान्य कार्यकर्ता की स्थिति का सहज ही अनुमान लगाया जा सकता है। ÷पार्टी कार्यकर्ता दिन-रात खून-पसीना एक कर सरकार बनवाते हैं, लेकिन अफसरशाही के कारण उनकी साख दांव पर लग जाती है,÷ एक वरिष्ठ कार्यकर्ता ने क्षोभ व्यक्त करते हुए कहा।

उपसरपंच रेखचंद साहू ने पुनः शासन के वरिष्ठतम स्तर से मांग की है कि इस प्रकरण की निष्पक्ष जांच कराकर दोषी सचिव को तत्काल प्रभाव से हटाया जाए तथा जनपद पंचायत सीईओ की कार्यप्रणाली की समीक्षा की जाए, ताकि जमीनी स्तर पर पार्टी की छवि धूमिल न हो और ÷सुशासन÷ का संकल्प केवल नारों तक सीमित न रह जाए।

यह विषय एक गंभीर प्रश्न खड़ा करता है कि क्या सत्ता और संगठन के बीच समन्वय का अभाव है? क्या नौकरशाही जनादेश पर भारी पड़ रही है? यदि देवतुल्य कार्यकर्ता की ही यह दुर्दशा है, तो आम जनता की फरियाद का क्या हश्र होता होगा, यह यक्ष प्रश्न अनुत्तरित है।

# प्रस्ताव पर मंजूरी की प्रतिक्षा कर रहा हैं भाटापारा का पशु चिकित्सालय, 10 गावों में बनेगे 10 गौधाम

समवेत शिखर संवाददाता



**भाटापारा**। ब्लाक के 10 गांवों में बनेंगे 10 गौधाम छत्तीसगढ़ राज्य गौ सेवा आयोग के निर्देश पर संपूर्ण जानकारी भेजी जाने के बाद अब प्रस्ताव पर मंजूरी की प्रतीक्षा कर रहा है भाटापारा शासकीय पशु चिकित्सालय। खंड क्षेत्र की सीमा से होकर गुजरने वाला नेशनल और स्टेट हाईवे बहुत जल्द घुमंतू मवेशियों से मुक्त होगा। क्योंकि इनके लिए अब ऐसे स्थाई इंतजाम किए जा रहे 5 हैं जहां छाया, चारा-पानी और देखरेख की पुख्ता व्यवस्था होगी।

यह 10 गांव प्रस्ताव के अनुसार ग्राम तरेंगा, खम्हरिया, देवरी, कड़ार, गुड़ेलिया,गोढ़ी एस, सिंगारपुर, कोदवा, पथरिया व खंड मुख्यालय में गौधाम बनाए जाने का प्रस्ताव भेजा गया है। स्टेट हाईवे से इन ग्रामों की दूरी शून्य से 24 किलोमीटर है। प्रतिकूल स्थितियों यहां तक पहुंचना आसान है। मिलेंगी यह सुविधाएं मवेशियों के घूमने फिरने के लिए एक से छह भूमि बिजली, पानी की स्थाई व्यववस्था और और छाया के लिए शेड और बाड़ा बनाया गया है। प्रत्येक गौधाम की क्षमता 200 मवेशियों की होगी। साथ ही समय-समय पर पशुओं का नियमित स्वास्थ्य परीक्षण तथा टीकाकरण के लिए चिकित्सकिय सुविधाएं भी गौधामों के लिए अनिवार्य रूप से पहुंचाई जाएंगी। ऐसे मवेशी पहले तेज गति से वाहन चालान और घुमंतू मवेशियों की आवाजाही से स्टेट एवं नेशनल हाईवे में सड़क दुर्घटनाओं की संख्या बढ़ रही है। सड़क पर नहीं पहुंच पाएं यह मवेशी, इसलिए इन्हें जप्त करके गौधामों में पहुंचाया जाएगा।

इसके साथ मवेशी पालकों को भी अपने मवेशियों के लिए आवश्यक सभी इंतजाम गंभीरता से करने के लिए जागरूक किया जा रहा है ताकि सड़क पर नहीं पहुंचे पालतू मवेशी मंजूरी की प्रतीक्षा खंड क्षेत्र के 10 गांव में 10 गौधामों की तैयारी लगभग पूरी हो चुकी है। प्रस्ताव भेजा गया है। मंजूरी की प्रतीक्षा कर रहें हैं।

**डॉ. एस एन अग्रवाल, अति. उपसंचालक, पशु चिकित्सालय, भाटापारा**

# सड़ी गली लाश मिली, पुलिस जांच में जुटी

समवेत शिखर संवाददाता



**गरियाबंद**।जिले में उस वक्त सनसनी फैल गई जब जिला मुख्यालय से लगभग 5 किलोमीटर दूर कोड़ो हरदी मोड़ के पास जंगल में एक अज्ञात बुजुर्ग का शव बरामद हुआ।

मृतक की उम्र करीब 65 से 70 वर्ष के बीच बताई जा रही है।शव की हालत इतनी खराब हो चुकी थी कि उसकी पहचान कर पाना फिलहाल बेहद मुश्किल बताया जा रहा है।सुबह करीब दस बजे वन विभाग के कर्मचारियों ने पुलिस विभाग को शव मिलने की जानकारी दी।प्रारंभिक जानकारी के मुताबिक शव करीब 15 से 20 दिन पुराना माना जा रहा है।घटना की सूचना मिलते ही पुलिस और अधिकारी मौके पर पहुंचे और पूरे इलाके की जांच शुरू कर दी।जंगल के भीतर मिले इस शव ने कई सवाल खड़े कर दिए हैं।आखिर मृतक कौन है? उसकी मौत कैसे हुई? क्या यह हत्या है,हादसा या फिर कोई और रहस्य।इसके पश्चात पुलिस विभाग द्वारा सोशल मीडिया के साथ अन्य माध्यम से मृतक का पता लगाया गया जिससे मृतक धनेश ध्रुव निवासी ग्राम सेंहरढाप का होना पाया गया।उसके पश्चात मृतक के परिजन मौके पर पहुंचे और उक्त मृतक के बारे में बताए कि वह पन्द्रह दिन पहले घर से निकला था वही उसकी मानसिक स्थिति ठीक न होने की बात बताए। मृतक के पास 46 हजार रुपए भी प्राप्त हुआ।मौके से एक टी-शर्ट और लुंगी भी बरामद की गई है,जिन्हें पुलिस महत्वपूर्ण सुराग मानकर जांच में जुटी हुई है। पुलिस शव को कब्जे में लेकर पंचनामा कार्रवाई के बाद पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल लेकर आए,इलाके में इस घटना के बाद चर्चाओं का माहौल बना हुआ है।

# प्रमुख ट्रेनों के ठहराव की मांग को लेकर प्रतिनिधिमंडल ने जीएम से की मुलाकात

समवेत शिखर संवाददाता

**भाटापारा**। भाटापारा रेलवे स्टेशन की यात्री सुविधाओं, जनसुविधाओं, अधोसंरचना विकास एवं प्रमुख ट्रेनों के ठहराव की मांग को लेकर एक प्रतिनिधिमंडल ने दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे बिलासपुर जोन के महाप्रबंधक महोदय से मुलाकात कर विस्तृत ज्ञापन सौंपा।



प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व अमरजीत सिंह सलूजा, सदस्य रेलवे सलाहकार समिति द्वारा किया गया। इस दौरान उन्होंने भाटापारा स्टेशन की क्षेत्रीय उपयोगिता एवं जनआवश्यकताओं को प्रमुखता से रखते हुए कहा कि भाटापारा स्टेशन केवल नगर का ही नहीं, बल्कि मुंगेली, बेमेतरा, कवर्धा, बलौदाबाजार सहित आसपास के अनेक जिलों एवं ग्रामीण क्षेत्रों के लाखों यात्रियों का प्रमुख आवागमन केंद्र है।

अमरजीत सिंह सलूजा ने विशेष रूप से बिलासपुर जोन की प्रमुख ट्रेनों को भाटापारा स्टेशन में ठहराव दिए जाने की मांग रखते हुए कहा कि वंदे भारत एक्सप्रेस, हमसफर एक्सप्रेस, बिलासपुरङ्कचेन्नई, बिलासपुरङ्कहापा, हावड़ाङ्कनांदेड़ सहित कई महत्वपूर्ण ट्रेनों का स्टॉपेज भाटापारा में होना अत्यंत आवश्यक है।

उन्होंने यह भी मांग रखी कि अकाल पुरख की फौज के माध्यम से बिलासपुर से भाटापारा, रायपुर एवं नागपुर होते हुए सचखंड श्री हजूर साहिब नांदेड़ तक एक सीधी ट्रेन प्रस्तावित की जाए। इस ट्रेन से छत्तीसगढ़ के बिलासपुर, रायगढ़, कोरबा, चांपा, अंबिकापुर, भाटापारा, मुंगेली, धमतरी, बेमेतरा एवं कवर्धा सहित अनेक जिलों के श्रद्धालुओं एवं यात्रियों को सीधा रेल संपर्क प्राप्त होगा।

जीएम साहब आज भाटापारा स्टेशन के निरीक्षण पर पहुंचे थे। इस दौरान अमरजीत सिंह सलूजा ने उन्हें स्टेशन के सामने की सड़क की जर्जर स्थिति का मौके पर जायजा कराया तथा आम नागरिकों एवं यात्रियों को हो रही परेशानियों से अवगत कराया। उन्होंने विशेष रूप से स्टेशन परिसर के सामने अव्यवस्थित ऑटो संचालन एवं पार्किंग की समस्या को प्रमुखता से उठाते हुए ऑटो चालकों हेतु तत्काल व्यवस्थित पार्किंग व्यवस्था सुनिश्चित करने का निवेदन किया, ताकि यात्रियों को सुगम एवं सुरक्षित आवागमन की सुविधा मिल सके।

प्रतिनिधिमंडल ने अमृत भारत योजना के अंतर्गत चल रहे निर्माण कार्य की धीमी गति पर भी चिंता व्यक्त की तथा कार्य को युद्धस्तर पर शीघ्र पूर्ण कराने की मांग रखी। साथ ही कोकणी से अंबुजा फाटक तक लंबे समय तक बंद रहने वाले रेलवे फाटक, सड़क के बड़े गड्ढों, नव निर्मित अंडरब्रिज की गुणवत्ता जांच, मातादिवाला क्षेत्र की ओर लिफ्ट एवं एस्केलेटर सुविधा तथा स्टेशन परिसर में एक अच्छे रेस्टोरेंट/होटल की आवश्यकता जैसे मुद्दों को भी प्रमुखता से उठाया गया।

महाप्रबंधक ने प्रतिनिधिमंडल की मांगों को गंभीरता से सुना एवं सकारात्मक कार्यवाही का आश्वासन दिया।

इस अवसर पर मुकेश साहनी, लक्ष्मी नारायण सोनी, अनिल किंगरानी, बबलू चावला, बलवंत सिंह सलूजा, सुशील शेट्टी, जोंट्टी गुम्बर, राजा गुम्बर,राजा चावला, सौरभ आनंद सहित बड़ी संख्या में सदस्य उपस्थित रहे।

# रेलवे महाप्रबंधक से मिले विधायक, भाटापारा स्टेशन में रेल यात्री सुविधा बढ़ाने सौंपा ज्ञापन

समवेत शिखर संवाददाता



**भाटापारा**। रेलवे महाप्रबंधक तरुण प्रकाश अपने मातहत अधिकारियों के साथ भाटापारा स्टेशन का निरीक्षण किया,इस दौरान विधायक इंद्र साव ने अपने कार्यकर्ताओं के साथ उनसे मुलाकात करते हुए जनहित रेल यात्री हित में एक मांग पत्र सौंपा।

विधायक इंद्र साव ने भाटापारा रेल्वे स्टेशन में रेलवे जी एम को सौंपे ज्ञापन में बताया कि भाटापारा रेलवे स्टेशन बलौदाबाजार भाटापारा संयुक्त जिले का प्रतिनिधित्व करने वाला सबसे बड़ा रेलवे स्टेशन ही नहीं बल्कि रेल विहीन जिलों मुंगेली,बेमेतरा,सारंगढ़ बिलाईगढ़ क्षेत्रों का भी नजदीकी रेलवे स्टेशन है।यह स्टेशन 5 विधानसभा क्षेत्रों बलौदा बाजार बिलाईगढ़,कसडोल,नवागढ़,भाटापारा विधानसभा क्षेत्रों का प्रतिनिधित्व वाला स्टेशन है।इस बलौदा बाजार भाटापारा संयुक्त जिले में लगभग आधा दर्जन से ज्यादा राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय स्तर के विशाल सीमेंट कारखाने है,जिनके अधिकारीयो तथा कर्मचारियों का सर्वसुलभ पहुंच मार्ग वाला यह स्टेशन है। उसके बावजूद भी भाटापारा में रेल यात्री सुविधाओ में काफी कमी है।विधायक श्री साव ने ज्ञापन में ईस्ट केबिन हटरी बाजार रुट गेट में बने ऋद्ब की सड़क को डामरीकृत करते हुए,वहां की लाइटिंग व्यवस्था को सुसज्जित करने,भाटापारा रेलवे स्टेशन में चल रहे अमृत भारत स्टेशन निर्माण कार्य को रेल यात्रियों के हित में शीघ्र पूरा करने,बिलासपुर से खुलने वाली 12441/12442 बिलासपुर नई दिल्ली राजधानी एक्सप्रेस,20825/20826 बिलासपुर नागपुर वंदे भारत एक्सप्रेस 12851/12852 बिलासपुर चेन्नई एक्सप्रेस और 22939/22940 बिलासपुर ओखा एक्सप्रेस का भाटापारा (ड्ढ4ह्ल) स्टॉपेज देने, रायपुर बिलासपुर के मध्य कम से कम 2 अतिरिक्त लोकल ट्रेनों की संख्या बढ़ाने, 08261/08262 बिलासपुर यहलांका एक्सप्रेस को ऋद्गठ्ठह्वद्वड्ढद्गह्म् 18261/18262 के साथ शीघ्र प्रारंभ करने सिकंदराबाद रायपुर एक्सप्रेस को भाटापारा होते हुए बिलासपुर तक बढ़ाने, प्लेटफार्म नम्बर 3 और 4 में मिस्ड कूलिंग सिस्टम लगाने, प्लेटफार्म में यात्रियों के बैठने के लिए स्टील की सुविधाजनक चेयर लगाने तथा पीने के ठंडे पानी की पर्याप्त व्यवस्था करने, नए प्लेटफार्म नम्बर 5 में रायपुर दिशा से आने वाली डाउन ट्रेनों को लेने, रायपुर बिलासपुर सेक्शन होकर चलने वाली तमाम ग्रीष्म कालीन,शीत कालीन,पूजा,होली,दिवाली जैसी स्पेशल ट्रेनों (Tod) का स्थाई रूप से भाटापारा ठहराव सुनिश्चित करने स्टेंडिंग आदेश जारी करने,बिलासपुर से बालोद,गुण्डरदेही, दल्ली राजहरा के लिए सीधी डेमू,मेमू ट्रेन चलाने,ऑटो रिक्शा चालकों के लिए स्थाई रूप से स्टैंड बनाने,रेल्वे कॉलोनी की ओर रेल टिकट घर खोलने,लिफ्ट और एक्सीलेटर की सुविधा प्रदान करने की मांग शामिल है।

विधायक इंद्र साव के ज्ञापन पर सकारात्मक भरोसा रेल्वे महाप्रबंधक ने दिया है।इस अवसर पर रेल्वे के आला अधिकारियों सहित कांग्रेस के मुख्य रूप से दिवाकर मिश्रा, आलोक मिश्रा, राजकुमार शर्मा, नानू सोनी, नितिन शुक्ला, मुकेश साहू, विक्की ठाकुर, हलधर शर्मा, मोहन निषाद, ओमप्रकाश यदु, हेमंत वर्मा, गोविंद साहू, शशांक बंजारे, विजय महिलांगे इत्यादि कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# बच्चों को शारीरिक व्यायाम कराटे का प्रशिक्षण दिया गया

समवेत शिखर संवाददाता

**भाटापारा**। प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय द्वारा दिव्य मुस्कान समर कैंप का सातवें दिन की शुरूआत बच्चों को शारीरिक व्यायाम कराटे का प्रशिक्षण दिया गया।



तत्पश्चात आत्मा के सुख स्वरूप गुण के विषय पर विस्तार से प्रकाश डाला ।बी.के.कृतिका बहन ने पॉजिटिव थिंकिंग पर विचार रखते हुए बताया कि आपका मन वही स्वीकार कर लेता है जैसा आप थाट क्रिएट करते हैं । एक कहानी के माध्यम से समझाया कि जिस तरह से 6 वर्ष के बच्चे ने 10 वर्ष के बच्चे को बचाया । लोगों को इस बात पर विश्वास नहीं हुआ पर ये उसने यह संभव किया क्योंकि उसको हतोत्साहित करने वाला कोई नही था । खुद पे पॉजिटिव रहा कि मुझे इसे बचाना है , कोशिश की, कामयाब रहा । साथ ही सभी बच्चों को सुबह उठते ही भगवान को याद करना,ऐम को याद करना और हेल्थ को हिलींग थाट देना को नियमित करने पर जोर दिया । रात में सोने से पहले डायरी लिखो ,क्या अच्छा किया , क्या अच्छा हुआ । जीवन में कैसी भी परिस्थिति आए पॉजिटिव ही सोचना है । मेडिटेशन करना है । थामस एडीसन की कहानी सुनाई जो काफी ज्ञानवर्धक था । शहर के दंतरोग विशेषज्ञ शशांक गुप्ता ने दांतो की समस्या और समाधान पर विचार रखा । एवं नेत्ररोग विशेषज्ञ डॉ.श्रीकांत शुक्ला ने आखों की होने वाली बिमारी और उनके बचाव पर अपना व्याख्यान दिया । साथ ही मोबाइल व टी.वी.से दुरी बनाने पर भी जोर दिया । बच्चों ने खुब ध्यान देकर सबके विचारों को सुना।पॉजिटिव एनर्जी के साथ सत्र पुरें किए ।

## न्यूज ब्रीफ

### कक्षा 8 वीं में हर्षिता-फामेश्वरी ने मारी बाजी



**कुरूद।** मधुबन पब्लिक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय परसवानी का बोर्ड केंद्रीयकृत परीक्षा परिणाम उत्कृष्ट रहा द्य कक्षा आठवीं में प्रथम हर्षिता तेली 97.3 प्रतिशत, द्वितीय कनिका साहू 96.4 प्रतिशत , तृतीय देवेंद्र कुमार 94.4 प्रतिशत से उत्तीर्ण किया द्य कक्षा पाँचवी में प्रथम फामेश्वरी 96 प्रतिशत द्वितीय तिलक कुमार 95 प्रतिशत तृतीय पूरब कुमार 93 प्रतिशत से उत्तीर्ण किया। कक्षा आठवीं एवं पाँचवी का रिजल्ट 100 प्रतिशत रहा है। संचालक के. एन. यादव एवं मधुबन एजुकेशनल सोसाइटी परसवानी के समस्त पदाधिकारियों ने सभी सफल विद्यार्थियों के उज्जवल भविष्य की कामना की है। प्राचार्य बी. के. साहू बी. एल. निषाद, जी. आर. साहू, डी एस दीवान, आर सी साहू, आर के कँवर , वाय के साहू, एस यादव, डी के यादव, झरना साहू, गायत्री साहू , चित्ररेखा यादव, डिगेश्वरी ध्रुव, रुपसिंह कँवर सभी शिक्षक स्टॉफ ने समस्त उत्तीर्ण छात्र-छात्राओं को धन्यवाद व बधाई प्रेषित किया है।

### ननि की बस धू-धू कर जली



**रायपुर।** रायपुर में शनिवार शाम नगर निगम की एक सिटी बस में अचानक आग लग गई। घटना जब्बार नाला के पास हुई, जहां चलते-चलते बस से धुआं निकलने लगा और देखते ही देखते आग फैल गई। हादसे के वक्त बस बलौदाबाजार से रायपुर की ओर आ रही थी। घटना के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई, हालांकि समय रहते यात्रियों को नीचे उतार लिया गया, जिससे कोई जनहानि नहीं हुई।

### 22 जिलों में बारिश, सिवनी में ओले गिरे

**भोपाल।** मध्य प्रदेश में 24 घंटे के दौरान आंधी-बारिश का दौर जारी रहा। मौसम विभाग के अनुसार, श्योपुर, शिवपुरी, अशोक नगर, गुना, टीकमगढ़, छतरपुर, दमोह, पन्ना, सागर, रायसेन, भोपाल, हरदा, बैतूल, छिंदवाड़ा, सिवनी, मंडला, बालाघाट, डिंडौरी, अनूपपुर, उमरिया, कटनी और जबलपुर जिलों में आंधी के साथ हलकी बारिश हुई। सिवनी जिले में ओले गिरे। अशोक नगर में आंधी की रफ्तार सबसे ज्यादा 67 किलोमीटर प्रतिघंटा तक रही। जबलपुर में 44 किमी, सागर में 43 किमी, बैतूल में 33 किमी, अमरकंटक में 31 किमी, गुना में 30 किमी और भोपाल में 28 किमी प्रतिघंटा की रफ्तार से हवा चली। एमपी के बीचोबीच दो ट्रफ लाइन गुजर रही है। ऊपरी हिस्से में साइक्लोनिक सर्कुलेशन (चक्रवात) एक्टिव है। इस वजह से प्रदेश में आंधी-बारिश का दौर चल रहा है। इससे पहले शुक्रवार को भी सिवनी, छिंदवाड़ा, रायसेन, सागर, दमोह, बालाघाट, भोपाल, देवास, खरगोन, राजगढ़, विदिशा, टीकमगढ़, अशोकनगर, शिवपुरी, बैतूल, नरसिंहपुर, मंडला, पांढुर्णा, डिंडौरी, अनूपपुर में कहीं तेज आंधी तो कहीं हलकी बारिश हुई।

# अब कोई भी गांव पहुंचविहीन नहीं रहेगा : राजस्व मंत्री वर्मा

## 5.39 करोड़ रुपए के विकास कार्यों की सौगात पड़कीडीह में बंजारी नाला पर बनेगा 5.20 करोड़ रुपए का विशाल पुल



समवेत शिखर संवाददाता

**बलौदाबाजार-भटापारा।** राजस्व मंत्री श्री टंक राम वर्मा ने शनिवार को जिला बलौदाबाजार-भटापारा जिला के तहसील सुहेला के अंतर्गत ग्राम पंचायत पड़कीडीह में विकास की नई इबारत लिखी। मंत्री श्री वर्मा ने कुल 5 करोड़ 39 लाख रुपए के विभिन्न निर्माण कार्यों का लोकार्पण एवं भूमिपूजन किया। इसमें क्षेत्र की वर्षों पुरानी माँग को पूरा करते हुए बंजारी नाला पर बनने वाले वृहद पुल का आधारशिला रखना प्रमुख रहा। उन्होंने कहा कि गाँव-गांव में सड़कों और पुलों का जाल बिछ रहा है।

मंत्री श्री वर्मा ने बंजारी नाला पुल का भूमिपूजन कर कहा कि पड़कीडीह से टेकरी मार्ग पर 5.20 करोड़ रुपए की लागत से बनने वाला यह पुल क्षेत्र की कनेक्टिविटी के लिए गेम-चेंजर साबित होगा। इसी तरह ग्रामीणों के सामाजिक आयोजनों के लिए 10 लाख रुपए की लागत से निर्मित सामुदायिक और सार्वजनिक वितरण प्रणाली को सुचारू बनाने हेतु 9.85 लाख रुपए की लागत से तैयार नए पीडीएस भवन का लोकार्पण किया।

इस अवसर पर मंत्री श्री वर्मा ने कहा कि गाँवों में सड़कों और पुलों का जाल बिछ रहा है। मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में राज्य सरकार अंत्योदय के संकल्प के साथ काम कर रही है। हमारी सरकार शहर से लेकर गाँव तक बुनियादी ढाँचे को मजबूत कर रही है। हालिया बजट सत्र में हमने पुल-पुलियों और सड़कों के लिए रिकॉर्ड राशि का प्रावधान किया है ताकि कोई भी गाँव विकास की मुख्यधारा से कटा न रहे। उन्होंने कहा कि जनकल्याणकारी योजनाओं के बारे बताते हुए कहा कि महतारी वंदन योजना के माध्यम से महिलाओं को आर्थिक रूप से स्वावलंबी बनाया जा रहा है। समूहों की गतिविधियों और आपसी चर्चा के लिए महतारी सदन विशेष भवनों का निर्माण किया जा रहा है।

मंत्री श्री वर्मा ने कहा कि कृषि एवं वनोपज के उचित मूल्य सरकार द्वारा दिया जा रहा है। तेंदूपत्ता संग्रहण दर 5500 रुपए प्रति मानक बोरा किया गया है। इसी तरह दीनदयाल उपाध्याय भूमिहीन कृषि मजदूर कल्याण योजना के जरिए अंतिम व्यक्ति तक लाभ पहुँचाना सरकार की प्राथमिकता है। इस अवसर पर जनपद अध्यक्ष श्री दौलत पाल, स्थानीय जनप्रतिनिधि सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं भारी संख्या में ग्रामीण जन उपस्थित थे।

# रायपुर-दुर्ग में तेज बारिश, अंधेरा छाया



समवेत शिखर न्यूज

**रायपुर।** शनिवार शाम रायपुर और दुर्ग में तेज बारिश हुई, इस दौरान अंधेरा भी छाया रहा।

यूपी से ओडिशा तक बनी ट्रफ लाइन के असर से छत्तीसगढ़ में मौसम बदला हुआ है। शनिवार शाम रायपुर, दुर्ग और अंबिकापुर में तेज हवाओं के साथ बारिश हुई है। राजधानी के कई इलाकों में इस दौरान अंधेरा भी छाया रहा। भिलाई में आंधी तुफान के बाद छींटे पड़े।

मौसम विभाग ने गरज-चमक और बिजली गिरने की चेतावनी भी जारी की है। प्रदेश में अगले 2 दिनों तक कुछ जगहों पर 50 से 60 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से हवा चल सकती है। हालांकि 11 मई के बाद आंधी-तूफान की गतिविधियों में धीरे-धीरे कमी आने के संकेत हैं।

पिछले 24 घंटे में प्रदेश के कुछ इलाकों में हल्की बारिश दर्ज की गई। शुक्रवार को प्रदेश का सबसे अधिक अधिकतम तापमान 41 डिग्री सेल्सियस राजनांदगांव में रिकॉर्ड किया गया, जबकि सबसे कम न्यूनतम तापमान 20.9 डिग्री सेल्सियस अंबिकापुर में दर्ज हुआ।

पिछले 24 घंटों में प्रदेश के अधिकतम तापमान में कोई बड़ा बदलाव दर्ज नहीं किया गया। आने वाले दो दिनों तक तापमान में विशेष परिवर्तन नहीं होगा, लेकिन उसके बाद अधिकतम तापमान में 2 से 3 डिग्री सेल्सियस तक बढ़ोतरी हो सकती है।

मौसम विभाग ने पहले ही संभावना जताई थी कि, रायपुर में आज बादल छाए रहने और गरज-चमक के साथ बारिश हो सकती है। शहर का अधिकतम तापमान 40 डिग्री और न्यूनतम तापमान 27 डिग्री सेल्सियस के आसपास रहने का अनुमान है।

# कार के कुचलने से 3 दोस्तों की मौत

## टक्कर से उछलकर दूर गिरे, एक का कटा पैर 50 मीटर दूर मिला

समवेत शिखर संवाददाता



**बालोद।** तेज रफ्तार कार (CG 04 QB 5621) और बाइक की आमने-सामने टक्कर में 3 दोस्तों की मौत हो गई है। हादसे में एक का पैर कटकर अलग हो गया, दूसरे का हाथ कटा और तीसरे का पैर टूट गया है। बाइक सवार तीनों युवक के शव बुरी तरह क्षत-विक्षत हो गए। कार और बाइक के भी परखच्चे उड़ गए। मृतकों की पहचान सिर्राभाठा निवासी तरुण यादव (20), राहुल सेवता (20) और नरेंद्र भुआर्या (21) निवासी मुड़खुसरा के रूप में हुई है। पुलिस ने शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। घटना डौंडीलोहारा थाना क्षेत्र के खैरीडीह गांव की है। शुक्रवार रात करीब 10 बजे सिर्राभाठा निवासी तरुण यादव अपने दोस्त राहुल और नरेंद्र भुआर्य के साथ बाइक से डौंडीलोहारा जा रहे थे। इसी दौरान राजनांदगांव की ओर जा रही तेज रफ्तार कार ने उन्हें सामने से जोरदार टक्कर मार दी। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि बाइक सवार तीनों युवक सड़क पर दूर जा गिरे। हादसे में तरुण का हाथ शरीर से अलग हो गया, वहीं पीछे बैठे राहुल का पैर कटकर 50 मीटर दूर पैरावट में जा छिटका। नरेंद्र के शरीर पर भी गहरे जख्म थे। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को अस्पताल पहुंचाया, जहां राहुल ने तड़पते हुए दम तोड़ दिया, जबकि दो की मौके पर ही मौत हो गई थी। राहुल का कटा हुआ पैर आज (शनिवार) सुबह 8 बजे ग्रामीणों को मिला। पुलिस ने शवों को पोस्टमॉर्टम के लिए भेजकर जांच शुरू कर दी है। डौंडीलोहारा टीआई सुनील तिर्की ने बताया कि, तेज रफ्तार और लापरवाही से यह हादसा हुआ है। युवक डौंडीलोहारा आ रहे थे। कार सवार दल्लीराजहरा से वापस राजनांदगांव लौट रहे थे।

# आईपीएल में विराट और टीम का माड़िया नृत्य से स्वागत किया रिखी ने

समवेत शिखर संवाददाता

**भिलाई।** प्रख्यात लोकवाद्य संग्राहक और लोककलाकार रिखी क्षत्रिय और उनके समूह ने शुक्रवार 08 मई को राजधानी रायपुर में आईपीएल क्रिकेट खेलने पहुंचे खिलाड़ियों का परंपरागत छत्तीसगढ़िया रंग के साथ स्वागत किया।

उल्लेखनीय है कि आईपीएल के मुकाबले 10 और 13 मई को राजधानी रायपुर में होने जा रहे हैं। जिसमें 10 मई को रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) और मुंबई इंडियंस के बीच मुकाबला होगा। वहीं 13 मई को आरसीबी और कोलकाता नाइट राइडर्स के बीच मुकाबला होगा। देश के प्रमुख क्रिकटरों और देश-विदेश के क्रिकेट प्रेमियों की मौजूदगी को देखते हुए छत्तीसगढ़ शासन संस्कृति विभाग की ओर से अतिथियों के स्वागत की जिम्मेदारी लोक कलाकार रिखी क्षत्रिय एवं उनके समूह को दी गई थी।

शुक्रवार 08 मई को दोपहर बाद जैसे ही विराट कोहली और आरसीबी टीम के खिलाड़ी पहुंचे, रिखी क्षत्रिय और उनके समूह ने 'छत्तीसगढ़िया सबले बढ़िया' के नारों के बीच सभी का स्वागत बस्तर के परंपरागत गौर माड़िया नृत्य से किया। इस दौरान रिखी क्षत्रिय के समूह में जया ठाकुर, नेहा देवांगन, सीमा विश्वकर्मा, हेमा, चंचल, लीना ध्रुव, प्रमोद ठाकुर, सुनील, रंजीत ठाकुर, वेन, संजीव कुमार, भीमेश, प्रदीप और हुलसी शामिल थे।



**प्रदर्शनी में क्रिकेटरों को दिखा रहे छत्तीसगढ़ी संस्कृति-** लोकवाद्य संग्राहक और लोककलाकार रिखी क्षत्रिय को आईपीएल के दौरान पहुंचने वाले क्रिकेटरो को छत्तीसगढ़ी संस्कृति के विविध आयाम दिखाने का जिम्मा भी दिया गया है। रिखी क्षत्रिय ने यहां मैच के दौरान परम्परागत दुर्लभ वाद्य यंत्र , आदिवासी गहने, आदिवासी पेंटिंग , टेराकोटा, बेलमेटल, लकड़ी और मिट्टी की कलाकृतियों की प्रदर्शनी भी लगाई है। जिसमें रिखी क्षत्रिय द्वारा विगत 5 दशक में खोजे गए दुर्लभ परंपरागत वाद्य यंत्र मुख्य आकर्षण होंगे। यह प्रदर्शनी राजधानी के एक प्रमुख आलीशान होटल में लगाई जा रही है, जिससे वहां ठहरे हुए सभी खिलाड़ी छत्तीसगढ़ी संस्कृति को समझ सकें।

# महापौर ने नया बस स्टैण्ड स्थित सार्वजनिक शौचालयों का किया निरीक्षण

## सफाई व्यवस्था सुधारने दिए निर्देश

समवेत शिखर संवाददाता



**जगदलपुर।** शहर के नया बस स्टैण्ड स्थित सार्वजनिक सुलभ शौचालयों का महापौर संजय पाण्डे ने औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान शौचालय परिसर एवं उसके आसपास फैली गंदगी को देखकर महापौर ने नाराजगी जताई और सुलभ शौचालय के संचालक को कड़ी समझाईश दी। उन्होंने स्पष्ट निर्देश देते हुए कहा कि सार्वजनिक उपयोग के इन स्थानों पर नियमित साफ-सफाई, स्वच्छ वातावरण एवं बेहतर व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जाएं, ताकि आम नागरिकों को किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े।

निरीक्षण के दौरान महापौर संजय पाण्डे ने शौचालय परिसर का जायजा लेते हुए वहां मौजूद लोगों एवं आम नागरिकों को जागरूक भी किया। उन्होंने कहा कि सुलभ शौचालयों में मूत्रालय का उपयोग पूरी तरह निःशुल्क है तथा किसी भी व्यक्ति से इसके लिए राशि नहीं ली जानी चाहिए। उन्होंने लोगों से अपील की कि वे सार्वजनिक स्थानों पर यूरिन करने के बजाय शौचालयों एवं मूत्रालयों का उपयोग करें, जिससे स्वच्छता व्यवस्था बेहतर बनी रहे।

महापौर ने संबंधित अधिकारियों एवं सफाई कर्मचारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि नया बस स्टैण्ड जैसे अत्यधिक भीड़-भाड़ वाले क्षेत्रों में नियमित मॉनिटरिंग की जाए। साफ-सफाई में किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने यह भी कहा कि सभी सुलभ शौचालयों में लगाए जाने वाले फ्लैक्स एवं सूचना बोर्ड पर ÷मूत्रालय उपयोग निःशुल्क है÷ का उल्लेख बड़े एवं स्पष्ट अक्षरों में किया जाए ताकि आमजन को सही जानकारी मिल सके और अनावश्यक शुल्क वसूली जैसी शिकायतें सामने न आएं।

इसके साथ ही नया बस स्टैण्ड परिसर में स्वच्छता व्यवस्था को और बेहतर बनाने के उद्देश्य से सफाई टीम को नियमित सफाई, कचरा उठाव एवं शौचालयों की निगरानी संबंधी आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए गए। महापौर ने कहा कि नगर निगम द्वारा शहर को स्वच्छ एवं व्यवस्थित बनाने के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं तथा इसमें आम नागरिकों की सहभागिता भी अत्यंत आवश्यक है।

इस अवसर पर नगर निगम अध्यक्ष खेमसिंह देवांगन, स्वच्छता सभापति लक्ष्मण झा, एमआईसी सदस्य निर्मल प्रसाद पाणिग्राही, संजय विश्वकर्मा, आयुक्त प्रवीण कुमार वर्मा, गोपाल भारद्वाज, अमर सिंह, हेमंत श्रीवास, योगेश पाण्डे, सुलभ संचालक मुकेश सिंह, राजकुमार पाठक सहित अन्य जनप्रतिनिधि, अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

# पेयजल व्यवस्था सुधारने प्रशासन की पहल, ग्रामीणों ने जल बचाने की ली शपथ

## ग्रामीणों ने गर्मी में धान की फसल नहीं लेने का लिया संकल्प

समवेत शिखर संवाददाता



**धमतरी।** कलेक्टर श्री अबिनाश मिश्रा आज प्रातः धमतरी विकासखंड के ग्राम कसावाही पहुंचे और गांव में पेयजल व्यवस्था तथा ग्रामीणों की समस्याओं का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने गांव के बरगद एवं नीम के पेड़ की छांव में बैठकर ग्रामीणों, किसानों एवं महिलाओं से आत्मीय संवाद किया तथा उनकी समस्याएं सुनीं।

कलेक्टर श्री मिश्रा ने कहा कि ग्राम में पिछले कुछ दिनों से पेयजल संकट की जानकारी प्राप्त हुई थी, जिसके निराकरण हेतु प्रशासन द्वारा तत्काल बोर खनन कराया जा रहा है, ताकि ग्रामीणों को तात्कालिक राहत मिल सके। उन्होंने स्पष्ट किया कि यह केवल अस्थायी समाधान है तथा ग्राम में दीर्घकालिक एवं स्थायी पेयजल व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए पाइपलाइन विस्तार एवं अन्य आवश्यक कार्यों की कार्ययोजना तैयार की जाएगी। उन्होंने ग्रामीणों को भरोसा दिलाया कि आने वाले समय में पेयजल समस्या का स्थायी निराकरण किया जाएगा।

ग्रामीणों से चर्चा करते हुए कलेक्टर श्री मिश्रा ने जल संरक्षण और भू-जल स्तर बनाए रखने की आवश्यकता पर विशेष बल दिया। उन्होंने किसानों से अपील की कि आगामी वर्ष से ग्रीष्म ऋतु में धान की फसल लेने से बचें, क्योंकि अत्यधिक जल दोहन के कारण भू-जल स्तर लगातार नीचे जा रहा है, जिससे गांवों में पेयजल संकट उत्पन्न हो रहा है। उन्होंने कहा कि जल बचाना आने वाली पीढ़ियों के भविष्य को सुरक्षित करना है। कलेक्टर की अपील पर उपस्थित ग्रामीणों एवं किसानों ने अगले वर्ष से गर्मी में धान की खेती नहीं करने तथा जल संरक्षण के प्रति जागरूक रहने की सामूहिक शपथ ली। इस पर कलेक्टर ने ग्रामीणों का आभार व्यक्त करते हुए इसे गांव के उज्ज्वल भविष्य की दिशा में महत्वपूर्ण पहल बताया।

इस अवसर पर कलेक्टर श्री मिश्रा ने स्व-सहायता समूह की महिलाओं से चर्चा कर मुर्गीपालन, बकरीपालन एवं अन्य आजीविका गतिविधियों की जानकारी ली। उन्होंने इच्छुक महिलाओं को व्यक्तिगत स्तर पर भी मुर्गीपालन एवं बकरीपालन अपनाने के लिए प्रेरित किया। साथ ही किसानों को गर्मी में धान के स्थान पर सब्जी-भाजी, रागी एवं औषधीय फसलों जैसी कम पानी वाली वैकल्पिक खेती अपनाने की सलाह दी। कलेक्टर ने गांव के साफ-सुधरा होने पर ग्रामीणों की तारीफ़की । उन्होंने स्वच्छता सम्मान राशि भेट की ।

कलेक्टर ने ग्राम पंचायत भवन एवं स्कूल भवन में निर्माणाधीन शेड कार्यों का अवलोकन कर संबंधित अधिकारियों को गुणवत्ता एवं समय-सीमा का विशेष ध्यान रखने के निर्देश दिए।इस अवसर पर मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत श्री गजेन्द्र ठाकुर, एसडीएम श्री पीयूष तिवारी सहित विभिन्न विभागों के जिला एवं विकासखंड स्तरीय अधिकारी उपस्थित थे।

# छुरा क्षेत्र में सैकड़ों ईट भट्ठो का निर्माण

## ईट ठेकोदारो ने राजस्व जंगल को निशाना बनाया बड़े नेताओं के सह पर माफिया सक्रिय

समवेत शिखर संवाददाता



**छुरा।** छुरा क्षेत्र के वनांचल ग्रामीण अंचल जो जैव विविधता और हरियाली के लिए माना जाता है अवैध ईठ भटठो की भेंट चढ़ता जा रहा हैक्षेत्र के भीतर बसे ग्रामीण इलाकों में धड़ल्ले से ईठ भट्टे संचालित हो रहे हैं जिसमे खुलेआम हरे भरे पेड़ों की कटाई और जंगल की लकड़ी का दोहन किया जा रहा है सूत्रों के अनुसार दर्जनों अवैध भटठो का संचालन हो रहा है।

जिनमें महुआ साल साजा जैसे कीमती वृक्षों को काटकर जलाया जा रहा है यह सब प्रशासन की जानकारी में होते हुए भी अनदेखा किया जा रहा है सरकारी निर्माण हो या निजी भवन इन्हीं अवैध ईटों का इस्तेमाल से धड़ल्ले से किया जा रहा है आम गरीब परिवारों को मांगे दामों पर इन्हें बेची जाती है वही रसूखदार लोग कानून को ताक पर रखकर इन अवैध गतिविधियों को बढ़ावा दे रहे हैं जब कभी कार्रवाई होती है उसका निशान भी वहीं करीब और कमजोर लोग बनते हैं जो अपनी आजीविका के लिए छोटा-मोटा निर्माण करते हैं बड़े स्तर पर संचालित भट्टों पर कार्यवाही नाम मात्र की होती है या फिर बिल्कुल नहीं होती है पूरा क्षेत्र में इस तरह का अतिक्रमण न केवल पर्यावरण के लिए खतरा है बल्कि वन्य जीव के अस्तित्व के लिए भी गंभीर चुनौती है जंगलों की कटाई से न केवल स्थिति असंतुलन उत्पन्न हो रही है बल्कि यह वन्य जीव के प्राकृतिक आवास को भी नष्ट कर रहा है

खनिज विभाग के अधिकारियों द्वारा कार्रवाई के अभाव में ईठ ठेकेदारों द्वारा नियमों को खुलेआम नियमों की खुलेआम धज्जियां उड़ाई जा रही है जिससे पर्यावरण प्रदूषित होने के साथ राजस्व विभाग को हानि हो रही है उल्लेखनीय है कि भट्ठा संचालन करने वाले लोग बड़ी संख्या में ईठ निर्माण कर शासकीय व निजी जमीन के खनन करने में लगे हुए हैं प्रति हजार एक ?7000 में विक्रय किया जा रहा है उसके बावजूद राजस्व एवं खनिज विभाग के द्वारा कोई कार्रवाई नहीं कर रहे हैं अंचल के ग्राम खरखरा ग्राम पंचायत पंडरी पानी विजयपुर ग्राम नगोई ग्राम बोरियाझर ग्राम तुम गांव के आसपास बगैर अनुमति के धड़ल्ले अवैध भट्ठी संचालित हो रहे हैं जिसकी शिकायत कई बार उच्च अधिकारियों से की गई परंतु कार्यवाही शून्य है। खनिज -वन माफियाओं को सत्ता दल का राजनीतिक संरक्षण प्राप्त है जिसका फायदा माफियाओं को मिल रहा है, सत्ताधारी पार्टी के बड़े नेताओं को कमीशन भी मिलता है।

# दर्शनार्थियों ने बनारस में चंदा इकट्ठा कर दिए बुजुर्ग को पैसा

समवेत शिखर संवाददाता



**गरियाबंद।** छत्तीसगढ़ सरकार की महत्वाकांक्षी योजना श्री राम लला दर्शन योजना अंतर्गत प्रशासन के कर्मचारीयो की देखरेख में सफल वा सुखद यात्रा कराया जा रहा है।जिसके तहत 6 मई को रायपुर संभाग से लगभग 850 दर्शनार्थियों का जत्था काशी विश्वनाथ और श्री राम लला का दर्शन के लिए निकले हैं। जिसमें गरियाबंद जिले लगभग 94 श्रद्धालु शामिल होकर बनारस काशी विश्वनाथ बहुचकर दर्शन किए पर 8 मई की सुबह अयोध्या वापसी के लिय बनारस स्टेशन पहुंचने से पहले छुरा विकास खंड के ग्राम पंचायत खड़मा निवासी बुजुर्ग दुलेश्वरी बाई साहू का ढाई हजार कही खो गया।

पैसे का अचानक खो जाने से बुजुर्ग बहुत दुखी हो गई और बिना हाथ में पैसे के घर के लिय क्या सामान खरीदूंगी सोचकर मायूस हो गई और दुखी मन से बैठी दुलेश्वरी ने अपना दुखड़ा ट्रेन में बैठे बाकी साथियों को बताई जिसके बाद गरियाबंद जिले के बैठे दर्शनार्थियों ने बुजुर्ग महिला की आर्थिक मदद करने का मन बनाया और सभी लोगों ने लगभग 15 सौ रुपए चंदा कर दुखी बुजुर्ग महिला को दी जिस पर बुजुर्ग महिला की चेहरे पर खुशी लौटी और बुजुर्ग महिला ने धन्यवाद देते हुएं अब इन पैसों से नाती पोता वा परिवार के लिय कुछ सामान खरीद पाऊंगी।इस सहयोग में जिला नोडल अधिकारी के,के कृषाणु,उप सरपंच नागेश तिवारी तुलाराम साहू हरिश्चंद्र साहू, हेमंत ध्रुव, नंदकुमार विश्वकर्मा, ओमप्रकाश साहू, हेमंत तिवारी, झम्मन लाल सेन, पूर्णिमा कंवर, चमेली यादव,हेमीन यादव, आदि दर्शनार्थियों ने आर्थिक सहयोग कर मानवता की मिसाल वा सहयोगात्मक भावना का परिचय दिया।

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक देवीचंद श्रीश्रीमाल द्वारा समवेत शिखर प्रेस, रजबंधा मैदान, रायपुर से मुद्रित कर प्रकाशित। संपादक : देवीचंद श्रीश्रीमाल, प्रबंध संपादक : विवेक श्रीश्रीमाल, समाचार संपादक: शंकर चंद्राकर*
(* पीआरबी एक्ट के तहत संपूर्ण संपादकीय दायित्व के लिए जिम्मेदार) आर.एन.आई. रजि. क्र.- 52151/91, पो. रजि. नं.-सीजी/आरवाईपी डी.एन./ 28/2020-22 फोन : 0771-4334967, Email : news@samvetshikhar.com, www.samvetshikhar.com